✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

• पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 151 ✷ पृष्ठ : 20 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद



पटना स्थित सीएम आवास में भगवान भास्कर को अर्घ्य देते नीतीश कुमार

## अगले पांच साल में एक करोड़ रोजगार का लक्ष्यः नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि बिहार में अब युवाओं को रोजगार के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने घोषणा की है कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को सोशल मीडिया पर एक विस्तृत पोस्ट जारी कर कही। नीतीश कुमार ने लिखा कि "वर्ष 2005 से पहले अशिक्षा, बेरोजगारी और पलायन बिहार की नियति बन गई थी। युवाओं के सामने अंधकार था, उन्हें उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता था। उस समय नौकरियों के लिए वैकेंसी निकलना दुर्लभ था और जो कुछ पद निकलते भी थे, वे सत्ता के संरक्षण में बिक जाते थे।" उन्होंने कहा कि 2005 में जब एनडीए की सरकार बनी, तो सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर ध्यान दिया गया। "हमने युवाओं के लिए रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण की व्यवस्था की। आज हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक और आइटीआई संस्थान हैं। अब यहाँ के छात्रों को मजबूरी में बाहर



नहीं जाना पड़ता, बल्कि अन्य राज्यों से छात्र बिहार में पढ़ने आते हैं।" मुख्यमंत्री ने बताया कि 2005 से 2020 के बीच 8 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। इसके बाद 'सात निश्चय-2' के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का संकल्प लिया गया था। नीतीश कुमार ने कहा कि "अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 40 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। कुल मिलाकर 50 लाख लोगों को नौकरी व रोजगार मिल चुका है। हमारा अगला लक्ष्य एक करोड़ रोजगार का है।"नीतीश कुमार ने बताया कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए 'भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय' की स्थापना की गई है। इसके अलावा राज्य के सभी तकनीकी संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जा रहे हैं ताकि युवाओं को आधुनिक रोजगार कौशल मिल सके।औद्योगिक विकास का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अब उद्योगों का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा, "एनडीए की डबल इंजन सरकार की दुगुनी ताकत से बिहार में बड़े पैमाने पर उद्योग लग रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' के तहत बिहार डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना की जाएगी, जहां रक्षा उपकरणों का निर्माण होगा।"उन्होंने आगे कहा कि उड़ीसा, कर्नाटक और गुजरात की तर्ज पर बिहार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों के क्लस्टर बनाए जाएंगे। "इसके लिए केंद्र सरकार के इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन से जुड़कर बिहार में चिप निर्माण, पैकेजिंग और डिजाइन यूनिट स्थापित की जाएंगी, जिससे उच्च तकनीकी रोजगार सृजन होगा।"नीतीश कुमार ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां—महारत्न, नवरत्न और मिनी रत्न उपक्रमों के माध्यम से बिहार में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के वे उद्यमी जो अन्य राज्यों में सफल उद्योग चला रहे हैं, उन्हें राज्य में निवेश के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार न केवल युवाओं को रोजगार दे रही है बल्कि सभी कर्मियों को समय पर वेतन और पेंशन भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि "बेहतर वित्तीय प्रबंधन के कारण अब वेतन और पेंशन समय पर मिलते हैं। हमने बिहार को एक सक्षम और आत्मनिर्भर राज्य बनाया है।" पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि "आज जो लोग हवा-हवाई वादे कर रहे हैं, वे वही हैं जिन्होंने 15 साल तक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। उस वक्त न शिक्षा थी, न रोजगार, न व्यवस्था। हमारी सरकार ने जो कहा, उसे किया और आगे भी करेगी।"मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि "किसी भ्रम में न रहें। हमारी सरकार ने जो काम किए हैं, उन्हें याद रखिए। हम जो कहते हैं, वह पूरा करते हैं और आगे भी बिहार के विकास के लिए संकल्पित हैं।

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : पहले चरण में 32 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले, 40 प्रतिशत हैं करोड़पति

### एडीआर और बिहार इलेक्शन वॉच की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि पर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच ने जो रिपोर्ट जारी की है, उसने राज्य की चुनावी राजनीति का एक जटिल और चिंताजनक चित्र सामने रखा है। इस रिपोर्ट के अनुसार पहले चरण में चुनाव लड़ रहे कुल 1314 में से 1303 उम्मीदवारों के शपथ-पत्रों का विश्लेषण किया गया है। ये उम्मीदवार 121 विधानसभा क्षेत्रों से मैदान में हैं। रिपोर्ट में सामने आया है कि 1303 उम्मीदवारों में से 423 यानी 32 प्रतिशत ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। इनमें से 354 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या से संबंधित मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों की संख्या 33 है, जबकि हत्या के प्रयास से जुड़े मामले घोषित करने वाले 86 हैं। इसके अलावा 42 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से जुड़े मामलों की जानकारी दी है और दो उम्मीदवारों ने बलात्कार से संबंधित मामले घोषित किए हैं। दलवार विश्लेषण में सबसे चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। रिपोर्ट बताती है कि जनसुराज पार्टी के 114 में से 50 उम्मीदवारों (44 प्रतिशत), बहुजन समाज पार्टी के 89 में से 18 (20 प्रतिशत), राष्ट्रीय जनता दल के 70 में से 53 (76 प्रतिशत), जनता दल यूनाइटेड के 57 में से 22 (39 प्रतिशत), भारतीय जनता पार्टी के 48 में से 31 (65 प्रतिशत), आम आदमी पार्टी के 44 में से 12 (27 प्रतिशत), कांग्रेस के 23 में से 15 (65 प्रतिशत), सीपीआई (एमएल) के 14 में से 13 (93 प्रतिशत), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 में से 7 (54 प्रतिशत), सीपीआई के 5 में से सभी 5 (100 प्रतिशत) और सीपीआई (एम) के 5 में से भी सभी 5 (100 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। अगर केवल गंभीर आपराधिक मामलों की बात करें तो भी स्थिति कम चिंताजनक नहीं है। जनसुराज पार्टी के 49, आरजेडी के 42, बीजेपी के 27, कांग्रेस के 12, सीपीआई (एमएल) के 9 और जदयू के 15 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन पर हत्या, हत्या के प्रयास, या महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। वाम दलों की स्थिति और भी गंभीर है — सीपीआई और सीपीआई (एम) के सभी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर मामलों की जानकारी दी है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि पहले चरण में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों में धनबल का भी जबरदस्त प्रभाव देखने को मिला है। 1303 उम्मीदवारों में से 519 यानी 40 प्रतिशत करोड़पति हैं, जबकि सभी उम्मीदवारों की औसत घोषित संपत्ति 3.26 करोड़ रुपये है। यानी बिहार की राजनीति में आर्थिक संपन्नता भी चुनावी समीकरणों का एक बड़ा घटक बन चुकी है। शैक्षणिक योग्यता के स्तर पर भी तस्वीर मिश्रित दिखाई देती है। कुल उम्मीदवारों में से 519 (40 प्रतिशत) ने अपनी शिक्षा 5वीं से 12वीं के बीच बताई है, जबकि 651 उम्मीदवार (50 प्रतिशत) स्नातक या उससे अधिक शिक्षित हैं। बाकी उम्मीदवार या तो प्राथमिक शिक्षा तक सीमित हैं या उन्होंने कोई औपचारिक शिक्षा नहीं ली है। वहीं, महिला प्रतिनिधित्व की दृष्टि से भी तस्वीर उत्साहजनक नहीं है। पहले चरण में केवल 9 प्रतिशत महिला उम्मीदवार ही चुनावी मैदान में हैं, जो राजनीतिक दलों द्वारा महिलाओं को सीमित अवसर दिए जाने की प्रवृत्ति को उजागर करता है। बिहार इलेक्शन वॉच के निवेदक राजीव कुमार के अनुसार यह विश्लेषण मतदाताओं के लिए एक आईना है, जो बताता है कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिए स्वच्छ छवि और पारदर्शिता को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि बिहार की राजनीति में अपराध, धनबल और सीमित महिला भागीदारी जैसी पुरानी चुनौतियां अब भी कायम हैं। पहले चरण के इन आंकड़ों ने यह सवाल एक बार फिर खड़ा कर दिया है कि जब उम्मीदवारों की बड़ी संख्या खुद गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रही हो, तब लोकतंत्र में मतदाता किस आधार पर "साफ और जवाबदेह राजनीति" की उम्मीद कर सकते हैं। बिहार चुनाव 2025 का यह पहला चरण मतदाताओं के विवेक की परीक्षा के साथ-साथ राजनीतिक दलों की जवाबदेही की कसौटी भी बन गया है।

### एनडीए जारी करेगा घोषणा पत्र, 30 अक्टूबर को होगा ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करने के मामले में महागठबंधन ने बाजी मार ली है। सीटों के शेयरिंग में एनडीए ने भले ही बाजी मारी थी लेकिन अब महागठबंधन की ओर से एकजुटता दिखाते हुए घोषणा पत्र जारी किया गया है। मेनिफेस्टो को 'तेजस्वी प्रण' का नाम दिया गया है. अब जो जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक एनडीए की ओर से 30 अक्टूबर को घोषणा पत्र जारी होगा। हालांकि आधिकारिक रूप से अभी तक इसकी कोई घोषणा नहीं हुई है। एनडीए की ओर से चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा और जीतनराम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की ओर से जो जानकारी दी गई है, उसके मुताबिक घोषणा पत्र के लिए तैयारी हो रही है। जल्द ही औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

## प्रशांत किशोर को दोहरे मतदाता पंजीकरण पर चुनाव आयोग का नोटिस

### तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम**। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर पर दो राज्यों बिहार और पश्चिम बंगाल में एक साथ मतदाता के रूप में नाम दर्ज होने के आरोप में चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। आयोग ने उनसे तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कारगार विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है, "28 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित एक समाचार के अनुसार आपका नाम बिहार और पश्चिम बंगाल दोनों जगहों की मतदाता सूची में दर्ज है। अतः आपको तीन दिनों के भीतर इस पर अपना पक्ष प्रस्तुत करना होगा। नोटिस में बताया गया कि प्रशांत किशोर का नाम पश्चिम बंगाल के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर दर्ज है, जबकि बिहार के 209-कारगार विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में भी शामिल है। आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 17 का हवाला देते हुए कहा है कि किसी व्यक्ति का एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकरण गैरकानूनी है। इस प्रावधान के उल्लंघन पर एक वर्ष तक की सजा, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है (धारा 31)। चुनाव आयोग ने कहा, "आपसे अनुरोध है कि नियमों का पालन सुनिश्चित करें और तीन दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।" गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होंगे। इसी बीच मतदाता सूची को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने विशेष पुनरीक्षण अभियान शुरू किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को बताया कि आयोग 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण का आयोजन करेगा। अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। पहला चरण सितंबर में बिहार में संपन्न हुआ था। अब मतदाता सूचियों की छपाई और प्रशिक्षण 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलेगा, जबकि दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक चलेगी। यह नोटिस उस समय जारी हुआ है जब बिहार में चुनावी माहौल गरम है और मतदाता सूची की पारदर्शिता पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## महागठबंधन का घोषणा पत्र जारी : हर परिवार के एक सदस्य को नौकरी का वादा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। राजद और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने मंगलवार को अपना घोषणा पत्र 'बिहार का तेजस्वी प्रण' जारी किया। इसमें सत्ता में आने के 20 दिनों के भीतर हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का कानून पारित करने का वादा किया गया है। घोषणा पत्र के अनुसार, 'माई-बहिन मान योजना' के तहत राज्य की महिलाओं को आगामी 1 दिसंबर से अगले पाँच वर्षों तक 2500 प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। महागठबंधन ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की भी घोषणा की है। कांग्रेस ने पहले हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार बनते ही इसे बहाल किया था और हरियाणा चुनाव के अपने घोषणा पत्र में भी इसे शामिल किया था। घोषणा पत्र में कहा गया है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को रोका जाएगा और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को "कल्याणकारी और पारदर्शी" बनाया जाएगा। साथ ही बोधगया स्थित बौद्ध मंदिरों के प्रबंधन का अधिकार बौद्ध समुदाय को सौंपने की घोषणा भी की गई है। महागठबंधन ने अति पिछड़ा वर्गों के लिए पंचायत और नगर निकायों में आरक्षण 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत, तथा अनुसूचित जातियों के लिए 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का वादा किया है। अनुसूचित जनजातियों के लिए भी आनुपातिक रूप से आरक्षण बढ़ाने की बात कही गई है। घोषणा पत्र में कहा गया है कि हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। किसानों से सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी दी जाएगी, मंडी और बाजार समिति को पुनर्जीवित किया जाएगा तथा एपीएमसी एक्ट फिर से लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में महागठबंधन ने वादा किया है कि हर व्यक्ति को 25 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा 'जन स्वास्थ्य सुरक्षा योजना' के तहत दिया जाएगा।इस अवसर पर राजद नेता और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, वीआइपी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, और भाकपा (माले) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य उपस्थित थे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि महागठबंधन ने सबसे पहले अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार और घोषणा पत्र दोनों जारी कर दिए हैं। एनडीए पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि उनका वादा 'जुमला' है, जबकि यह हमारा 'प्रण' है। यह तय करता है कि बिहार के लिए कौन गंभीर है। हमारा लक्ष्य है बिहार को फिर पटरी पर लाना।

## आज बक्सर में गरजेंगे योगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बक्सर**। विधानसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अक्टूबर को बक्सर पहुंचेंगे। उनका कार्यक्रम शहर के चरित्रवन के समीप स्थित आईटीआई मैदान में तय किया गया है, जहां वे एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्राप्त सूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन दोपहर लगभग एक बजे बक्सर में होगा। इस संबंध में भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ ने बक्सर जिला कार्यालय को औपचारिक सूचना भेज दी है। उनके आगमन को लेकर जिला भाजपा और एनडीए के सभी घटक दलों में उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री योगी अपने संबोधन में जिले की चारों विधानसभा सीटों के एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनता से मतदान की अपील करेंगे। इसके साथ ही वे बक्सर सीट से भाजपा उम्मीदवार आनंद मिश्रा के पक्ष में भी लोगों से समर्थन मांगेंगे।भाजपा नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन जिले में चुनावी माहौल को और अधिक गतिशील बना देगा। वहीं, उनके स्वागत और सभा की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह सक्रिय हैं।

## तेजस्वी की रोजगार योजना जुमलेबाजी : दिलीप जायसवाल

### बिहार की जनता अब इनके छलावे में नहीं आने वाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव की रोजगार देने की बात महज जुमलेबाजी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दस दिनों तक तेजस्वी यादव और राहुल गांधी जनता को गुमराह करने वाले वादे करेंगे, लेकिन बिहार की जनता अब इनके छलावे में आने वाली नहीं है। भागलपुर स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जायसवाल ने कहा कि दोनों नेता सिर्फ भाषणों से सपने बेच रहे हैं, जबकि बिहार की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गारंटी पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद से यह स्पष्ट है कि महागठबंधन के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है। जनता जान चुकी है कि दोनों दल सिर्फ सत्ता के लिए एकजुट हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दोहराया कि एनडीए का नारा '**2025 से 2030 — फिर से नीतीश**' है और इसमें कोई भ्रम नहीं है कि मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए बिहार विधानसभा चुनाव लड़ रही है और आगामी कार्यकाल में भी वे ही मुख्यमंत्री रहेंगे। जायसवाल ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समस्तीपुर जाकर भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के परिवार से मिलकर उनका सम्मान किया, जबकि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जननायक की उपाधि को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बिहार में कानून का राज है और विकास की रफ्तार तेज हुई है। विपक्ष राज्य को फिर से अराजकता की ओर धकेलना चाहता है, लेकिन जनता ऐसा नहीं होने देगी।

इस अवसर पर एनडीए प्रत्याशी रोहित पांडे और जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार भी मौजूद थे।



# झूठ बोलना, भ्रम फैलाना महागठबंधन की कार्यप्रणाली : ऋतुराज

## बिहार के लोग अब 'लालटेन' को कभी नहीं आने देंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने आज विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए जोरदार निशाना साधा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि झूठ बोलना, भ्रम फैलाना और भय के वातावरण का निर्माण करना महागठबन्धन की कार्यप्रणाली बन गई है जिससे वोट प्राप्त किया जा सके। भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि कल रात तेजस्वी यादव ने अपने फेसबुक लाइव में पलायन की चर्चा की जिसमें उद्योग की कमी का उल्लेख किया। उन्होंने तेजस्वी यादव को याद कराते हुए कहा कि वह 1990 का कालखंड था और राजद सत्ता में थी। जब बिहार पूरी तरह से लड़खड़ाया, उद्योग धंधे और कारोबारी भाग गए। उस दौर में जंगलराज का वातावरण बना था। उद्योग लगाने वाले यहां आना तक नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा कि अगर आज तेजस्वी यादव को सच में पलायन की चिंता है तो उन्हें अपने पिताजी और माताजी से पूछना चाहिए कि उस दौर में ऐसी परिस्थिति क्यों बनी? उनके मामा लोगों ने बिहार में ऐसा आतंक फैलाया कि पढ़ाई, कमाई या किसी उद्योग से जुड़े लोगों को बिहार में रहना मुश्किल हो गया।

उन्होंने तेजस्वी यादव के सभी घरों में नौकरी देने के वादे को लेकर कहा कि जनता सब समझती है। जनता जानती है कि 2.50 करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी देनी होगी। उन्होंने माई बहिन मान योजना को लेकर भी कहा कि आज भी महिलाएं जंगलराज के उस दौर को नहीं भूली हैं जब महिलाएं घर से नहीं निकलती थीं। आज महिलाओं को डबल इंजन की सरकार ने संबल प्रदान किया है। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने तेजस्वी यादव के 'बाहरी शक्तियों' को लेकर कहा कि क्या प्रधानमंत्री बाहरी हैं? पीएम मोदी आज बिहार के विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। बिहार के लिए अगर वे कुछ करना चाहते हैं तो तेजस्वी यादव के पेट में दर्द क्यों है? देश और बिहार के लोग नरेंद्र मोदी को नेता मान चुके हैं। उन्होंने कहा कि बिहार अब विकास की ओर आगे बढ़ चुका है। अब यहां के लोग कभी लालटेन को नहीं आने देंगे। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन के रिपोर्ट कार्ड भी जारी किया। उन्होंने कहा कि जनता सही चुनाव करेगी। लालटेन बुझेगा और बिहार विकसित बनेगा। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू और प्रभात मालाकार उपस्थित रहे।


## विजय प्रकाश ने किया पत्नी डॉ मृदुला प्रकाश संग भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी और बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने छठ पर्व के अवसर पर अपनी पत्नी डॉ मृदुला प्रकाश के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। दोनों ने पूरे श्रद्धा और विधि-विधान से छठ पूजा संपन्न की। विजय प्रकाश ने कहा कि छठ व्रत बिहार की लोक संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का भव्य संगम है जो समाज में अनुशासन, स्वच्छता और पारिवारिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने इसे लोक आस्था का ऐसा पर्व बताया जो जीवन में संतुलन और समर्पण की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को छठ की शुभकामनाएं दीं और कहा कि सूर्य उपासना का यह पर्व मानव और प्रकृति के बीच संतुलन का प्रतीक है।

## राहुल गांधी की पहली चुनावी सभा सकरा, मुजफ्फरपुर और दरभंगा में आज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** देश के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आगमन 29 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा क्षेत्र और दरभंगा में महागठबंधन समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ संयुक्त रूप से जनसभा को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का विधानसभा चुनाव में यह पहला बिहार दौरा है और वहां सकरा सुरक्षित विधानसभा के प्रत्याशी उमेश राम के समर्थन में पहली जनसभा को संबोधित करेंगे जिसके बाद वे दरभंगा में राजद और महागठबंधन के उम्मीदवार की सभा को संबोधित करेंगे। बताते चलें कि इससे पहले देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 16 दिनों तक लगातार बिहार में रहकर 1300 किमी की यात्रा की। इसके बाद वे विधानसभा चुनाव में पहली जनसभा महागठबंधन के प्रत्याशियों के लिए संयुक्त रूप से आयोजित होगी।

## एनटीपीसी कहलगांव में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कहलगांव।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार एनटीपीसी लिमिटेड के कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन में सतर्कता विभाग द्वारा 27 अक्टूबर से 02 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का शुभारंभ चाणक्य सभागार में परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर श्री पटेल ने उपस्थित महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों तथा कर्मियों को भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा जीवन के सभी क्षेत्रों में निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। एनटीपीसी गीत के साथ सतर्कता शपथ भी ली गई। अपने संबोधन में श्री पटेल ने कर्मियों से कहा कि वे निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और आत्मसंतोष को जीवन का आधार बनाएं। उन्होंने कहा कि चरित्र निर्माण ही भ्रष्टाचार-मुक्त राष्ट्र निर्माण की नींव है। इस अवसर पर श्री शौविक बरुआ, अपर महाप्रबंधक (सतर्कता) ने बताया कि इस वर्ष का विषय 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी' है। उन्होंने सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाली निबंध, भाषण, चित्रकला, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी और अन्य प्रतियोगिताओं की जानकारी दी तथा सभी कर्मचारियों, दीप्तिनगर की महिलाओं और स्कूली बच्चों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस दौरान एनटीपीसी के सीएमडी और सीवीओ का संदेश भी पढ़ा गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मचारी उपस्थित रहे। समापन पर कर्मियों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## महागठबंधन का घोषणा पत्र खोखले दावों का पुलिंदा : रविशंकर प्रसाद

### राजद को बताया भ्रष्टाचार की पाठशाला, तेजस्वी पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने महागठबंधन के घोषणा पत्र पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे 'खोखले दावों का पुलिंदा' बताते हुए कहा कि इस घोषणा पत्र को बनाने वाले भी जानते हैं कि 'उनकी सरकार बनने वाली नहीं है, इसलिए मनचाहे वादे करने में कोई बुराई नहीं समझते।' पटना में भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह घोषणा पत्र संयुक्त नहीं बल्कि तेजस्वी यादव का व्यक्तिगत प्रण है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें बिहार की जनता को लोकलुभावन तस्वीर तो दिखाई गई है, लेकिन न कोई नया रंग है, न बदलाव का कोई संकल्प। रविशंकर प्रसाद ने कहा घोषणा पत्र में अपराध पर तो जीरो टॉलरेंस की बात कही गई है, लेकिन भ्रष्टाचार पर चुप्पी साध ली गई है। दरअसल, जो नया विजन देने की बात कर रहे हैं, वे खुद 420 के आरोपी हैं। राजद भ्रष्टाचार की पाठशाला है–यही उनका अतीत, वर्तमान और भविष्य है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर अपराध पर जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं तो यह भी कहना चाहिए कि अब मुख्यमंत्री आवास से अपराधियों से बात नहीं होगी और राजद के गुंडे जमीन नहीं छीनेंगे। छठ पर्व को राजनीति में लाने के लिए तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि छठ को राजनीति में मत घसीटिए। यह आस्था का पर्व है, इसे वोट की राजनीति का हिस्सा न बनाइए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कटाक्ष किया कि यह न राहुल गांधी का प्रण है, न महागठबंधन का, बल्कि तेजस्वी यादव का निजी सपना है। उन्होंने कहा कि जैसे विवाह से पहले परिवार का अतीत देखा जाता है, वैसे ही राजद के अतीत को भी जनता याद रखेगी – लालू-राज के कुशासन को बिहार भूल नहीं सकता। विकास के दावों पर उन्होंने कहा कि बिहार में जो भी काम हुए हैं वह नीतीश कुमार की सरकार के दौरान हुए जबकि राजद के भ्रष्टाचार ने ही गठबंधन तोड़ने पर मजबूर किया।

## एमआइजी पार्क, कंकड़बाग में श्रद्धा और आस्था के साथ महापर्व छठ संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का आयोजन इस वर्ष राजधानी पटना में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। गंगा घाटों के अतिरिक्त विभिन्न मोहल्लों में बने पार्कों में भी श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति से सूर्य देव और छठी मईया को अर्घ्य अर्पित किया। कंकड़बाग स्थित 100 एमआईजी पार्क में भी इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यहां वन विभाग एवं नगर निगम द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी। वन विभाग ने पार्क में बने टाइल्सयुक्त सुंदर छठ घाट की पूरी सफाई कर स्वच्छ जल भरा तथा गंगा जल भी मिलाया गया। वहीं नगर निगम ने महिलाओं के वस्त्र परिवर्तन हेतु सुसज्जित चेंजिंग रूम की व्यवस्था की जिसका सैकड़ों महिलाओं ने उपयोग किया बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. गीता जैन ने प्रातःकाल सभी श्रद्धालुओं के लिए चाय-बिस्कुट की व्यवस्था कराई। अशोक नगर, डी एवं जे सेक्टर की सैकड़ों महिलाओं सहित उपस्थित जनों ने अर्घ्य अर्पण के बाद इस सत्कार का आनंद लिया। कार्यक्रम में एम.पी. जैन ने बताया कि इस अवसर पर बांकीपुर की तनुजा अग्रवाल सहित कॉलोनी के जय शंकर तिवारी, गिरिजा देवी, डॉ. परमेश्वर पांडे, हेमचंद आर्य, विशाल सिंह, वरिष्ठ पत्रकार लव मिश्रा, एडवोकेट छाया मिश्रा, एम.पी. दास, रत्नाकर प्रसाद, चंदू जी, राजीव प्रसाद सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और अस्ताचल एवं उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठी मईया से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन में शांति, स्वच्छता और श्रद्धा का सुंदर संगम देखने को मिला।

## महादेवपुरी में उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के महादेवपुरी में उदयीमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया गया। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही सूर्योपासना का महापर्व कार्तिक छठ संपन्न हो गया। लोक आस्था, आरोग्य, शुद्धता, पवित्रता एवं विश्वास का प्रतीक छठ महापर्व जो प्रकृति और सूर्य की उपासना का उत्सव है, के पावन अवसर पर राजकुमारी निवास, महादेवपुरी, शांतिपथ, गर्दनीबाग, पटना में छठ पूजा का प्रथम दिन संध्या अर्घ्य बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुजनों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार, समाज और समस्त मानवता के सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नीतू कुमारी श्रीवास्तव, रजनीश सिन्हा, सुबोध कुमार, शबनम सिन्हा, सौम्या, सूर्यांशु, आरव सिन्हा, आश्वी सिन्हा, प्रियंका सिन्हा, प्रीतम भारद्वाज, अमित कुमार पाण्डेय, सोनल सिन्हा तथा अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में भक्ति, उत्साह और लोक परंपरा की अलौकिक छटा छाई रही। नीतू कुमारी श्रीवास्तव और शबनम सिन्हा ने छठ व्रत रखा था। आज सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया गया। उसके बाद ही व्रतधारियों ने अन्न ग्रहण किया।

## पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1, पटना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

### 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी' थीम पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1, शास्त्री नगर, पटना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का उद्घाटन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के सभागार में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजत प्रसाद ने सभी कर्मचारियों और सहयोगियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रजत प्रसाद ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की थीम 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर नैतिकता, ईमानदारी और पारदर्शिता अपनाना हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने कार्यों में निष्ठा और पारदर्शिता को प्राथमिकता दें जिससे संस्था में जवाबदेही और विश्वास की संस्कृति मजबूत हो। कार्यक्रम के समापन पर उपमहाप्रबंधक (सतर्कता) संजय कुमार ने सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान जन-जागरूकता अभियानों, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शन और संवाद सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिकों में भी सतर्कता और पारदर्शिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संजय कुमार ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन समारोह को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

## दक्षिण पूर्व रेलवे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत मुख्यालय गार्डन रीच में अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी सुशासन के मूल आधार हैं। उन्होंने सभी से अपने कार्यों में निष्ठा, जिम्मेदारी और पारदर्शिता बनाए रखने का आग्रह किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है जिनका उद्देश्य भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संगठन में ईमानदारी की संस्कृति को सशक्त बनाना है।

## डॉ. दिलीप जायसवाल पहुंचे भागलपुर, कार्यकर्ताओं को दिया चुनाव में जीत का मंत्र

### कार्यकर्ता का समर्पण, मेहनत और जनता के प्रति जुड़ाव ही हमारी सबसे बड़ी ताकत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आज भागलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों की जीत को लेकर रणनीति तैयार की। इस दौरान उन्होंने जीत के लिए संकल्प लेकर आगे बढ़ने का मंत्र दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल भागलपुर सदर विधानसभा के प्रधान कार्यालय में भागलपुर विधानसभा प्रत्याशी रोहित पांडेय के साथ जिले के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और क्षेत्र की रणनीति, संगठनात्मक मजबूती तथा जनसंपर्क अभियान पर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि हर कार्यकर्ता का समर्पण, मेहनत और जनता के प्रति जुड़ाव ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की यह ऊर्जा और एकजुटता एनडीए को एक बार फिर ऐतिहासिक जीत की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास, कार्यकर्ताओं का परिश्रम बिहार के विकास का नया अध्याय लिखेगा। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह और जनता के अपार समर्थन के बल पर भाजपा प्रदेश में विकास, सुशासन और विश्वास की नीति को और सशक्त बनाएगी, यही हमारा संकल्प है। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल नवगछिया जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बिहपुर विधायक शैलेंद्र कुमार के साथ जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों, बूथ स्तरीय मजबूती एवं जनसंपर्क अभियानों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरे के क्रम में पूर्णिया जिले के बायसी विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल पहुंचे और यहां एनडीए प्रत्याशी विनोद यादव के साथ कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

## संतोषा काम्पलेक्स, बंदर बगीचा, पटना में श्रद्धा व उल्लास के साथ छठ महापर्व संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा का आयोजन संतोषा काम्पलेक्स, बंदर बगीचा, पटना में पूरे पारम्परिक और सात्विक रीति से किया गया। यहां पर गत 20 वर्षों से निरंतर इस पर्व को सामूहिक रूप से मनाया जाता रहा है। एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर सुषमा रिटोलिया, बबीता विदेसरिया, सुशीला सत्यदर्शी, संजय, संगीता गोयल एवं डॉ. स्पर्श गोयल ने विधिवत छठ व्रत रखा। व्रतियों द्वारा 94 सुप का अर्घ्यदान देकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। प्रातः कालीन अर्घ्य के समय लगभग 300 श्रद्धालु भक्तों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान दिया और छठी मईया से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में ऑल इंडिया ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन सुनील जे. सिंधी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्राचीन पारम्परिक और सात्विक त्यौहार का हिस्सा बनकर मुझे अत्यंत शांति और सुखद अनुभव हुआ। छठ पूजा हमारे भारतीय संस्कारों और लोक आस्था की अनुपम अभिव्यक्ति है। संपूर्ण आयोजन में भक्तों ने अनुशासन, श्रद्धा और सामूहिक सहयोग की मिसाल प्रस्तुत की।

## आशीर्वाद आटा ने छठ पूजा को बनाया वर्चुअल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** छठ पूजा की परंपरा अब डिजिटल रूप ले चुकी है। आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटा ने 'घर जैसा छठ' पहल के तहत भक्तों को कहीं से भी छठ मनाने की सुविधा देने वाला डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया है। कंपनी ने आशीर्वाद छठ एक्सपीरियंस एक इंटरएक्टिव साइट लॉन्च की है जो कहानी, संगीत और दृश्य अनुभवों के माध्यम से छठ पूजा की पूरी प्रक्रिया को जीवंत करती है। इस प्लेटफॉर्म पर भक्त ठेकुआ बनाने से लेकर सूर्य को अर्घ्य देने तक के सभी अनुष्ठानों का वर्चुअल अनुभव ले सकते हैं। साइट पर छठ गीतों की मधुर धुन और घाटों की आवाज के साथ पूजा के हर चरण को विस्तार से दिखाया गया है। उपयोगकर्ता छठ-थीम वाले फ्रेम में सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा भी कर सकते हैं। उत्सव की भावना को और प्रबल करने के लिए आशीर्वाद 25 से 31 अक्टूबर तक प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। माइक्रोसाइट पर यात्रा पूरी कर सेल्फी साझा करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम जीतने का अवसर मिलेगा। आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन के बीयू चीफ एक्जीक्यूटिव अनुज रस्तगी ने कहा कि यह पहल परंपरा और आधुनिकता के संगम का प्रतीक है। इससे लोग अपने घर बैठे छठ के सभी अनुष्ठानों का आनंद उठा सकेंगे और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहेंगे। आशीर्वाद ने इस अवसर पर मधुबनी कला से सजे सीमित संस्करण वाले छठ पैक भी लॉन्च किए हैं जिनमें पद्मश्री दुलारी देवी की कला को प्रदर्शित किया गया है। प्रत्येक पैक पर दिया गया क्यूआर कोड भक्तों को सीधे डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ता है जिससे वे घर बैठे छठ की परंपरा का अनुभव कर सकें।

# उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ छठ संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अकोढीगोला।** प्रखण्ड क्षेत्र में काफी उत्साह के छठ महापर्व मनाई गई, लेकिन सोन में पानी ज्यादा होने से छठ व्रतियों को आने-जाने में घंटों कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। नाव से नाविक सभी छठ व्रतियों को उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाते रहे। हालांकि छठ को लेकर युवाओं में काफी हुल्लास दिखा। युवा व समाजसेवी ने छठ घाट पर लाइट व साफ-सफाई में दिन रात जुटे रहे। छठ व्रतियों की आने-जाने वाली रास्ते पर झाड़ू लगाते हुए पानी का छिड़काव कर सड़क को साफ-सफाई किया। स्थानीय मुख्य बाजार के गांधी सेवा आश्रम पर सुभाष पुस्तकालय व दरिहट शिव मंदिर कमेटी द्वारा भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया। वही बराढ़ी व शेरपुर काली कला मंदिर कमिटी ने पैन में बहते पानी के बीच में भास्कर देव की मूर्ति स्थापित किया तो हनुमानगढ़ी पूजा कमिटी ने हनुमानगढ़ी में भास्कर की मूर्ति स्थापित कर पूजन किया। मुड़ियार स्थित बने आकर्षक सरोवर में पहली बार गांव के लोगों ने छठ पर्व किया। वहीं दूसरी ओर दरिहट एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़े ही श्रद्धा के साथ अस्ताचलगामी व उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस बार घाटों पर काभी भीड़ देखी गई। वहीं कहीं छठी मईया का मधुर गीत धुन तो कहीं पटाखों का ध्वनि सुनाई दे रही थी। मानों सभी लोग छठी मईया व भगवान सूर्य के भक्ति में लीन हो चुके थे। वहीं नर नारी व्रती घंटों पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर के उदय होने का इंतजार कर रहे थे। आसमान में बादल होने से सुस्पष्ट तरीके से भगवान भास्कर की दिव्या मुख मंडल का दर्शन नहीं कर पाये। उनकी थोड़ी सी लालिमा पर भगवान को अपना अर्थ समर्पित किया। श्रद्धालु अपना उषा अर्घ्य देकर चार दिवसीय महापर्व सम्पन्न किया और अपने सुहाग व संतान की दीघार्यु व आरोग्य होने के लिए भागवत से कामना की। अर्घ्य देने के बाद सभी महिला-पुरुष व्रती सोन तट के समीप वर्षों पुरानी भगवान सूर्य के मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेका। इसके बाद चाय रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पुजारी विनोद सिंह, विवेक कुमार सिंह, किशुन बिहारी सिंह, जितू सिंह, राजू सिंह, सतेन्द्र सिंह, विनय सिंह, ब्रजेश सिंह, उदय सिंह, चंदन सिंह, राजेश सिंह, रंजित पाल, झमेलू पाल, मुराली प्रजापति आदि मौजूद थे।

# छठ पर्व के दौरान नहाने के क्रम में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नासरीगंज (रोहतास)।** रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के दरिहट गांव से है जहां दरिहट स्थित सोन नद में सूर्य मंदिर छठ घाट पर नाना-नानी तथा माता-पिता के साथ घाट पर गए सूरज कुमार उम्र लगभग 20 वर्ष स्नान करने के दौरान पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि सूरज कुमार अपने नाना भरत महतो के घर माता-पिता के साथ छठ करने दरिहट गांव आया हुआ था। तड़के सुबह अर्घ्य देते समय अपने तीन दोस्तों के साथ नदी में स्नान कर रहा था इसी बीच तीनों लड़के डूबने लगे। स्थानीय लोगों के द्वारा दो युवकों को बचाया गया वहीं सूरज कुमार तेज पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गोताखोरों की कमी थी पूरे छठ घाट पर मात्र एक गोताखोर था और उसके पास भी पहचान पत्र नहीं था ताकि लोग पहचान सके कि वह गोताखोर है। घटना से क्षेत्र में मातम है और पुलिस प्रशासन के खिलाफ लोगों में नाराजगी है। विदित हो कि सूरज कुमार (ठाकुरई) परासिया थाना नासरीगंज के रहने वाला था और वह अपने नाना भारत महतो घर पूरे परिवार के साथ छठ करने आया हुआ था। इस घटना से दरिहट एवं परसिया गांव में मातम पसरा हुआ है।

### छठ पर्व के पश्चात व्यवस्था हेतु मंडल रेल प्रबंधक ने की समीक्षा बैठक

# यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल कार्यालय में 28 अक्टूबर 2025 को मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य छठ पर्व के पश्चात यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर समुचित प्रबंध सुनिश्चित बनाए रखना था जिससे यात्रियों को निर्बाध, सुरक्षित एवं स्वच्छ यात्रा अनुभव प्राप्त हो सके। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि मंडल नियंत्रण कक्ष (वार रूम) की सीसीटीवी प्रणाली पूर्ण रूप से कार्यशील रहे तथा सभी विभागों के नामित कर्मचारी चौबीसों घंटे ड्यूटी पर तैनात रहें। प्रमुख स्टेशनों पर मौजूदा सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भी निगरानी की जा रही है। आवश्यक सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण एवं समन्वय किया जाए। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और गया जंक्शन पर बनाए गए होल्डिंग एरिया में व्यवस्था एवं यात्रियों की स्थिति पर निगरानी की जाए। ऐसे यात्री जिनकी ट्रेन आने में ज्यादा समय हो वो प्रतीक्षा के लिए आवश्यक सुविधा युक्त होल्डिंग एरिया का लाभ ले सकते हैं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन एवं गया जंक्शन सहित अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस तथा टिकट निरीक्षकों की पर्याप्त तैनाती रहे। यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष ट्रेनों तथा स्टेशनों पर सुविधाओं एवं सुरक्षा संबंधी सूचनाएं निरंतर प्रसारित की जाए। अंतिम समय में प्लेटफॉर्म परिवर्तन से यथासम्भव बचा जाए। लगातार निगरानी कर ट्रेनों पर चढ़ते-उतरते समय यात्रियों की सुरक्षा व सुगमता का विशेष ध्यान रखा जाए। पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन पर नामित ट्रेनों को पूर्ण जल आपूर्ति दी जाए तथा ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग स्टाफ द्वारा कोचों एवं शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। गया एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशनों पर चिकित्सा सहायता हेतु डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। स्टेशनों पर बनाए गए सहायता बूथ सदैव सक्रिय रखे जाए। मार्गदर्शन और संकेतक के माध्यम से स्टेशनों के विभिन्न स्थानों- प्रवेश/निकास, प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर आदि के लिये यात्रियों का सुचारू आवागमन रहे। यात्रियों के खान-पान हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए। अनारक्षित श्रेणी के यात्रियों की सुविधा हेतु आज चलने वाली 03641 गया-शकूरबस्ती (दिल्ली) एकतरफा अनारक्षित पूजा विशेष रेलगाड़ी तथा 03263 दानापुर-शकूरबस्ती(दिल्ली) एकतरफा अनारक्षित पूजा विशेष रेलगाड़ी के लिए ट्रेन साइड वेंडिंग की व्यवस्था रहे। डीडीयू जंक्शन के बाद इन दोनों ट्रेनों का ठहराव सीधे गाजियाबाद है। गया एवं डीडीयू स्टेशनों पर इन ट्रेनों के पास ट्रॉली के माध्यम से खाद्य सामग्री जैसे फूड पैकेट्स, जनता मील, पानी, चिप्स, बिस्किट आदि की बिक्री सुनिश्चित की जाए। इन ट्रेनों के कोच के पास माइक से इसकी लगातार अनाउंसमेंट की जाए। विभागीय समन्वय के साथ इन व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से सदैव लागू रखा जाए। ताकि यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके।

# डीएम ने छठ व्रतियों के साथ मिलकर भगवान सूर्य को किया अर्घ्य अर्पित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह ने छठ महापर्व के पावन अवसर पर जिलावासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था, स्वच्छता और अनुशासन का प्रतीक है जो समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देता है। डीएम ने फजलगंज क्षेत्र स्थित त्रिलोचन घाट सहित विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया तथा वहां की साफ-सफाई, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और सभी जिलावासियों के कल्याण एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत भी की और उनके सुझाव सुने। डीएम ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और जन-जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर वोट अमूल्य है, यह लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। अतः सभी पात्र मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना वोट अवश्य दें। उन्होंने स्वीप अभियान के तहत जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि प्रशासन का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं जागरूक मतदान का संदेश दिया।

# महागठबंधन का घोषणा पत्र हवा-हवाई वायदों और झूठ का पुलिंदा : राजीव रंजन

### जेडीयू प्रवक्ता ने कहा- तेजस्वी का 'प्रण पत्र' जनता को बरगलाने का प्रयास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने महागठबंधन के चुनाव घोषणा पत्र को हवा-हवाई वायदों और झूठ का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि इसे तेजस्वी यादव का 'प्रण पत्र' कहना अत्यंत हास्यास्पद है क्योंकि जिनके पास बिहार की राजनीति में यह मुकाम केवल आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद के पुत्र होने के कारण आया हो और जिन्हें सब कुछ विरासत में मिला हो, वे जनता की सच्ची आवाज बन ही नहीं सकते। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन का यह घोषणा पत्र बिहार की जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कभी भी झूठे या अविश्वसनीय वादे नहीं किए। उनके नेतृत्व में राज्य ने नौकरी, रोजगार, सड़क, बिजली, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आज बिहार जिस विकास की ऊंचाइयों पर है, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पारदर्शी कार्यशैली और जनता के प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता का परिणाम है जबकि दूसरी ओर महागठबंधन केवल लोकलुभावन घोषणाओं के सहारे राजनीतिक जमीन तलाशने की कोशिश कर रहा है। राजीव रंजन प्रसाद ने विश्वास जताया कि बिहार की जनता एक बार फिर विकास और सुशासन के पक्ष में ही मतदान करेगी।

# रेल मंत्रालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ, सत्यनिष्ठा की ली गई शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय मे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की शुरूआत हुई। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। यह सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है– 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी', जो नैतिक आचरण, पारदर्शिता और सुशासन में सामूहिक जिम्मेदारी पर बल देता है। सतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन को सुदृढ़ करने में सतर्कता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी अधिकारियों से ईमानदारी, दक्षता और लोकसेवा के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। साथ ही भारतीय रेल में पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार की संभावनाओं को समाप्त करने के लिए किए जा रहे डिजिटल व प्रणालीगत सुधारों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के विभिन्न निदेशालयों के अधिकारी और कर्मचारी भौतिक तथा वर्चुअल दोनों माध्यमों से शामिल हुए। केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा देशभर में आयोजित इस सप्ताह का उद्देश्य सार्वजनिक प्रशासन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। रेलवे बोर्ड के सतर्कता निदेशालय ने इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई है जिनमें सेमिनार, कार्यशालाएं, पोस्टर अभियान और संवाद सत्र शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य निवारक सतर्कता को प्रोत्साहित करना और लोकसेवा में नैतिकता को मजबूत बनाना है। पूरे सप्ताह भारतीय रेल के विभिन्न जोनों और इकाइयों में जागरूकता अभियान चलाकर कर्मचारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

# आरपीएफ एवं जीआरपी की सूझबूझ से बची महिला की जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** गाड़ी संख्या-04311अप (सियालदाह-योगनगरी स्पेशल) डिहरी ऑन-सोन स्टेशन प्लेटफार्म संख्या-03 पर समय-17.08 बजे आई। ट्रेन के प्लेटफार्म पर खड़ी रहने के दौरान कोच संख्या-बी 2 से एक महिला यात्री खाने-पीने का सामान लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतरी और वह अभी खाने पीने का सामान ले ही रही थीं कि उक्त ट्रेन अपने निर्धारित ठहराव के पश्चात समय-17.10 बजे प्रस्थान कर गयी। गाड़ी खुलते देख खाने पीने का सामान लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतरी महिला चलती ट्रेन में चढ़ने लगी, किंतु अपना संतुलन खोकर गाड़ी एवं प्लेटफार्म के बीच गिरकर ट्रेन के नीचे चली गई। यह देखकर ड्यूटी में तैनात रेलवे सुरक्षा बल के सहायक उप निरीक्षक जे. पी. चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षी सुभाष चंद्र यादव, प्रधान आरक्षी सरोज खान एवं जीआरपी डिहरी ऑन-सोन के अधिकारी व स्टाफ कार्यरत ट्रेन मैनेजर को ट्रेन रोकने के लिए चिल्लाते हुए ट्रेन से गिरी महिला की ओर दौड़ पड़े। चिल्लाने पर ट्रेन मैनेजर ने ट्रेन को अविलंब रोक दिया। ट्रेन रूकने पर आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारी एवं जवानों द्वारा उक्त महिला को अन्य यात्रियों के सहयोग से गाड़ी के नीचे से सही सलामत बाहर निकाला गया। पूछने पर महिला ने अपना नाम माया बताते हुए बतायीं कि वह सियालदह से वाराणसी के लिए कोच संख्या बी2 में यात्रा कर रही थी और खाने पीने का सामान लेने के लिए यहां उतरी थी कि ट्रेन खुल गई और चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में वह ट्रेन से गिर गई। गिरने के क्रम में महिला को हल्की खरोंच आई थी जिसके लिए उससे इलाज हेतु पूछा गया तो उन्होंने बतायी कि मुझे ज्यादा चोट नहीं लगी है तथा मैं अपनी यात्रा करना चाहती हूं। फिर भी एहतियातन महिला के इलाज हेतु सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डी.डी.यू. को सूचित किया गया है। सभी बल सदस्यों की सूझबूझ एवं प्रयास से उक्त महिला की जान बचाई गई जिसके लिए वहां मौजूद यात्रियों एवं पीड़ित महिला यात्री माया द्वारा आरपीएफ एवं जीआरपी के कार्य की सराहना करते हुए सभी को जान बचाने के लिए धन्यवाद दिया। समय अभाव के कारण उक्त महिला यात्री के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त नहीं की जा सकी।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ सम्पन्न

### सड़क से घाट तक छठी मैय्या के गूंजते रहे गीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र में उगते सूर्य को महानद सोन व नहरों के अर्घ्य-अर्पण के साथ मंगलवार को चार दिवसीय छठ-पूजन सम्पन्न हो गया। छठ गीत उग हो सूरज देव भइल अरग के बेर ... से घर से घाट तक गुंजयमान हुए। विभिन्न पूजा समितियों ने व्रतियों के बीच प्रसाद, दूध व दातुन वितरित किया। आस्था के महापर्व छठ व्रत उदीयमान सूर्य को छठ व्रतियों द्वारा अर्घ्य देकर 36 घंटे का निर्जला व्रत सम्पन्न हो गया। आज अहले सुबह छठ घाटों पर व्रतियों व उनके परिजनों की भीड़ लगने लगी। घाट पर लगे मेले का बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। बादलों के कारण भगवान भास्कर के दर्शन नहीं होने पर सूर्योदय के निर्धारित समय होते ही छठ व्रती सोन नदी, नहर एवं तालाबों पर अर्घ्य दिया। उसके बाद व्रती ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण कर उपवास तोड़ी। छठ घाटों को डिहरी डालमियानगर नगर परिषद और शहर के पूजा समिति के द्वारा व्यापक रूप से सजाया गया। घर से लेकर घाट तक भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। नगर परिषद के द्वारा व्रतियों के कपड़ा बदलने को ले चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की गई थी। एसपी रौशन कुमार एसडीएम नीलेश कुमार एसडीपीओ एएसपी अतुलेश झा, नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ने छठ घाटों का निरीक्षण करते रहे।

# जिला प्रशासन ने की निःशुल्क इ-रिक्शा की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** आस्था का महान पर्व छठ पूजा के अवसर पर वैसे छठ व्रतियों जो जिनको पैदल चलने में दिक्कत है, वृद्ध हैं या दिव्यांग श्रद्धालु हैं। उनकी सुविधा के लिए जिला प्रशासन गया द्वारा निशुल्क ई रिक्शा की व्यवस्था मुहैया करवायी जो शहर के विभिन्न क्षेत्र से होते हुए छठ घाटों तक जाएगी। जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि छठ महापर्व गया जिले में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए बुजुर्ग एवं दिव्यांग छठ व्रतियों के साथ-साथ वैसे श्रद्धालु जिनको पैदल चलने में कोई समस्या है, उन सभी श्रद्धालुओं को छठ घाट तक पहुंचने में कोई दिक्कत/ समस्या नहीं हो, इसके लिये पर्याप्त संख्या में निःशुल्क ई रिक्शा जो शहर के विभिन्न क्षेत्र होते हुए छठ घाटों तक पहुचाने का कार्य करेंगे। यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क है। डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि गया में छठ पर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। प्रशासन का प्रयास है कि हर श्रद्धालु बिना किसी दिक्कत के घाट तक पहुंच सके। इसी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। यह सेवा पूरी तरह से फ्री होगी और छठ पर्व की अवधि तक जारी रहेगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि इस सुविधा का लाभ लेते समय अनुशासन और सहयोग बनाए रखें, ताकि पर्व का माहौल शांतिपूर्ण और श्रद्धामय बना रहे। डीटीओ राजेश कुमार ने बताया कि शहर के चार स्थानों से निशुल्क की रिक्शा की सेवा श्रद्धालुओं और भारतीयों के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि डीएम ऑफिस से चंद चौराहा केवल बीघा से बंगाली आश्रम नई गोदाम से पिता महेश्वर और टावर चौक से पिता महेश्वर के लिए निशुल्क ई रिक्शा की व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से की गई है।यातायात डीएसपी ने बताया कि आस्था के इस महापर्व में पुलिस प्रशासन की ओर से छठव्रती और श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है उनसे अपील है कि अपने परिवार के साथ छठ पर्व की खुशी मनाई और यातायात के नियमों का भी पालन करें ताकि अन्य छठ व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# समाजसेवी शिवपूजन पांडेय की पुण्यतिथि मनायी गयी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** समाजसेवी व डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष के पिता स्वर्गीय शिवपूजन पांडेय की पुण्यतिथि सोमवार को पाली स्थित आवास पर मनाया गया। भारी संख्या में लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। मौके पर उनके पुत्र शिव शंकर पांडेय, कृष्णा पांडेय, डॉ किरण पांडेय, संजू पांडेय, कृषिका कुमारी, गुलाब सिंह, पारस दुबे, संतोष उपाध्याय, मुनमुन पाण्डेय आदि मौजूद थे।

# शहर में बने कई तोरणद्वार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शिवम पूजा समिति शिवगंज गोशाला रोड के द्वारा तोरणद्वार तिरुपति बालाजी मंदिर का आकर्षण केन्द्र रहा। मयूर नवयुवक क्लब शिवगंज के द्वारा तोरणद्वार का निर्माण किया। साथ ही समिति सदस्यों ने छठ घाट पर लाइट की व्यस्था की। मौके पर अध्यक्ष रंजन चौधरी, उपाध्यक्ष राजा सोनी सचिव डॉ पंकज कुमार, उप सचिव गणेश यादव, कोषाध्यक्ष शिवम कुमार, उप कोषाध्यक्ष उज्जवल कुमार, राजू चौधरी, जगनारायण चौधरी उर्फ सुमन संचालन रविन्द्र चौधरी, सहयोगकर्ता दिनेश सिंह, गुड्डू कुमार, रमेश चौधरी, मनोज कुमार, छोटू चौधरी, बड़े चौधरी, राजा यादव, बबलू पासवान, पवन चौधरी, बिहारी चौधरी सहित कई उपस्थित रहे।

Bihar_page 12 29.05.2025.qxd 28-10-2025 22:45 Page 1



# लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न

नवबिहार टाइम्स टीम

**नारदीगंज/नवादा/बिहारशरीफ।** चार दिवसीय लोक आस्था का छठपर्व ऐतिहासिक द्वापरकालीन हंडिया सूर्य मंदिर छठघाट समेत अन्य छठघाट में मंगलवार को सूर्य को अर्ध्य देने के संपन्न हो गया। ऐतिहासिक द्वापरकालीन हंडिया स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट पर हजारों छठव्रतियों व श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्ध्य देकर मन्नतें मांगी। इस छठ घाट पर बीडीओ सोनिया ढनढननिया, सदर एसडीपीओ 2 राहुल कुमार,थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक पुलिस बल के साथ फायर ब्रिगेड की टीम के साथ प्रशासनिक अधिकारी छठ घाटों पर आने जाने वाली सभी व्रतियों की सुरक्षा को लेकर पैनी नजर रख रहे थे। हंडिया छठ घाट आने जाने वाले छठव्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क चाय और बिस्कुट की व्यवस्था की गई । सीएचसी के सौजन्य से दो दिवसीय से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।







नवयुवक संघ हंड़िया के अध्यक्ष रोशन कुमार,सचिव अभिषेक कुमार समेत अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। हंडिया पचेया सड़क मार्ग में काफी भीड़ बनी रही।काफी मशक्कत के बाद लोग सड़क पार कर रहे थे।इसके अलावा नारदीगंज बाजार,आदर्श युवा क्लब अब्दलपुर पड़रिया के सौजन्य से नारदीगंज पवार सब ग्रिड के निकट व रॉयल क्लब द्वारा निर्मित पंचाने नदी छठघाट, नारदीडीह छठघाट, ओड़ो,कोसला, रामें अन्य गांवों में छठव्रती व श्रद्धालुओं ने अर्ध्यदान किया। इससे पूर्व सोमवार की शाम छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर मन्नतें मांगी ।

इधर, रायल क्लब के सौजन्य से स्थापित भगवान भास्कर की प्रतिमा को श्रद्धा व उत्साह से पूजा अर्चना किया गया।।चार दिवसीय कार्तिक छठपूजा व सूयोर्पासना को लेकर नारदीगंज बाजार में रायल क्लब के सौजन्य से स्थापित भगवान भास्कर की प्रतिमा को श्रद्धा व उत्साह से मंगलवार को पूजा अर्चना किया गया। यह पूजनोत्सव भक्ति भाव से श्रद्धालुओं ने किया। इस दौरान पंडित राजेन्द्र मिश्र और विपिन मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत पूजा अर्चना कराये। यजमान की भूमिका बाजार निवासी राहुल सिंह ने निभाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने भक्ति भाव से भजन कीर्तन किये।जिससे आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष हाजरी प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील चौधरी,सदस्य धर्मेंद्र कुमार उर्फ बुला, राकेश कुमार समेत काफी संख्या में लोग शरीक हुए।

**बिहारशरीफ से संवाददाता के अनुसार** दीपनगर स्थित वास्तु विहार परिसर में इस वर्ष छठ पर्व का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ किया गया। पूरे परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। छठ पूजा के अवसर पर परिसर स्थित स्विमिंग पूल को सुंदर छठ घाट में तब्दील कर दिया गया। इसे रंग-बिरंगे फूलों, गुब्बारों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। छठ मइया के गीतों और दीपों की रौशनी से जगमगा उठा। वास्तु विहार परिसर में रंगोली बनाये गए थे। कलश से परिसर को सजाया गया था।

व्रती महिलाओं ने परंपरागत विधि-विधान के अनुसार खरना, संध्या अर्घ्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य देव से परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। इस अवसर पर बच्चे, महिलाएं और पुरुष सभी मिलकर पूरे आयोजन में भाग लेते दिखे। सभी ने एक-दूसरे को छठ की शुभकामनाएं दीं और सामूहिक भक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। मंगलवार की सुबह छठ घाट पर चाय,मिठाई, गोलगप्पा,चाट,पानी आदि की व्यवस्था वास्तु विहार परिवार की ओर से की गई थी। लोगो ने इसका भरपूर लुप्त उठाया।

पूरे आयोजन में सामूहिक सहयोग और समर्पण भावना झलकती रही। कार्यक्रम की तैयारी में वास्तु विहार परिसर के सभी निवासियों ने मिलकर योगदान दिया। खास तौर पर राजीव कुमार वर्मा, अजय पटेल, सतीश कुमार वर्मा, शशिकांत, डॉ. के.के. मणि, राकेश कुमार सहित कई अन्य लोगों ने सजावट, व्यवस्था और पूजा आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

परिसर के लोगों ने कहा कि इस तरह के सामूहिक आयोजन से एकता, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द की भावना और मजबूत होती है। छठ मइया की अराधना के साथ सभी ने प्रदेश और देश की खुशहाली, शांति और प्रगति की कामना की।

वास्तु विहार परिसर में मनाया गया यह छठ पर्व न केवल धार्मिक उत्सव रहा बल्कि सामुदायिक एकता और आस्था का प्रतीक बन

## नौ दिवसीय देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड के महुडर गांव स्थित पूर्वी देवी स्थान में मंगलवार को श्री श्री 1008 श्री पराम्बा माँ जगदम्बा महारानी देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। जिसको लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो महिलाएं अपने अपने सर पर कलश रखकर महुडर,गुआघोघरा,मननपुर आदि गांवों का भ्रमण किया। इसके बाद यज्ञशाला में विधिवत कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की शुरूआत किया गया। आयोजनकताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवभूमि उत्तराखंड, हरिद्वार से आए यज्ञाचार्य श्रीकांत कुमार शास्त्री की देखरेख में नौ दिनों तक चलने वाले इस यज्ञ में श्रीराम कथा का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें अयोध्याधाम के श्रीअमृता त्रिपाठी के मुखारविंद से प्रवचन किया जाएगा। यज्ञ में यजमान की भूमिका स्थानीय ग्रामीण वासुदेव महतो,विक्रम महतो आदि निभा रहे हैं। जबकि यज्ञ को सफल बनाने में सन्तोष कुमार,रणजीत कुमार,ललन कुमार,सुधीर लाल समेत दर्जनों ग्रामीण जोर-शोर से लगे हैं।

## 11 नवंबर को मतदान अवश्य करने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी को ले कई तरीकों मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में छठघाटों पर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से फोटोग्राफी प्वाइंट बनाया गया। मेरा वोट, मेरा अधिकार, 11 नंवबर को मतदान अवश्य करेंगे हम, वोट करेगा बिहार, अपनी सरकार चुनेगा बिहार आदि स्लोगन लोगों को जागरूक कर रहा था। इस बीच सैकड़ों मतदाताओं ने सेल्फी प्वाइंट के पास जाकर फोटो लिया। पकरीबरावां बाजार के संजय कुमार गुप्ता, शंकर कुमार, अवनीश कुमार, प्रियंका कुमारी, जैनेन्द्र कुमार मनोज, अनिल कुमार सिंह, दिनेश कुमार, राजीव कुमार, कृति कुमारी आदि ने निर्वाचन आयोग की इस पहल की सराहना की है। मतदाताओं ने अवश्य मतदान करने का संकल्प लिया।

## समाजसेवी ने की खपुरा छठघाट पर व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की डुमरावां ग्राम पंचायत के खपुरा गांव स्थित छठघाट पर व्रतियों को साड़ी दिया गया। प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी एवं विश्व मानवाधिकार के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. अरविन्द कुमार शाही एवं उनके भाईयों मुकेश शाही एवं राजेश शाही, पुत्र प्रेमनन्द मोहन, विनय कुमार मोहित, मानस, हर्ष आदि ने सभी छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण किया। डॉ. अरविंद कुमार शाही ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इस कार्य को करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह प्रेरणा उनके पिता डुमरावां ग्राम पंचायत के दिवंगत मुखिया यदुनंदन शर्मा से मिली है। वे व्रतियों के बीच पूजन सामग्री और साड़ी का वितरण करते थे। इस परम्परा को सभी भाइयों एवं पूरे परिवार मिलकर करते आ रहे हैं। गौरतलब है कि डॉ. अरविंद एवं उनका परिवार हर हमेशा सामाजिक सरोकार से जुड़ा कार्य करता है। शिक्षा के प्रचार- प्रसार के लिए बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया जाता है। इसके अलावा जरूरतमंदों के बीच वस्त्र का वितरण भी किया जाता है।

### युवक को मारपीट कर किया जख्मी

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के दुर्गामण्डप मुहल्ला में मंगलवार की सुबह एक युवक को बुरी तरह से मारपीट कर जख्मी कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल दुर्गामण्डप निवासी स्वर्गीय डोमी साव का पुत्र बिरेन्द्र साव ने बताया कि जब वे मंगलवार की सुबह दुर्गामण्डप से पूजा करके लौट रहा था,की अचानक इसी मुहल्ला के अशोक कानू के पुत्र गोलू कुमार एवं सन्तोष सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार ने अचानक हमला कर दिया। जिससे वे घायल हो गए। स्वजनों के सहयोग से घायल युवक को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को नवादा रेफर कर दिया गया।घटना के बाद घायल युवक ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### गोलीबारी में घायल

**मुजफ्फरपुर।** जिले के रामपुर हरि थाना क्षेत्र के धनुषी इलाके में सोमवार की रात गोलीबारी की गई। इसमें एक व्यक्ति घायल हो गए। वही एक व्यक्ति को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। घायलों को एसकेएमसीएच ले जाया गया है। रामपुर हरि थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर गई है। रामपुर हरि और हथौड़ी थाना के सीमावर्ती इलाका धनुषी चौक पर मामूली विवाद में एक व्यक्ति को गोली मारी गई। वहीं एक युवक को चाकू। दोनों घायलों को एसकेएमसीएच भेजा गया। घायल के स्वजन का कहना है कि सहिला बल्ली मुखिया अंजनी साह गलत ढंग से गाड़ी चलाने से मना करने पर गोली मार दी एवं उसके साथियों ने चाकू मार दी। घायलों में सोहन कुमार ( 45 )एवं राजा कुमार (25) शामिल है।

## आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गये प्रेमी युगल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मंगलवार की अलसुबह सिंघौल थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित खेत से नाबालिग प्रेमी युगल मिले। पुलिस ने किशोर को निरुद्ध करते हुए लड़की को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। दरअसल लड़की बेहोशी की हालत में थी। उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। दोनों अलग-अलग समुदाय के हैं। सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि पाक्सो के तहत एफआइआर की गई है।

जानकारी के अनुसार करीब तीन बजे भोर में गांव से बाहर एक खेत में छठ घाट जा रहे लोगों की नजर खेत में पड़ी लड़की और उसके पास बैठे लड़के पर पड़ी। दोनों आपत्तिजनक हालत में थे। किशोर बेहोशी की हालत में रही किशोरी के मुंह पर पानी का छींटा मार होश में लाने का प्रयास कर रहा था। ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इस बीच लोगों ने किशोर को पकड़ा। सिंघौल पुलिस समेत किशोर- किशोरी के स्वजनों को जानकारी दी।

मौके पर पहुंची महिला पुलिस ने बेहोशी की हालत में रही किशोरी को गोद में उठा कर वाहन से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। किशोरी के स्वजनों ने किशोर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। मामला दो समुदाय के बीच का होने से संवेदनशील बना है। पुलिस घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है। सदर अस्पताल प्रबंधन ने अबतक दुष्कर्म की पुष्टि नहीं की है हालांकि स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार किशोरी की हालत देख कर लोग हतप्रभ हैं।

लोग इसे प्रेम प्रसंग का मामला बता रहे हैं। बहरहाल डीएसपी ने इस संबंध में बताया कि किशोरी के स्वजनों ने किशोर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इस संबंध में सिंघौल थाना में पाक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी अंकित कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## लोकाइन में छह डूबे, फुफेरे भाई बहन समेत तीन का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** हिलसा थाना क्षेत्र के सिपारा गांव के समीप लोकाइन नदी में छठ व्रत का अर्घ्य देने के दौरान नहाने के क्रम में छह लोग डूब गए हैं। जिसमें तीन लोगों का पार्थिव शरीर नदी से निकाला गया। मरने वालों में सिपारा गांव निवासी सुबोध साव की 18 वर्षीय पुत्री वर्षा कुमारी, जहानाबाद जिला के बौरी गांव निवासी समकेश साव का 20 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार एवं सिपारा गांव के धनु गोप का 16 वर्षीय पुत्री सुनीता कुमारी है। शिवम और वर्षा फुफेरे ममेरे भाई-बहन हैं। लापता दो लोगों को खोजने का काम चल रहा है।

इस घटना से गांव में कोहराम मच गया है। पीड़ित स्वजनों के चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन है। ग्रामीणों के अनुसार सिपारा गांव के सुबोध साव के यहां छठ व्रत हो रहा था। सिपारा गांव में शिवम की नानी ने छठ व्रत की थी। मंगलवार की सुबह अर्घ्य देने के बाद सभी लोग लोकाइन नदी घाट से घर लौट आए थे। इसी बीच 6 बच्चे नहाने के लिए नदी में उतर गए और देखते ही देखते एक-एक करके नदी की तेज धार में बहकर लापता हो गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से 4 लोगों को नदी से बाहर निकाला जा सका। जिनमें तीन की मौत हो गई और सलाबतपुर गांव के अरविंद प्रसाद के पुत्र नीतीश कुमार का इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगरनौसा थाना क्षेत्र के कोरारी गांव के अर्जुन साहू के 18 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार एवं एक अन्य तालाश जारी है।

अर्घ्य देने के बाद हुमाद जलाने का कार्यक्रम चल रहा था। 18 वर्षीय वर्षा कुमारी अपने परिवारों के साथ नदी में स्नान करने के लिए जा रही थी।

धीरे-धीरे नदी के बीच में पहुंच गए, कुछ दूरी पर नदी में वीडियो बनाने एवं सेल्फी लेने के दौरान नदी की तेज धार में बहने लगी। चिल्लाने पर बचाने का प्रयास करने के दौरान सभी लोग गहरे पानी में डूब गए।

सिपारा गांव के सुबोध साव की पुत्री वर्षा कुमारी की शादी होने वाली थी। शादी के लिए सारे सामान की खरीदारी भी हो चुकी है। इसी दौरान यह हादसा हो गया जिसमें उसकी मौत हो गई। दर्दनाक घटना के बाद पूरे परिवार को हिला दिया। इस घटना ने पूरे परिवार को हिला कर रख दिया।

घटना की खबर मिलते ही सांसद कौशलेंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर मृतक के स्वजन से भेंट कर उनका ढांढ़स बंधाया। पूर्व विधायक अत्रि मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों से संपर्क किया। हिलसा नगर परिषद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, रेंडी पंचायत के मुखिया सुबोध प्रसाद के प्रतिनिधि ने कबीर अंत्येष्टि के तहत 3000 रुपया दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। अंचलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल बीस हजार रुपया का चेक मृतक के परिवारों को सौंप दिया।

## पकरीबरावां में छठघाटों पर दिखा उत्साह का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड में आस्था का महापर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। छठ को लेकर विभिन्न चौक चौराहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। छठघाटों पर भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस अधिकारी लगातार छठघाटों का जायजा लेते दिखें। बाल विकास युवा क्लब बड़ी तालाब द्वारा छठघाट पर उत्तम सुविधा उपलब्ध कराया गया था। वहीं उत्तरी ग्राम पंचायत की मुखिया ममता देवी द्वारा श्रद्धालुओं एवं व्रतियों के लिए चाय की व्यवस्था की गई थी। वहीं कई अन्य लोगों द्वारा छठघाट पर अर्घ्यदान के लिए दूध का प्रबंध किया गया था। कई जगहों पर फलों का वितरण किया गया था।

ज्योति क्लब द्वारा बनाये गए माता लक्ष्मी की प्रतिमा के पास एवं नवयुवक क्लब द्वारा बनाए गए भगवान भास्कर की प्रतिमा के पास प्रसाद का वितरण किया गया। इधर, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार, पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार, थानाध्यक्ष रंजन चौधरी, धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार पूरी तरह मुस्तैद दिखें।

### हार्ट अटैक से एक युवक की मौत

रजौली थाना क्षेत्र के माल टोला निवासी एक युवक की मौत हार्ट से हो गई।मृतक युवक की पहचान माल टोला निवासी स्व. रामप्रसाद साव के 36 वर्षीय पुत्र अभयकांत गुप्ता उर्फ नेपाली के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वे दोपहर तक ठीक-ठाक थे। अभयकांत अपने घर के पास बैठे ही थे कि गर्मी लगने लगी। गर्मी के कारण उन्होंने अपना कपड़ा उतार दिया और परिजनों से कहा कि उनकी तबियत ठीक नहीं लग रही है।इसी बीच बेहोश हो गए मौत हो गयी। और कुर्सी से गिर पड़े।परिजनों ने एंबुलेंस को कॉल करके बुलाया और वे अभयकांत को अस्पताल ले गए।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. गुलाम अनीश ने बताया कि अभयकांत गुप्ता को परिजनों के सहयोग से स्ट्रेचर पर अस्पताल लाया गया था,जिसका स्वास्थ्य जांच करने पर बल्ड प्रेशर और पल्स बिल्कुल शून्य बता रहा था।

## मुस्लिम वोटरों पर सियासतदारों की नजर

### 50 से 70 सीटों पर कर सकता है खेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पहले चरण का चुनाव करीब आते ही मुस्लिम वोटरों को लेकर राजद और जदयू की दावेदारी अपने-अपने एंगल से है। इस क्रम में स्पष्टीकरण का मोड़ भी दिखता है। तेजस्वी यादव ने वक्फ कानून पर मुस्लिम समाज के वोटरों पर अपने को केंद्रित किया। कई जगहों पर उन्होंने यह कहा कि उनकी सरकार आई तो वह वक्फ कानून के जो संशोधन आए हैं उसे डस्टबिन में फेंक देंगे। दूसरी ओर, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि जब वक्फ कानून बिल के रूप में आया था तब जदयू ने इस मसले पर संयुक्त संसदीय कमेटी के गठन का सुझाव दिया था। जदयू की सलाह पर संयुक्त संसदीय कमेटी का गठन भी किया गया। जब यह बिल पास हुआ तो जदयू के संशोधन को केंद्र में रख गया। कानून तो कानून है उसे कोई उसे डस्टबीन में कैसे फेंक सकता है।

मुस्लिम समाज के वोटरों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी परामर्श दे रहे कि उनकी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के मुस्लिम समाज के लोगों को उनका पूरा हक दिया है। हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा। राजद का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने मुस्लिम समुदाय का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिए किया और उन्हें कोई हिस्सेदारी नहीं दी।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नीतीश कुमार इस बात को भी आगे कर रहे कि विधानसभा चुनाव के समय कुछ लोग फिर से अपने आप को मुस्लिम समुदाय का हितैषी बताने में जुट गए हैं। सिर्फ मुस्लिम वर्ग के लोगों का वोट हासिल करने के लिए तरह-तरह की लालच और हथकंडे अपनाए जा रहे।

नीतीश कुमार एडवाइजरी के अंदाज में मुस्लिम समाज को यह भी कह रहे कि उनकी सरकार ने उनके समाज के लिए काम किया है उसे याद रखिए और उसके आधार पर तय कीजिए कि वोट किसे देना है।

बता दें कि बिहार में मुस्लिमों की आबादी लगभग 17.7 प्रतिशत है। यह आबादी बिहार के 50 से 70 विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव में निर्णायक भूमिका है। सीमांचल के जिले मसलन किशनगंज, कटिहार, अररिया व पूर्णिया जिले में मुस्लिम वोटरों की संख्या 40 प्रतिशत तक है।

किशनगंज में 68 प्रतिशत, कटिहार में 44, अररिया में 43 और पूर्णिया में 39 प्रचिशत मुस्लिम आबादी है। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में 19 मुस्लिम विधायक चुने गए जो कुल विधायकों का आठ प्रतिशत है।

## सूर्य मंदिर में गूंजा बच्चे की किलकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आरा। आस्था और अद्भुत संयोग का दृश्य सोमवार की रात बहरी महादेव धाम स्थित सूर्य मंदिर परिसर में देखने को मिला, जब छठ व्रत कर रही एक महिला ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के बाद अचानक उठी प्रसव पीड़ा के बीच स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। यह खबर फैलते ही मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गई और लोग नवजात की एक झलक पाने को उमड़ पड़े। सभी का कहना था कि यह सूर्यपुत्र है।

जानकारी के अनुसार, अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के जगदेवपुर गांव निवासी मुकेश कुमार की पत्नी सीमा देवी अपने परिवार के साथ छठ महापर्व का अनुष्ठान करने बहरी महादेव धाम पहुंची थीं। सोमवार की शाम उन्होंने सहज रूप से अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया। लेकिन दूसरा अर्घ्य देने से पहले ही रात लगभग एक बजे उन्हें प्रसव पीड़ा होने लगी। इससे घबराए स्वजन ने तुरंत वहां स्थित अस्थायी स्वास्थ्य शिविर के कर्मियों को सूचना दी।

स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता से महिला को शिविर में लाया गया, जहां दो एएनएम की देखरेख में सुरक्षित प्रसव कराया गया। कुछ ही देर में सीमा देवी ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। पीरो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रवि ने बताया कि मां और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। इससे स्वजनों में तो खुशी की लहर दौड़ी ही, वहां उपस्थति जिसने भी यह खबर सुनी, सभी उस बच्चे को देखने पहुंचे।

छठ का उपवास रख रही व्रती द्वारा पुत्र जन्म देने की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई। श्रद्धालु इसे सूर्य भगवान की कृपा और आस्था की शक्ति का प्रतीक मानने लगे। वहीं पुत्ररत्न की प्राप्ति से मुकेश कुमार का परिवार खुशी से झूम उठा। लोगों ने कहा—यह चमत्कार नहीं, सूर्य देव की महिमा का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

## शिव पर्वत मन्दिर कमिटी ने लगाया निःशुल्क सेवा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड के ऐतिहासिक रानीबाजार सूर्य मंदिर छठ घाट पर मंगलवार को छठ पूजा के अवसर पर शिव पार्वती मन्दिर कमिटी के सौजन्य से निःशुल्क सेवा शिविर लगाया गया। इस दरम्यान मन्दिर कमिटी के कार्यकर्ताओं ने कमिटी के अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में स्टॉल लगाकर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क कॉफी,चाय एवं बिस्कुट का वितरण किया। अध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कमिटी द्वारा छठ पर्व के दिन सेवा शिविर लगाकर चाय,बिस्किट आदि का वितरण किया जाता है।

मौके पर कमिटी के सदस्य बिपिन चौरसिया,उदय सिंह, सत्यनारायण साव, राजा, प्रमोद,उदय सीआरपीएफ, सिंटू, संजीव, शैलेन्द्र आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर गुप्ता एक्वा नीर के मणिशंकर गुप्ता एवं मोलू कुमार के द्वारा शिविर में निःशुल्क शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया गया।

उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास सम्पन्न

कौआकोल। चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ कौआकोल में भक्तिमय माहौल में हर्षोल्लास संपन्न हो गया।

इस दौरान सोमवार की शाम अस्तचलगामी एवं मंगलवार की सुबह उदयीमान सूर्य को श्रद्धालुओं द्वारा अर्घ्य प्रदान कर सुख,शांति एवं समृद्धि की कामना किया गया। प्रखण्ड के रानीबाजार सूर्य मंदिर छठ घाट,सोखोदेवरा अवस्थित सूर्य मन्दिर तालाब,बरौन बाजितपुर, दरावां, महापुर, लालपुर, मधुरापुर,गोवरैया,नावाडीह सहित दर्जनों नदी घाटों एवं जलश्रोतों के पास श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों ने अर्घ्य प्रदान कर सुख,शांति एवं समृद्धि की कामना की।

छठ पूजा सम्पन्न होने के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में ठेकुंआ,फल आदि ग्रहण किया। छठ पर्व को लेकर पूरे प्रखण्ड में भक्ति का माहौल बना रहा। छठ घाटों पर ही व्रतियों ने तमाम श्रद्धालुओं के बीच ठेकुआँ और फल का प्रसाद बांटा। पूजा संपन्न होने के बाद व्रतियों ने सभी को टीका भी लगाया एवं श्रद्धालुओं ने व्रतियों के पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। वहीं कई छठ घाटों पर बच्चों का मुंडन कराया गया। इस बीच महिलाओं ने पारंपरिक मुंडन गीत भी गाए।

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** वेन थाना क्षेत्र के सौरे गांव में रविवार की देर रात हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान 61 वर्षीय वीरेश प्रसाद सिन्हा, पिता स्वर्गीय देवशरण प्रसाद के रूप में हुई है। वे देवपति आईटीआई के संचालक थे।

जानकारी के अनुसार वीरेश प्रसाद सिन्हा अपने संस्थान से प्रसाद ग्रहण करने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही वेन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। बाइक सवार की पहचान की जा रही है ।

## प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाये दांव




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** छठपूजा के समापन के अवसर पर स्व.भागवत यादव दंगल प्रतियोगिता मंगलवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जगदीश पहलवान ने की । यह कार्यक्रम डोहरा गांव स्थित खेल मैदान में की गई। इस प्रतियोगिता में पुरूष व महिला वर्ग के पहलवानों ने किस्मत आजमाये। इस दंगल प्रतियोगिता में छह जोड़ी महिला पहलवान अखाड़ा में किस्मत आजमाए।

इस प्रतियोगिता में बिहार राज्य के अलावा विभिन्न राज्यों के महिला पहलवान ग्रामीण इलाके में आयोजित दंगल में भाग लेने पहुंचे।वही पुरूष वर्ग के 30 जोड़ी पहलवान स्थानीय के अलावा उतर प्रदेश व अन्य क्षेत्रों से पहुंच कर अखाड़ा में दिलचस्प कुश्ती लड़े।

दंगल प्रतियोगिता का आयोजन धनन्जय कुमार धीरज ने किया। वही संचालन जगदीश पहलवान व धनन्जय कुमार धीरज ने बखूबी से निभाया। संवाद प्रेषण तक दंगल प्रतियोगिता में पहलवान अपनी किस्मत आजमाते रहे । संचालक ने कहा सभी विजेता व विजेता को शील्ड ,मेडल व नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।मौके पर पूर्व उपमुखिया संजय कुमार,राजगीर के सरकारी रेफरी शिवालक पहलवान, सूचित कुमार, मनोज यादव, शिवलक यादव,अर्जुन यादव समेत अन्य शामिल रहे।

CMYK

# मंत्री प्रेम कुमार ने किया भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित

## छठ पर्व को बताया लोक आस्था और अनुशासन का प्रतीक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर मंगलवार की सुबह बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी प्रभावती देवी ने भी व्रत में शामिल होकर भगवान सूर्यदेव और छठी मैया से बिहार तथा गया जिले के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। सूर्यदेव के प्रति अगाध श्रद्धा प्रकट करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था, शुद्धता और अनुशासन का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व केवल सूर्य उपासना का उत्सव नहीं, बल्कि परिवार और समाज के सामूहिक समर्पण का परिचायक भी है। उन्होंने कहा कि गया सहित पूरे बिहार में यह पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और शांति के वातावरण में मनाया जा रहा है जिससे पूरे राज्य में भक्ति और एकजुटता का संदेश प्रसारित हो रहा है। मंत्री ने शहर के सभी घाटों पर की गई स्वच्छता, सुरक्षा, रोशनी और अन्य व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, बिजली विभाग, नगर निगम और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने समन्वय और निष्ठा के साथ कार्य किया जिसके कारण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं को भी बधाई दी जिन्होंने लगातार कई दिनों तक घाटों और सड़कों की सफाई तथा व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रेम कुमार ने कहा कि छठ पर्व बिहार की सांस्कृतिक पहचान का सबसे उज्ज्वल प्रतीक है। इसमें निहित सादगी, पवित्रता और लोक संस्कृति की परंपरा हमें एकता, अनुशासन और श्रद्धा का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सामाजिक सद्भाव और पारिवारिक एकजुटता को सशक्त बनाता है क्योंकि इसमें पूरा समाज एक परिवार की तरह मिलकर श्रद्धा और सेवा की भावना से सहभागी होता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि सभी लोग छठ पर्व को स्वच्छता, सौहार्द और अनुशासन के साथ मनाएं। ताकि यह परंपरा आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा बन सके। प्रेम कुमार ने कहा कि सूर्य उपासना का यह अनोखा पर्व मानव और प्रकृति के बीच के गहरे संबंध का प्रतीक है जो हमें संतुलन, संयम और आत्मनियंत्रण का जीवन-पाठ सिखाता है। मंगलवार की सुबह गया के विभिन्न घाटों पर छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। अर्घ्य के समय पूरा वातावरण 'छठी मइया के जयकारों' से गूंज उठा और शहर की पवित्र धरती आस्था, भक्ति और लोक परंपरा की अलौकिक छटा से आलोकित हो उठी।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो नाबालिगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के गुरारू - इसमाइलपुर रेल स्टेशनों के बीच मंझिआवां गांव के समीप सोमवार को रेल की चपेट में आने से दो नाबालिग गौतम कुमार पिता शिवकुमार पासवान, ग्राम-खगड़ी बिगहा, परैया एवं रंजीत कुमार पिता मुन्ना पासवान, ग्राम -पाली, कोंच की मृत्यु हो गई वहीं विपिन कुमार पिता सीता राम पासवान ग्राम -प्राणपुर, परैया बुरी तरह घायल हो गया। घायल का इलाज गुरारू बाजार के निजी क्लिनिक में चल रहा है। गौरतलब है कि ये तीनों बच्चे छठ पूजा में अपने परिजन मंझिआवां गांव निवासी सुरेंद्र पासवान के घर आये हुए थे। ग्रामीणों ने बताया कि ये तीनों बच्चे रेलवे लाइन पर मोबाइल से रिल बना रहे थे और इतने मशगूल थे कि ट्रेन की आवाज भी नहीं सुन सके और ट्रेन की चपेट में आ गए। इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि माता -पिता की लापरवाही ने बच्चों को मौत के मुंह में ढकेल दिया।

## गया में 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की शुरूआत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में उप-महानिरीक्षक मानवेंद्र ने अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) गया के कमांडेंट राजेन्द्र भारद्वाज और 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट मधुकर अमिताभ उपस्थित रहे। मानवेंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक मनाया जाएगा जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का विषय 'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' है जो सभी को ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति सजग रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है जिसे समाप्त करने के लिए सरकार, नागरिकों और निजी क्षेत्र को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। मानवेंद्र ने बलकर्मियों से निष्ठा और नैतिक आचरण को अपने कार्य का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अंजय रजक, द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) गया तथा 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और बलकर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन और पारदर्शी व्यवस्था के निर्माण का संकल्प लिया।

## डीएम ने सूर्यकुंड, देवघाट, गजाधर घाट, गयाजी डैम आदि का किया स्थलीय निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान गया शहरी क्षेत्रों के मुख्य छठ घाटों यथा सूर्यकुंड, देवघाट, गजाधर घाट, गया जी डैम इत्यादि का सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया। विदित हो कि 25 से 28 अक्टूबर 2025 तक कार्तिक छठ पूजा के अवसर पर जिलेभर के भारी तादाद में हिंदू धर्मावलंबी श्रद्धा भाव, शुद्धता से निर्जला व्रत करते हैं। छठ महापर्व के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी तैयारियां पूर्ण की गई है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लाइटिंग, साफ-सफाई, पेयजल, चेंजिंग रूम, अस्थाई शौचालय, क्रियाशील मैकिंग एड्रेस सिस्टम, नियंत्रण कक्ष, एनडीआरफ, वोट, गोताखोर की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, साइनेज, महिलाओं, बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग आदि को उन्होंने स्वयं देखा एवं संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन हेतु आवश्यक तैयारियां, दुकानों को सुव्यस्थित करने, श्रद्धालुओं से पार्किंग हेतु अवैध वसूली करने वालों पर कार्रवाई करने, चोर/उचक्के/पॉकेटमारो पर विशेष निगरानी बरतना सुनिश्चित करेंगे। छठ घाटों पर गहरे पानी से सुरक्षा हेतु वोट, एनडीआरएफ, गोताखोर, रस्सी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। डीएम के निदेशानुसार छठ घाटों पर छठव्रतियों के बीच बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदान दिवस 11 नवंबर 2025 को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु मतदाताओं से प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा छठ व्रतियों जो जिनको पैदल चलने में दिक्कत है, वृद्धि हैं, या दिव्यांग श्रद्धालु हैं, उनकी सुविधा के लिए जिला प्रशासन गया द्वारा निशुल्क ई रिक्शा की व्यवस्था मुहैया करवायी गयी।

## छठ पर्व पर प्रेम कुमार ने किया गया के घाटों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** लोकआस्था के महापर्व छठ के अवसर पर मंगलवार की संध्या को सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने गया शहर के विभिन्न छठ घाटों – पिता महेश्वर घाट, रामशिला घाट, नूतन नगर बिंदेश्वरी घाट और किरानी घाट – का दौरा कर सफाई, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रेम कुमार ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि छठ पर्व बिहार की आस्था, विश्वास और गौरव का प्रतीक है। यह पर्व हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन का सबसे पावन एवं पौराणिक उत्सव है जिसे सभी बिहारवासी श्रद्धा, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व न केवल सूर्य उपासना का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, स्वच्छता और सेवा की भावना को भी मजबूत करता है। मंत्री ने बताया कि पिता महेश्वर घाट और रामशिला घाट पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया जिससे घाटों की स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इन घाटों पर पानी का छिड़काव किया गया है तथा व्रतियों और आगंतुकों के लिए चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई है। प्रेम कुमार ने जानकारी दी कि नूतन नगर मोहल्ला से दूरभाष पर सफाई की कमी की सूचना प्राप्त होने पर उन्होंने तुरंत नगर आयुक्त से संपर्क कर वहां तत्काल सफाई कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा किरानी घाट पर नगर निगम द्वारा बनाए गए अस्थायी पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलने पर प्रेम कुमार स्वयं स्थल पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि छठ व्रतियों के सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए क्षतिग्रस्त पुल का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए। उनकी पहल पर नगर निगम की टीम ने देर शाम तक मरम्मत कार्य पूरा किया जिससे श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराया जा सका। मंत्री ने बताया कि यह घाट मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत सौंदर्यीकरण कराया गया था और सभी घाटों पर सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था तथा स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन, नगर निगम, बिजली विभाग और पुलिस बल की सराहना करते हुए कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से छठ पर्व की तैयारियां सुचारू रूप से चल रही हैं और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## छठ पूजा पर डबुर में कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** क्षेत्रीय छठ पूजा समिति डबुर (देवी स्थान) की ओर से छठ महापर्व के शुभ अवसर पर भव्य कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिकंदर पासवान ने की जबकि संचालन श्याम सुंदर यादव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने छठ पूजा के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पर्व लोकआस्था, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक है। वहीं, पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ पांडेय ने कहा कि छठ पूजा के आयोजन से समाज में एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश मिलता है। भाजपा नेता डॉ. लालजी यादव ने छठ पर्व के दौरान साफ-सफाई और नदी-घाटों की स्वच्छता पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर बिहार के प्रसिद्ध व्यास रामजी गुप्ता (बक्सर) एवं बुलेट तिवारी (आरा) की उपस्थिति में कीर्तन प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें कई मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने किया। मौके पर उपेंद्र यादव, राम विजय यादव, रंजीत दास, उपेंद्र पासवान, शिव बच्चन कुमार, रामानंद पासवान, पवन कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। वहीं चबुरा पंचायत के बरई गांव में भी दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर लोकआस्था का महापर्व संपन्न

### पितामहेश्वर घाट पर उमड़ा श्रद्धा का सागर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के विभिन्न घाटों घाट पर आज छठ महापर्व के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए हजारों व्रती और श्रद्धालु पहुंचे। जैसे ही सूर्य देव की पहली किरणें नदी के जल पर पड़ीं, पूरा घाट 'छठ माता की जय' के जयघोष से गूंज उठा। पितामहेश्वर बने घाट पर श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था और परंपरा के साथ अपना उपवास तोड़ा। अजय, विजय, विवेक गुप्ता परिवार के महिलाओं ने सूर्य देव को दूध, गंगाजल और फल-सामग्री से अर्घ्य अर्पित किया। रातभर घाटों पर सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई थी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी और प्रशासनिक टीम लगातार भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था का जायजा लेते रहे। लोक आस्था के इस महापर्व ने एक बार फिर बिहार की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत कर दिया जहां आस्था, अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## श्रद्धा और आस्था के माहौल में शांतिपूर्वक छठ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखण्ड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ मंगलवार की सुबह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व का समापन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ हुआ। सुबह 6:27 बजे छठव्रतियों ने घाटों पर पहुंचकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और परिवार की सुख-समृद्धि एवं समाज की मंगल कामना की। इसके साथ ही व्रतियों ने जल में खड़े होकर सूर्योपासना के इस अनुष्ठान को पूर्ण किया। सोमवार की शाम व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की थी। इस अवसर पर सभी घाटों पर भक्तिमय माहौल बना रहा। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सूप-दौरा में ठेकुआ, केला, नारियल, नींबू और अन्य प्रसाद सामग्री के साथ पूजा-अर्चना की। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई थी। पुलिस बल घाटों पर लगातार गश्त करते रहे ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं, छठ पूजा समिति के सदस्यों की ओर से व्रतियों को सहयोग प्रदान किया गया। समिति द्वारा पान के पत्ते, आम के दातुन, माचिस, फल, दूध आदि सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। श्रद्धा और अनुशासन के माहौल में संपन्न इस पर्व ने समाज में एकता और स्वच्छता का संदेश दिया।

## 68 वर्षीय बुजुर्ग की आहर में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स सवाददाता**

**डोभी/ गयाजी।** डोभी प्रखंड के पट्टी पंचायत के बूंदा बिघा गांव में मंगलवार को एक दुखद घटना घटित हुई जहां 68 वर्षीय जगदीश मिस्त्री की बूढ़ी आहर में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि जगदीश मिस्त्री सोमवार की शाम को घर से शौच के लिए आहर के पास गए थे, लेकिन रात को घर नहीं लौटे। परिजन व्याकुल होकर इधर-उधर खोजते रहे। सुबह बूंदा बिघा के बूढ़ी आहर में एक व्यक्ति की लाश तैरते हुए दिखाई दी। ग्रामीणों की भीड़ जमा होने लगी तभी एक ग्रामीण तैराक ने पानी में तैरते हुए लाश को बाहर निकाला जिसकी पहचान जगदीश मिस्त्री के रूप में किया गया। घटना की सूचना मिलते ही डोभी प्रखंड के सीओ परीक्षित कुमार एवं बाराचट्टी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर दी गई जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया गया।

## भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने पर आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** खिजरसराय थानांतर्गत इस्लामपुर मुख्य मार्ग पर शांति नगर गांव में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा को रात्रि को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने पर जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम कार्यन्यवन समिति के सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार ने आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग डीएम शंशाक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार से की है। डॉ0 कुमार ने कहा कि पिछले 14 फरवरी को भी असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया था और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लिखित कार्रवाई करने का आवेदन पुलिस पदाधिकारी को दिया गया।

## अर्घ्य के साथ श्रद्धापूर्वक कार्तिक छठ महापर्व संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** वजीरगंज प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्तिक छठ महापर्व मंगलवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य के बाद पारण के साथ श्रद्धा व शांति पूर्वक संपन्न हुआ। वजीरगंज प्रखंड कार्यालय स्थित छठ घाट तालाब सहित तरवां बाजार, हड़ाही स्थान, कुर्किहार, मीरगंज, दखिगांव, पूरा, एरु, सहिया, पुनावा आदि गांवों में छठ घाटों पर कार्तिक छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। प्रखंड कार्यालय परिसर में अमर ज्योति नवयुवक संघ डाकबंगला श्री छठ पूजा समिति एवं वजीरगंज भरेती बाजार में स्टूडेंट्स क्लब के द्वारा भगवान भास्कर एवं छठी मईया की प्रतिमा स्थापित कर आराधना करते हुए सर्वकल्याण की कामना की गई। इस दौरान वजीरगंज पुलिस प्रशासन भी पूरे मुस्तैद रही। वजीरगंज बीडीओ प्रभाकर सिंह सहित थानाध्यक्ष एवं सीओ के द्वारा तरवां छठ घाट, हड़ाही स्थान छठ घाट एवं वजीरगंज प्रखंड कार्यालय स्थित छठ घाट पर महिला पुलिस बल के साथ विशेष पुलिस बल की व्यवस्था गई थी। सभी छठ घाटों पर अपार भीड़ देखी गई। कुल मिलाकर लोक आस्था का महापर्व कार्तिक छठ प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

## असामाजिक तत्वों ने मोटरसाइकिल में लगाई आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के गरारी पंचायत के देवरा देवी मंदिर के समीप एक गली में असामाजिक तत्वों ने देर रात खड़ी मोटरसाइकिल में आग लगा दी। बताया जाता है कि यह मोटरसाइकिल स्थानीय निवासी संतोष साव की थी जो मंदिर के पास अपनी बाइक खड़ी कर घर चले गए थे। रात में किसी शरारती तत्वों ने मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया जिससे वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गया। मंगलवार के दोपहर लगभग 1 बजे पीड़ित संतोष साव ने इस संबंध में कोंच थाना में लिखित आवेदन दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी।

## बोधगया में एक घर पर ताबड़तोड़ 5 राउंड फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के बोधगया थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में देर रात एक घर पर हमला कर पांच राउंड फायरिंग की गई। इस घटना में घर के कई सदस्य घायल हो गए हैं। पीड़ित परिवार ने बोधगया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है और पीड़ित परिवार को लगातार धमकी दे रहा है। पीड़ित परिवार के सदस्य हसनैन खान ने बताया कि जितेंद्र यादव अपने कई समर्थकों के साथ उनके घर पहुंचा और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान पांच राउंड फायरिंग भी की गई। रोड़ेबाजी में परिवार के कुछ सदस्यों को चोटें आई हैं। हसनैन खान के अनुसार यह घटना चंदन यादव और जितेंद्र यादव के बीच हुई लड़ाई में उनके बीच-बचाव करने के बाद हुई। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच राजनीतिक कारणों से विवाद चल रहा था जब हसनैन ने बीच-बचाव किया तो जितेंद्र यादव ने उन्हें धक्का दिया और बाद में उनके घर पर हमला कर दिया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। उन्हें लगातार केस वापस लेने और जान से मारने की धमकियां मिल रही है। परिवार ने बताया कि पांच राउंड फायरिंग का वीडियो भी उनके पास मौजूद है।

## नारियल एवं फल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोंच (गयाजी)।** आस्था का महान पर्व पर जिले के कोंच प्रखण्ड के कोंचेश्वरनाथ एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में छठ पूजा के संध्या अर्घ्य के अवसर पर सोमवार को 151 नारियल फल का वितरण किया गया। वहीं प्रातःकालीन अर्घ्य पर श्रद्धालुओं के बीच नींबू, चीनी और पानी की बोतलें भी वितरित की गईं। इस सेवा कार्य में ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से बिनीत कुमार, अरुण पाठक, प्रति कुमारी, राजीव कुमार, शौरभ, सोनू, विकास, अमन एवं अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ट्रस्ट द्वारा किए गए। इस सामाजिक कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## एसएसपी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। एसएसपी आनन्द कुमार ने शहर के कई महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अपने मातहतों को जांच पड़ताल में पूरी सख्ती बरतने व आम अवाम से सहजता से पेश आने की नसीहत भी दी। गौरतलब है कि गयाजी दूसरे चरण के तहत मतदान है। मतदान 11 नवम्बर को होगा। इसकी तैयारी दिन रात पुलिस व प्रशासन की ओर से युद्धस्तर पर चल रही है। उन्होंने सबसे पहले ओटीए गेट संख्या-5 स्थित चेक पोस्ट का जायजा लिया जहां तैनात पुलिस पदाधिकारियों से सुरक्षा तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद एसएसपी एयरपोर्ट मोड़ हरिओ स्थित एसएसटी पोस्ट और मगध विश्वविद्यालय के डिस्पैच सेंटर पहुंचे। उन्होंने वहां की व्यवस्था की भी बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने चुनाव के दौरान शांति एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए पुलिस बल को सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्व पर तुरंत तेजी से कार्रवाई की जाए। साथ ही संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखने और रात्रि गश्ती को और तेज करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है और इसे पूरी शांति, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## सनातन और ब्राह्मण को गाली देना फैशन : मंगलानंद मिश्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरूआ विधान सभा ब्राह्मण एकता परिषद के अध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार मंगलानंद मिश्र ने कहा कि पिछले कुछ सालों से गंदी राजनीति के तहत सनातन धर्म एवं इसके रक्षक ब्राह्मणों को गाली देना फैशन बन चुका है। साथ ही साथ कहा कि सनातन धर्म एवं ब्राह्मणों को गाली देने वाले प्रत्याशी को विधानसभा चुनाव में उनके द्वारा रामायण-महाभारत जलाने, विरोध करने, गाली देने की बातों को बताते हुए उनका पूरजोर बहिष्कार करें। चाहे वह व्यक्ति किसी भी पार्टी का उम्मीदवार हो। वैसे उम्मीदवार को वोट का बोहनी होने नहीं दें। चुनाव के पूर्व वैसे उम्मीदवार सनातन धर्म एवं उनके अनुयाइयों को गाली देते एवं धर्म शास्त्रों का आलोचना करते हुए देखे जाते हैं। पार्टी का टिकट मिलते ही लंबा-लंबा टिक और टीका के साथ-साथ अंगुलियों में कीमती धातुओं और पत्थरों की अंगूठियों पहन कर एवं हाथ में मोटा कलेवा बांधकर सनातन धर्मावलंबियों के बीच वोट मांगने को उतर जाते हैं। ऐसे बहुरूपिए उम्मीदवारों को पहचान कर आज उन्हें वायकाट करने की आवश्यकता है। आगे उन्होंने कहा कि मैं ऐसे विधर्मी उम्मीदवारों से पूछना चाहता हूं कि जब रामायण, महाभारत, ब्राह्मण का आपके अनुसार अस्तित्व हीं नहीं तो फिर रामायण -महाभारत के पात्रों के नाम पर आपने स्वयं का, अपने संतानों, पार्टियों का नाम कैसे रखा? रामायण के धर्म पारायण पात्रों को अपने जाति का मान कर पूजा क्यों कर रहे हैं? उनके गोत्र के आप कैसे हो गये? श्री मिश्र ने सनातन धर्मियों को आह्वान करते हुए कहा कि आज वैसे उम्मीदवार को पहचान कर उन्हें चुनाव में हरा सबक सिखायें ताकि भविष्य में ऐसे उम्मीदवार सनातन धर्म का दुष्प्रचार करने का साहस नहीं कर सकें। धर्मो रक्षति धर्म।

संपादकीय

# केरल की बड़ी कामयाबी

केरल राज्य की इस उपलब्धि को राजनीतिक दुराग्रहों से हटकर समग्र देशहित के चश्मे से देखा जाना चाहिए। केरल भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने अत्यंत गरीबी को पूरी तरह खत्म कर दिया। यह उपलब्धि केरल मॉडल की ताकत को दर्शाती है, जिस पर दुनिया भर में चर्चा हो रही है। केरल में वामपंथी मोर्चे की सरकार है। गौरतलब है कि यह राज्य 1 नवंबर 2025 को तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व में अत्यंत गरीबी-मुक्त राज्य की घोषणा करेगा। नीति आयोग ने इसकी पुष्टि की है कि केरल ने चरम गरीबी (2.15 प्रति दिन से कम, लगभग रू. 180) को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। यह उपलब्धि विश्व स्तर पर चीन के बाद दूसरी है। नीति आयोग के 2021 के आंकड़ों में केरल की गरीबी दर पहले ही 0.7प्रतिशत थी - देश में सबसे कम। इसके बाद विजयन सरकार ने एक्सट्रीम पॉवर्टी एरेडिकेशन प्रोजेक्ट शुरू किया, जिसके तहत 64,006 परिवारों को अत्यंत गरीब के रूप में चिन्हित किया गया। प्रत्येक परिवार के लिए व्यक्तिगत योजनाएँ बनाई गईं - भोजन, स्वास्थ्य, आजीविका, और आवास पर ध्यान। 21,263 लोगों को राशन कार्ड, आधार, वोटर ङ्खष्ठ जैसे दस्तावेज दिए गए। 3,913 परिवारों को घर, 1,338 को भूमि, और 5,651 घरों की मरम्मत के लिए रू. 2 लाख तक की सहायता। यह कोई एक दिन की उपलब्धि नहीं थी। केरल में वामपंथी (रुस्न) और कांग्रेस-नेतृत्व वाली (ष्ठस्न) सरकारों ने दशकों से शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास को प्राथमिकता दी। स्थानीय निकायों (पंचायत, नगरपालिका) और कुडुंबश्री जैसे महिला सशक्तिकरण मिशनों ने एकजुट होकर इसे संभव बनाया। भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, फिर भी 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर निर्भर हैं। विश्व बैंक की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 75 मिलियन लोग अत्यंत गरीबी (3 प्रति दिन से कम) में जी रहे हैं। लेकिन इस बीच, केरल ने चमत्कार कर दिखाया है - केरलः अत्यंत गरीबी का खात्मा। साथ ही जियो-टैगिंग से पारदर्शिता सुनिश्चित की गई। दरअसल केरल मॉडल की ताकत इसके इंसान-केंद्रित विकास में है। नीति आयोग की स्ष्ठत्र इंडिया इंडेक्स 2023-24 के अनुसार, केरल 79 अंकों के साथ मानव विकास सूचकांक (॥ष्ठढ्ढ) में भारत का शीर्ष राज्य है। जबकि 57 अंक लेकर बिहार सबसे निचले स्थान पर है। जिन मानकों के आधार पर केरल ने यह उपलब्धि हासिल की है, वो हैं- साक्षरता दरः केरल की 96.2प्रतिशत (राष्ट्रीयः 77.7प्रतिशत, वैश्विकः 86.5प्रतिशत) - विश्व औसत से 10प्रतिशत अधिक। जीवन प्रत्याशाः 78.26 वर्ष (भारतः 72, विश्वः 73.1) - यूपी/बिहार से 8 वर्ष ज्यादा। स्वास्थ्यः प्रति व्यक्ति रू. 1,000 स्वास्थ्य पर खर्च (राष्ट्रीयः रू. 250 से कम)। प्रति 1,000 लोगों पर 1 डॉक्टर (ङ्ख॥ह्र मानक)। शिशु मृत्यु दरः 5 प्रति 1,000 (भारतः 25, अमेरिकाः 5.6)। शिक्षा बजटः त्रष्ठक्क का 3.46प्रतिशत (भारतः 1.9प्रतिशत से कम)। मजदूरीः औसत रू. 700/दिन (राष्ट्रीय औसत का 4 गुना, मध्य प्रदेशः रू. 292)। इसके अलावा केरल का ॥ष्ठढ्ढ (0.775) कई विकसित देशों (जैसे अमेरिका, यूरोप) के बराबर है। यह उपलब्धि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समानता में दशकों के निवेश का नतीजा है। साथ ही सामाजिक सद्भाव भी इसके पीछे बड़ा कारण है। हालांकि यहां भी सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिशें होती हैं, लेकिन सरकार उनसे सख्ती से निपटती है। राज्य की 54.7 प्रतिशत आबादी हिंदू, 26.6प्रतिशत मुस्लिम और 18.4प्रतिशत जनसंख्या ईसाई है। केरल ने साबित किया है कि विकास का रास्ता इंसान-केंद्रित नीतियों से होकर गुजरता है, न कि सांप्रदायिक विद्वेष से। इस कामयाबी की एक और वजह केरल की वाम सरकार द्वारा केन्द्र की मोदी सरकार के साथ समन्वय बनाकर रखना भी है। क्योंकि टकराव से कुछ हासिल नहीं हो सकता। विजयन सरकार ने यह संदेश देने की सफल कोशिश की है कि वैचारिक आग्रह विकास के आड़े नहीं आने चाहिए।

# अक्षय उर्जा का सर्वोत्तम स्रोत सूर्य की आराधना महापर्व छठ



**पंकज कुमार**

अक्षय उर्जा के सर्वोत्तम स्रोत सूर्य अपनी साम्यवाद का अप्रतिम उदाहरण है , आज संपूर्ण विश्व इसके शोध ,संवर्धन और इसके प्रयोग के साथ पर्यावरण की स्वीकार्यता पर विशेष रुप अपनी कार्ययोजना बना जा रहा है और वैश्विक स्तर पर इसका प्रयोग से धरती के वातावरण को संतुलत करने का प्रयास जारी है ताकि जल ,जीवन और जंगल को बचाया जा सके ।

संपूर्ण विश्व ,जिस संकल्पना की ओर बढ़ रहा है, वह हमारे संस्कृति में महापर्व छठ के रुप में पहले से ही रची बसी है और ई. पूर्व से ही संदेश दे रही है कि अक्षय ऊर्जा के सर्वाधिक प्रयोग में ही विश्व का कल्याण निहित है ।

महापर्व छठ पर यूं तो कई कथा और किवदंतियां है पर इसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को हमारे मनीषियों ने विभिन्न प्रयोगों की कसौटियों के आधार पर हजारों वर्ष पूर्व ही बता दिया था ।

उर्जा के सर्वोत्तम स्रोत सूर्य की आराधना महापर्व छठ की रुप में बिहार से निकलती है और विश्व को अस्ताचलगामी सूर्य के अर्ध्य देने के माध्यम से दो सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए , इसके समाजिक और वैज्ञानिक पहलू पर संदेश देती है- ÷ उदेति सविता ताम्र- ताम्र स्वास्तमेति ÷ अर्थात जिसप्रकार उगते हुए सूर्य और डूबते हुए सूर्य का रंग ताम्र का होता है और दोनो ही पहर के सूर्य का प्रकाश हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है, उसी प्रकार हम केवल उदयमान या सामर्थ्यवान को ही प्रणाम नहीं करते, हम उनको भी प्रणाम करते है जो हमारे लिए जले हैं,भले ही वे आज वह अंधकार की गोद में समा गए हैं ।

औरंगाबाद जिले में स्थित सूर्य भगवान को समर्पित देव मंदिर, भारत के कुछ गिने चुने मंदिरों में एक है जो पूर्वाभिमुख न होकर पश्चिमाभिमुख है। मंदिर के द्वार पर पाली में लिखित शिलालेख से जानकारी प्राप्त होती है कि इसकी शिल्प कला में नागर, द्रविड़ और वेसर शैली का प्रभाव है,जिससे स्पष्ट होता है कि इसका निर्माण काल छठी-आठवीं सदी के बीच का है जो मंदिर के साथ महापर्व के प्रचीनतम होने की ओर इसारा करते है। मंदिर का शिल्प उड़ीसा के कोणार्क सूर्य मंदिर से मिलता है। देव सूर्य मंदिर दो भागों में बना है। पहला गर्भगृह जिसके ऊपर कमल के आकार का शिखर है और शिखर के ऊपर सोने का कलश है। दूसरा भाग मुखमंडप है जिसके ऊपर पिरामिडनुमा छत और छत को सहारा देने के लिए नक्काशीदार पत्थरों का बना स्तम्भ है। तमाम हिन्दू मंदिरों के विपरीत पश्चिमाभिमुख देव सूर्य मंदिर देवार्क माना जाता है

चार दिन की कठिन साधना का महापर्व छठ के चौथे और अंतिम दिन, यानी सप्तमी तिथि को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है. इसे उषा अर्घ्य कहा जाता है जिन्हें भोर की देवी भी कहा जाता है का आमंत्रण पृथ्वी के सबसे नाजुक चीज केले के पत्ते या लचकते हुए बांस की बनी सूप से अर्ध्य के माध्यम से ब्रहमांड के सबसे प्रखर तत्व को आमंत्रित किया जाता है, न कोई विधि, न कोई विधान, अपने घर का बना प्रसाद, न किसी पुरोहित की जरुरत, सूर्य आपका , कुंड/नदी तट आपका,आमंत्रण आपका, समर्पण आपका ,अमीर हो या गरीब, शुचिता इसमें सबसे महत्वपूर्ण।

प्रकृति के प्रति आस्था, समर्पण और अक्षय ऊर्जा के सर्वोत्तम प्रयोग से ही विश्व का विकास संभव है और लोक आस्था का महापर्व छठ इसका अप्रतिम उदाहरण है ।

**( लेखक उप-महाप्रबंधक, पी. वी . यू. एन. एल. पतरातू हैं )**

# संवैधानिक संस्था का अपमान सुनियोजित?

**रघु ठाकुर**

महात्मा गांधी तो दुनिया के ऐसे महात्मा थे जो अपनी हत्या का प्रयास करने वाले को भी दण्ड देना तो दूर उनकी आलोचना भी नहीं करते थे और इस अर्थ में जस्टिस गवई ने भी अपने आप को गांधीवादी सिद्ध किया है, हालांकि सांप्रदायिक सोच के लोग उनकी इस क्षमा को भिन्न-भिन्न तरीके से देखते हैं और प्रतिक्रियायें दे रहे हैं। उन विकृत मानसिकता के लोगों ने जस्टिस गवई के बड़प्पन को नकारने का प्रयास किया है और सोशल मीडिया पर ऐसी टिप्पणियां डाली हैं कि उन्होंने इसलिये माफकर दिया कि उन्हें एफआईआर दर्ज करनी पड़ती, फिर गवाही देनी होती और उनसे कई प्रश्न पूछे जाते यह इन विकृत मानसिकता वाले समूहों का मानसिक दिवालियापन और अज्ञानता भी है, उन्हें यह पता नहीं है कि कोर्ट रूम की घटना के लिये मुख्य न्यायाधीश को रपट लिखने की जरूरत नहीं होती, जो पुलिस वहां डयूटी पर मौजूद थी, वह अपनी ओर से एफआईआर दर्ज करती, जो कि उसका वैधानिक दायित्व है और गवाही देने के लिये भी सीजेआई को भी जाने की जरूरत नहीं है, बल्कि कोर्ट रूम के कर्मचारी सुरक्षा प्रहरी और उपस्थित वकील लोग गवाही दे सकते हैं।

ऐसी घटना, यह कोई पहली बार नहीं हुई है, इस प्रकार के मानसिकता वाले लोग ऐसी घटनाओं को पहले भी अंजाम देते रहे हैं।

1960 के दशक में तत्कालीन जनसंघ के विधायक स्व. पडरीराव कृदत्त ने विधानसभा की तरफ जूता फेंका था, जिसकी समाज में भारी आलोचना हुई थी और जनसंघ को अपनी इस जूता संस्कृति के लिये अगले चुनाव में पराजय के रूप में कीमत भी चुकानी पड़ी थी। मेरी जानकारी में उस समय के जनसंघ के एकमात्र नेता दीनदयाल उपाध्याय जी थे, जो एकात्म मानववाद के प्रवर्तक बताये जाते हैं, ने ही इस घटना के सार्वजनिक बचाव का दुस्साहस किया था और भोपाल आकर इस आपराधिक, अनैतिक अलोकतांत्रिक कृत्य का मीडिया के माध्यम से बचाव करने का प्रयास किया था।

एकात्म मानववाद वैसे भी उनकी खोज नहीं थी बल्कि वह भारतीय अतीत और वैदिक काल के दर्शन को अपने भाषण में उन्होंने उद्धत किया था, जिसे जनसंघ के बुद्धिजीवियों ने उनके खाते में डाल दिया। वरना हमारे देश में कण-कण में भगवान हैं कि कहावत हजारों वर्ष से चल रही है, इसका मतलब ही होता कि न केवल मानव मात्र में बल्कि पशु,पक्षी, पत्थर सभी प्रकृति ईश्वर रूप हैं। श्री राकेश किशोर ने अपने कृत्य पर कोई खेद व्यक्त नहीं किया बल्कि उन्होंने यह कहकर इसे सही सिद्ध ठहराने का प्रयास किया है कि वे जस्टिस गवई की उस टिप्पणी से आहत थे जिसमें उन्होंने (श्री राकेश किशोर के अनुसार) भगवान विष्णु का अपमान किया था और उनके शब्दों में सनातन का अपमान किया था। यह घटना जस्टिस गवई की पीठ में एक याचिका पर विचार करते समय हुई थी। एक याचिकाकर्ता ने यह याचिका पेश की थी कि खजुराहो में भगवान विष्णु की पत्थर की प्रतिमा जो अपने आप लंबे समय के कारण टूटकर गिर गई थी, उसे जोड़े जाने का या दूसरी प्रतिमा लगाने का आदेश सुप्रीम कोर्ट पुरातत्व विभाग को दें। जबकि पुरातत्व के कानून के अनुसार पुरातत्व विभाग किसी पुरातत्व की प्रतिमा को न जोड़ सकता है, न उस प्रकार की दूसरी प्रतिमा बना सकता है। वह प्रतिमा को खंडित होने से पहले अगर क्षय होने की जानकारी मिले तो उसे संभालने का प्रयास करता है, इस याचिका का निराकरण करते हुये जस्टिस गवई ने तीन बिंदु कहे थे-

1. वर्तमान कानून के अनुसार न्यायपालिका कोई आदेश नहीं दे सकती।
2. याचिकाकर्ता की याचिका प्रचारात्मक है।
3. उन्होंने हंसते हुये यह भी कहा कि इसके लिये तुम्हें भगवान विष्णु से ही प्रार्थना करनी होगी।

इस तीसरी बात को लेकर श्री राकेश किशोर और उनकी तथाकथित सनातन जमातें जस्टिस गवई का विरोध कर रही हैं, उन्हें सनातन विरोधी बता रही हैं। वे वास्तव में इतने नासमझ हैं या स्थाई या लंबी सत्ता के कारण इतने मदहोश हो गये हैं कि किसी बात का अर्थ ही नहीं समझ सकते। सैकड़ों वर्ष पहले आर्य समाज की शुरुआत स्वामी दयानंद सरस्वती ने की थी कि उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा था कि पत्थर में भगवान नहीं होते।

अध्यात्म

## निंदा से सदैव बचना चाहिए

एक बार एक राजा ने यह फैसला लिया कि वह प्रतिदिन 100 अंधे लोगों को खीर खिलाया करेगा। एक दिन खीर वाले दूध में सांप ने मुंह डाला और दूध में विष डाल दिया और ज़हरीली खीर को खाकर 100 के 100 अंधे व्यक्ति मर गए। राजा बहुत परेशान हुआ कि मुझे 100 आदमियों की हत्या का पाप लगेगा। राजा परेशानी की हालत में अपने राज्य को छोड़कर जंगलों में भक्ति करने के लिए चल पड़ा, ताकि इस पाप की माफी मिल सके। रास्ते में एक गांव आया। राजा ने चौपाल में बैठे लोगों से पूछा कि क्या इस गांव में कोई भक्ति भाव वाला परिवार है? ताकि उसके घर रात काटी जा सके। चौपाल में बैठे लोगों ने बताया कि इस गांव में दो बहन भाई रहते हैं जो खूब बंदगी करते हैं। राजा उनके घर रात ठहर गया। सुबह जब राजा उठा तो लड़की ध्यान पर बैठी हुई थी। इससे पहले लड़की का रूटीन था कि वह दिन निकलने से पहले ही ध्यान से उठ जाती थी और नाश्ता तैयार करती थी। लेकिन उस दिन वह लड़की बहुत देर तक ध्यान पर बैठी रही। जब लड़की ध्यान से उठी तो उसके भाई ने कहा की बहन तू इतना लेट उठी है ,अपने घर मुसाफिर आया हुआ है। इसने नाश्ता करके दूर जाना है। तुझे ध्यान से जल्दी उठना चाहिए था। तो लड़की ने जवाब दिया कि भैया ऊपर एक ऐसा मामला उलझा हुआ था। धर्मराज को किसी उलझन भरी स्थिति पर कोई फैसला लेना था और मैं वो फैसला सुनने के लिए रुक गयी थी, इस लिए देर तक बैठी रही ध्यान पर। तो उसके भाई ने पूछा ऐसी क्या बात थी। तो लड़की ने बताया कि फलां राज्य का राजा अंधे व्यक्तियों को खीर खिलाया करता था। लेकिन सांप के दूध में विष डालने से 100 अंधे व्यक्ति मर गए। अब धर्मराज को समझ नहीं आ रही कि अंधे व्यक्तियों की मौत का पाप राजा को लगे, सांप को लगे या दूध नंगा छोड़ने वाले रसोईए को लगे। राजा भी सुन रहा था। राजा को अपने से संबंधित बात सुन कर दिलचस्पी हो गई और उसने लड़की से पूछा कि फिर क्या फैसला हुआ? लड़की ने बताया कि अभी तक कोई फैसला नहीं हो पाया था। तो राजा ने पूछा कि क्या मैं आपके घर एक रात के लिए और रुक सकता हूं? दोनों बहन भाइयों ने खुशी से उसको हां कर दी। राजा अगले दिन के लिए रुक गया, लेकिन चौपाल में बैठे लोग दिन भर यही चर्चा करते रहे कि कल जो व्यक्ति हमारे गांव में एक रात रुकने के लिए आया था और कोई भक्ति भाव वाला घर पूछ रहा था। उस की भक्ति का नाटक तो सामने आ गया है। रात काटने के बाद वो इस लिए नही गया क्योंकि जवान लड़की को देखकर उस व्यक्ति की नियत खोटी हो गई। इसलिए वह उस सुन्दर और जवान लड़की के घर पक्के तौर पर ही ठहरेगा या फिर लड़की को लेकर भागेगा। दिनभर चौपाल में उस राजा की निंदा होती रही। अगली सुबह लड़की फिर ध्यान पर बैठी और रूटीन के टाइम अनुसार ध्यान से उठ गई। तो राजा ने पूछाः बेटी अंधे व्यक्तियों की हत्या का पाप किसको लगा? तो लड़की ने बताया: वह पाप तो हमारे गांव के चौपाल में बैठने वाले लोग बांट के ले गए। निंदक हमेशा दुसरों के पाप अपने सर पर ढोता रहता है। और दूसरों द्वारा किये गए उन पाप-कर्मों के फल को भी भोगता है। अतः हमें सदैव निंदा से बचना चाहिए।

# हमें गर्व है कि हम भारतीय हैं, इस स्वाभिमान को सार्थक करना होगा

**एक व्यक्ति समाज को क्या दे सकता है और समाज देश को क्या दे सकता है, इसका निर्धारण होने पर प्रत्येक व्यक्ति एवं प्रत्येक समाज के समक्ष अलग-अलग दिशा और विधा में लक्ष्य सुनिश्चित किए जा सकेंगे। इस प्रक्रिया को निरंतर विस्तार देते हुए भारतीयों को मुख्यधारा के साथ जोड़कर देश के महाशक्ति की दिशा में बढ़ते कदमों को अंतिम लक्ष्य की ओर बढ़ाया जा सकता है। ऐसा होना असंभव भी नहीं है, सदियों तक की दासता के पश्चात अब हमारा मान सम्मान और स्वाभिमान एक भारतीय के नाते विश्व के किसी भी नागरिक से कम नहीं है। हमारी विश्व वंदनीय गौरवशाली भारतीय संस्कृति विश्व को एक नई दिशा दे सकती है, बशर्ते कि हम अपने आप को पहचान ले।**

**राजेंद्र बज**

हम आध्यात्मिक दृष्टि से मानव भव में जन्म लेने पर स्वयं को भाग्यशाली समझते हैं, और उस पर भारतीय होने पर अतिरिक्त गर्व की अनुभूति से भर जाते हैं। इन्हीं संदर्भों में अनेकता में एकता का ताना-बाना भारतीयता के भाव से ओतप्रोत रहा होता है। अलग अलग भाषा, संस्कृति, रीतिरिवाज और परंपराओं के बावजूद राष्ट्रीय चरित्र को अपने स्वाभाविक आचरण में आत्मसात करने के प्रति आम नागरिकों में समर्पण के भाव सदैव विद्यमान रहे हैं। राजनीतिक कारणों से क्षेत्र तथा भाषा के आधार पर वर्ग भेद करते हुए क्षेत्रीय क्षत्रपों द्वारा क्षेत्रवाद को बढ़ावा जरूर दिया गया। लेकिन आम नागरिकों की राष्ट्रवादी भावनाएं मुख्यधारा के विपरीत नहीं जा सकी। हमें अपनी विश्व वंदनीय गौरवशाली भारतीय संस्कृति पर गर्व होना चाहिए।

बावजूद इसके वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर हमें और अधिक चौकन्ना रहने की नितांत आवश्यकता है। देश की एकता और अखंडता को तार-तार करने की कोशिशें राजनीतिक संरक्षण पाती जा रही है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अलगाववाद को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राजनीतिक दलों द्वारा अपने अपने प्रतिद्वंदी राजनीतिक दलों के वर्चस्व को कम करने हेतु राष्ट्रीय हितों को तिलांजलि देने का अनुक्रम जारी है। राष्ट्र के प्रति निष्ठा और समर्पण के भाव बौद्धिक जुगाली की विषयवस्तु बनते जा रहे हैं। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग विचारधारा के राजनीतिक दलों की सत्ता अपनी अपनी नीतियों को क्रियान्वित कर रही है।

राजनीतिक स्वार्थसिद्धि की ऐसी अंधी होड़ राष्ट्रवाद की भावनाओं को आहत करती जा रही है। ऐसे में राष्ट्रवादी सोच को प्रोत्साहित करने की रीति नीति अपनाने की सख्त आवश्यकता है। राजनीति में नैतिक मूल्यों का विलोपन हो रहा है। व्यक्तिकेंद्रित राजनीतिक दल विभिन्न राज्यों में सशक्त बनते जा रहे हैं। प्रकारांतर से अनेक राज्यों में लोकतंत्र के नाम पर एकतांत्रिक व्यवस्था भी मूर्त रूप ले रही है। केंद्रीय नेतृत्व की खिलाफत करते हुए क्षेत्रीय मुद्दों को उछालकर आम नागरिकों की भावनाओं को भड़काने का दौर भी जारी है। ऐसे में कट्टर प्रांतवादी नजरिया कालांतर में राष्ट्रीय नजरिए के विपरीत न जा सके, इस संदर्भ में हमें सचेत रहने की आवश्यकता है। केंद्र व राज्यों में अलग अलग दल की सरकार होने पर केंद्र तथा राज्य के संबंधों में तकरार स्वाभाविक रूप से हो सकती है। लेकिन ऐसी तकरार अपने अहम की तुष्टि हेतु होने लगे तब समस्याएं विकट होती जाती है। दशकों पूर्व केंद्र व राज्य संबंधों की समीक्षा हेतु बहुतेरे प्रयास किए गए। लेकिन जैसे-जैसे क्षेत्रीय नेतृत्व की राजनीतिक महत्वाकांक्षा बढ़ती रही वैसे वैसे इन संबंधों में दूरियां बनने लगी। वर्तमान व्यवसायिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक रूप से विभिन्न प्रांतवासी परस्पर बेहतर तालमेल रखते हैं। कहीं कोई पूर्वाग्रह या कटुता के भाव नहीं होते। साथ ही एक दूसरे की संस्कृति को आपस में साझा करने की उत्कंठा का परिचय भी मिलता है।



परस्पर जिज्ञासु भाव के आकर्षण के चलते अलग अलग तौर-तरीकों को सीखने व समझने का व्यापक अनुभव पाने की भावना भी बलवती होती देखी जाती है। दरअसल जो भी कुछ अवरोध है,वह राजनीतिक स्तर पर है। धार्मिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक स्तर पर कहीं कोई किसी प्रकार का मतभेद नहीं है और ना ही किसी प्रकार की असहमति है। बावजूद इसके जो समस्या है वह शत प्रतिशत राजनीतिक ही है। दरअसल वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में राजनीति के तौर-तरीकों में अमर्यादित आचरण और व्यवहार गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। येन केन प्रकारेण सत्ता प्राप्ति की अंधी चाहत के चलते नैतिकता को ताक पर रख देने के निकृष्ट उदाहरण भी देखे जाते हैं। वास्तव में राजनीति के मूल स्वरूप में दिनोंदिन विकृति व्याप्त होती जा रही है।उक्त संदर्भों में राजनीति का शुद्धिकरण समय की मांग है। इस दिशा में विभिन्न शीर्ष राजनीतिक दलों के नेतृत्व को गंभीरतापूर्वक कदम उठाते हुए इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना चाहिए। इस समय देश-प्रदेश में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के मूल कारण की ओर दृष्टिपात करने पर समस्याओं की जड़ में राजनीतिक विकृति को ही जिम्मेदार ठहराया जा सकेगा। दरअसल राष्ट्र के व्यापक हितों के मद्देनजर राजनीतिक स्वार्थसिद्धि की भावना का परित्याग ही देश के विकास को नए आयाम दे सकता है। विभिन्न राजनीतिक दलों को दलीय हित से कहीं आगे राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। सत्ता के प्रति आतुरता के चलते राष्ट्रहित को दांव पर नहीं लगाना चाहिए। अनेकता में एकता के ताने-बाने को और अधिक सशक्त धरातल दिए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। कुल मिलाकर तमाम विसंगतियों के बावजूद हम वैश्विक स्तर पर प्रगति की धारा में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। ऐसे में यदि सुधारवादी प्रक्रियाओं को आत्मसात कर लिया जाए, तो निश्चित रूप से हम विश्व की महाशक्ति के रूप में तीव्र गति से उभर कर सामने आ सकते हैं। हमारे देश में प्राकृतिक साधनों की प्रचुरता है, शारीरिक एवं मानसिक श्रम शक्ति भरपूर है और दिनोंदिन हमारी प्रगति की रफ्तार भी तीव्र होती जा रही है। ऐसे में दृढ़संकल्प और इच्छाशक्ति के साथ विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त तमाम विकृतियों का निदान करते हुए हम अप्रत्याशित उपलब्धियों को भी पा सकते हैं। जरूरत केवल इस बात की है कि राजनीतिक पूर्वाग्रह की प्रबलता का परित्याग करते हुए विभिन्न राजनीतिक दल इस विषयक संज्ञान लेवे।वास्तव में विकास की प्रक्रिया को निर्धारित करते हुए एकल एवं सामूहिक जिम्मेदारियों को सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

एक व्यक्ति समाज को क्या दे सकता है और समाज देश को क्या दे सकता है, इसका निर्धारण होने पर प्रत्येक व्यक्ति एवं प्रत्येक समाज के समक्ष अलग-अलग दिशा और विधा में लक्ष्य सुनिश्चित किए जा सकेंगे। इस प्रक्रिया को निरंतर विस्तार देते हुए भारतीयों को मुख्यधारा के साथ जोड़कर देश के महाशक्ति की दिशा में बढ़ते कदमों को अंतिम लक्ष्य की ओर बढ़ाया जा सकता है। ऐसा होना असंभव भी नहीं है, सदियों तक की दासता के पश्चात अब हमारा मान सम्मान और स्वाभिमान एक भारतीय के नाते विश्व के किसी भी नागरिक से कम नहीं है। हमारी विश्व वंदनीय गौरवशाली भारतीय संस्कृति विश्व को एक नई दिशा दे सकती है, बशर्ते कि हम अपने आप को पहचान ले।

## आज का कार्टून

चुनाव से राहुल गांधी ने क्यों बना ली दूरी, कैंडीडेट कर रहे प्रचार की मांग




## राशिफल

**मेष**
समाज में आपकी छवि मजबूत होगी। जीवनसाथी से सहयोग की अपेक्षा रख सकते हैं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है।

**वृषभ**
आपको किसी प्रियजन की सहायता करनी पड़ेगी। युवा लोगों को अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ सकते हैं। अपने मन को शान्त रखें।

**मिथुन**
प्रेम सम्बन्धों को लेकर घर में तनाव हो सकता है। विदेश यात्रा को लेकर असमंजस में रहेंगे। दिनचर्या अत्यन्त अवयवस्थित रहेगी।

**कर्क**
थकान की वजह से कमजोरी और जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। स्वस्थ रहने के लिये अनुलोम विलोम और कपालभाति अवश्य करें।

**सिंह**
कठिन समझे जाने वाले कार्यों को आसानी से कर लेंगे। आर्थिक परेशानियाँ काफी हद तक दूर हो जायेंगी। बुद्धिमान लोगों की सलाह पर विचार अवश्य करें।

**कन्या**
दूसरों की कमियों के बजाय स्वयं पर ध्यान दें। घर के सदस्यों के बीच तालमेल कुछ कम रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों को अत्यन्त उपयुक्त माना जायेगा।

**तुला**
आप किसी महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी कर सकते हैं। शान्ति और धैर्य के साथ अपने काम करें। कार्यक्षेत्र में नये लोगों से आपका सम्पर्क हो सकता है।

**वृश्चिक**
अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें। अधीनस्थ कर्मचारियों से मनमुटाव हो सकता है। बिना विचार किये आप बड़े आर्थिक सौदे न करें।

**धनु**
आज आप दबाव में अधिक अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अपने सहयोगियों को अत्यन्त सन्तुष्ट भी रखेंगे। नया करियर शुरू करने वाले लोगों को काफी कुछ सीखने का अवसर मिलेगा।

**मकर**
व्यापार व कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। आपके चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों के लिये शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार रहेंगे।

**कुंभ**
परोपकार के कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं। जिस समस्या से परेशान थे, उससे आपको राहत मिलेगी। अपने संसाधनों का सार्थक उपयोग करेंगे।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। पुराने मुद्दों के दोबारा उभरने से दबाव में आ सकते हैं। आपका व्यवहार आपसी सम्बन्धों पर प्रभाव डालेगा।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ आस्था का पर्व छठ सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** लोक आस्था का चार दिवसी महापर्व छठ उदयगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हो गया। सोमवार शाम व मंगलवार अहले सुबह से ही जिले के विभिन्न गंगा नदी घाटों, तालाबों और कृत्रिम घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। व्रती बड़हरा प्रखंड के पीपरपांती, बलुआ, केवटिया, मौजमपुर, महुली, सोहरा, सिन्हा, ज्ञानपुर, सेमरिया, नेकनामटोला, केशोपुर, पड़रिया, एकवना, बबुरा, रामसागर सूर्यमंदिर, फरना, गुंडी समेत अन्य शामिल है। सूर्योदय से पहले ही घाटों पर छठ के पारंपरिक गीतों की मधुर गूंज से



वातावरण पवित्र और भावनात्मक हो उठा। महिलाएं पारंपरिक वस्त्रों में सजी हुईं, कलसूप में ठेकुआ, फल, गन्ना और प्रसाद सामग्री लेकर जल में खड़ी थीं। जैसे ही क्षितिज पर सूर्य की पहली किरण दिखाई दी, सभी व्रतियों ने श्रद्धापूर्वक अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु तथा समाज के कल्याण की कामना की। रविवार के खरना अनुष्ठान से आरंभ हुआ 36 घंटे का निर्जला उपवास व्रत मंगलवार की सुबह उदयगामी सूर्य के अर्घ्य देने के साथ पूरा हुआ। अर्घ्य के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने कठोर तप और संयम की यात्रा को पूर्ण किया। हर ओर छठ मइया के जयकारे और भक्ति गीतों की गूंज ने जिले के घाटों को आलोकित कर दिया। वही छठ घाटों पर स्थानीय पुलिस प्रशासन चौकस थी। अधिकारियों ने गंगा नदी घाटों का मुआयना किया। अधिकारियों ने नदी घाट की साफ-सफाई स्थानीय स्तर पर करवाया था। इसके साथ ही दूर-दराज से आने वाले छठ व्रतियो के लिए लाईट, जेनरेटर व अन्य व्यवस्था कराया। इस दौरान डेंजरजोन में आने वाले घाटों को चिंहित किया गया। यहा ग्रामीणों व स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से बेरिकेटिंग लगाने का कार्य को पूरा कर लिया गया था। छठ व्रतियो को वेरिकेटिंग से बाहर नही जाने की प्रशासन द्वारा सख्त हिदायत दी गई थी। इसके साथ ही घाटों पर डेंजरजोन का पोस्टर भी लगाया गया था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन ने नदी घाटो पर सरकारी नाव को भी तैनात कर दिया है। सभी डेंजर जोन घाटों पर गोताखोर दल, एसडीआरएफ टीम की भी तैनाती प्रशासन द्वारा किया गया था।

# शिवाजीनगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया छठ, पुलिस रही मुस्तैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में चार दिवसीय लोक आस्था का महान पर्व छठ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। रविवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रतियों ने अपना 36 घंटे का निर्जला व्रत पूरा किया। घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, वहीं पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा छठ पर्व को लेकर प्रशासनिक स्तर पर विशेष चौकसी बरती गई। हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम एवं शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में दोनों थाना क्षेत्रों के घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि कोई अप्रिय घटना न हो थाना अध्यक्षों ने बताया कि छठ व्रत



बिहार की लोक आस्था का प्रतीक पर्व है, इसे शांति और सद्भाव के साथ मनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सभी घाटों पर सुरक्षा घेरा बनाया गया था, वहीं महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी इस दौरान शिवाजीनगर प्रखंड के बाधोपुर बंधार परसुराम डुमरा मोहन, परबाना, करियन, रामभद्रपुर, बथनाहा, रमौल, घिबाही सहित अन्य पंचायतों के घाटों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई। अर्घ्य देने पहुंचे व्रतियों और श्रद्धालुओं के बीच भक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस वर्ष छठ पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रशासन की सक्रियता और चौकसी के कारण श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

# छठ घाट पर विधिक जागरूकता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर शहर के सर्वोदय नगर स्थित स्थायी छठ घाट पर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार बेगूसराय के निर्देशानुसार एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र पीएलवी (पैरा लीगल वलंटियर) हरेराम दास पत्रकार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर थाना के एसएसआई नितिन कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ पहुंचे और घाट पर मौजूद लोगों को कानूनी अधिकारों और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से

## कानूनी अधिकारों की दी गई जानकारी

लोगों में कानून के प्रति विश्वास और सजगता बढ़ती है। वहीं कार्यक्रम में वार्ड नंबर 40 की वार्ड पार्षद नूतन देवी और उनके प्रतिनिधि राज कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि छठ जैसे महापर्व के अवसर पर विधिक जागरूकता चलाया जाना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। स्थानीय निवासी माखन लाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की यह पहल काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों से समाज में न्याय और अधिकार के प्रति जागरूकता फैलती है।

# किसान समाज पार्टी (एस) का जनसंपर्क अभियान तेज

**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** किसान समाज पार्टी (एस.) के प्रत्याशी पंकज कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को अपने क्षेत्र के विभिन्न गांवों चुनी, पवनी, कमरपुर, सोन्हिला डेरा, ठोरा तथा मिल्की का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान श्री पाण्डेय ने रिक्शा यात्रा के माध्यम से बक्सर के शहरी इलाकों का भ्रमण किया और आम जनता से संवाद स्थापित किया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और किसान समाज पार्टी की नीतियों एवं विकास योजनाओं की जानकारी दी। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय ग्रामीणों व नागरिकों ने श्री पाण्डेय का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया। श्री पाण्डेय ने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।

# संदेश में लोक आस्था का व्रत छठ धूमधाम से सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संदेश/भोजपुर।** संदेश विधान सभा क्षेत्र में सदियों पुराना भगवान सूर्य देव मंदिर बेलाउर गांव में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा आज छठ व्रतियों के द्वारा उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ सम्पन्न हुआ। सूर्य मंदिर विकास कमिटी के द्वारा छठ व्रतियों के लिए विशेष रूप से ध्यान रखा गया था। अध्यक्ष महेश्वरी शर्मा ने बताया कि यह सूर्य मंदिर बहुत पुराना मंदिर है यह सूर्य मंदिर भोजपुर जिला के क्रवासिन गांव के मौनी बाबा ने बनवाया था। प्रत्येक वर्ष इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु आते हैं एवं मन्नत मानते हैं। जिनका मन्नत पूरा हो जाता है वह श्रद्धालु अगले साल पुनः अपना भार उतारते हैं। यहां पर श्रद्धालु पूरे भारत देश के कोने से आते हैं। जैसे उतर प्रदेश, बिहार, बंगाल, दिल्ली हरियाणा, मद्रास से भी बड़ी संख्या



श्रद्धालु छठ करने आते हैं। रहने खाने पीने की व्यवस्था एक धर्मशाला में किया जाता है। इस मंदिर में उदवंतनगर के थाना पुलिस के द्वारा कड़ी सुरक्षा की जाती है। जो छठ व्रतियों अगर छठ घाट पर रात में रुकते हैं उसके लिए भी व्यवस्था की जाती है। कमिटी के सचिव संटू चौधरी ने बताया लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा चार दिनों तक चलता है। पहला दिन नहा खाय के दिन प्रसाद में चावल दाल एवं लौकी की सब्जी का महत्व है। दूसरे दिन खरना किया जाता है भक्त पूरे दिन उपवास रहते हैं। रात में प्रसाद के रूप खीर बनाकर ग्रहण करते हैं। तीसरे दिन भक्त पूरे दिन उपवास रहते हैं शाम को डूबते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य देते हैं। चौथे दिन भक्त उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दे कर उपवास तोड़ते हैं। सूर्य मंदिर के पुजारी अमित कुमार दूबे ने बताया कि मंदिर में दोनों शाम भोग लगाया जाता है। साल में दो बार लाखों की संख्या में भक्त आते हैं। पहला कार्तिक महीना में दूसरा चैती छठ पूजा करने के लिए आते हैं।

## लोक आस्था का व्रत संपन्न

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रमुख छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु व्रतियों ने उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय महापर्व का समापन किया। प्रखंड मुख्यालय स्थित कृष्ण वंशी सरोवर घाट, प्लेया सूर्य मंदिर, उमता धरनई सूर्य मंदिर, सुगांव सूर्य मंदिर, टेहटा सूर्य मंदिर, उदेरस्थान बराज, सब्दलपुर सूर्य मंदिर और चाड सूर्य मंदिर सहित कई घाटों पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह की पहली किरण के साथ ही घाटों पर छठी मइया के गीत गूंजने लगे महिलाओं और पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर पूरे श्रद्धा भाव से अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर दीपक और पूजा सामग्री की रोशनी से वातावरण अत्यंत मनमोहक बना रहा। स्थानीय युवाओं और समाजसेवी संस्थाओं द्वारा घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए थे।

# मतदान केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने 145-विधान सभा साहेबपुर कमाल के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर जिला पदाधिकारी द्वारा आज साहेबपुर कमाल प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रैम्प, प्रतीक्षालय एवं प्रकाश व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियोंको आवश्यकतानुसार त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया ताकि सभी मतदान केंद्र दिव्यांग अनुकूल एवं सुगम बनाए



जा सकें। मतदान केंद्रों पर स्वच्छता, सुरक्षा एवं सुचारु प्रबंधन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बूथ स्तर के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि मतदान दिवस से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। इसके साथ ही उन्होंने 147 बखरी विधानसभा अंतर्गत राजकीय श्री लक्ष्मी उदित नारायण 102 विद्यालय शकरपुर स्थित डिस्पैच सेंटर का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक निदेश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, अनुमंडल पदाधिकारी बलिया सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## चुनाव की तैयारी अंतिम चरण में

**बेगूसराय।** जिले के सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विधान सभा चुनाव के लिए मतदान की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। जिले के 141-चेरिया बरियारपुर, 142-बछवाड़ा, 143-तेघड़ा, 144-मटिहानी, 145-साहेबपुर कमाल, 146-बेगूसराय तथा 147-बखरी (अ.जा.) विधानसभा में द्वितीय रैण्डमाइजेशन के उपरांत ईवीएमध्वीवीपैट की कमीशनिंग का कार्य मंगलवार से प्रारंभ किया गया। चेरियाबरियारपुर विधानसभा के लिए आरसीएस कलेज मझौल, बछवाड़ा के लिए आरकेसी 2 हाई स्कूल बरौनी, तेघड़ा के लिए एपीएसएम कलेज बरौनी, मटिहानी एवं बेगूसराय के लिए जीडी कलेज बेगूसराय, साहेबपुर कमाल के लिए पीडीएसके कलेज सदानंदपुर बलिया तथा बखरी विधानसभा के लिए लक्ष्मी उदित नारायण उच्च विद्यालय शकरपुरा, बखरी में ईवीएम का सीलिंग किया जा रहा है।कमीशनिंग का कार्य निर्वाची पदाधिकारी के देखरेख में ईसीआईएल हैदराबाद से प्रतिनियुक्त अभियंताओं के तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है। ईवीएम, वीवीपैट की कमीशनिंग और मक पोल की संपूर्ण प्रक्रिया अभ्यर्थियों, उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में की जा रही है। साथ ही कमीशनिंग स्थलों पर कर्मियों के लिए साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल, नाश्ता-भोजन एवं अग्निशमन यंत्रों की भी समुचित व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि वे सीलिंग प्रक्रिया में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

# भाजपा ने वक्फ कानून पर विपक्षी दलों पर किया प्रहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डुमरांव (बक्सर)।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ द्वारा डुमरांव में एक सशक्त और विचारोत्तेजक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला संयोजक अधिवक्ता सुमन श्रीवास्तव ने की। भाजपा विधि प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश संयोजक अधिवक्ता विंध्याचल राय ने अपने संबोधन में कहा कि वक्फ कानून के नाम पर विपक्षी दल, विशेषकर राजद और कांग्रेस, जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वक्फ कानून संसद द्वारा पारित है और यह केवल केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आता है। किसी राज्य सरकार को इसे समाप्त करने या संशोधित करने का अधिकार नहीं है। श्री राय ने कहा कि बिहार में विपक्षी दल राजनीतिक भ्रम फैलाकर धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश संयोजक विंध्याचल राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार राष्ट्रहित में ऐसे कानूनों की समीक्षा कर रही है, जो देश की एकता और जनहित के खिलाफ जाते हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रवाद के सिद्धांत पर अडिग रहने का संदेश भी दिया। विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए श्री राय ने कहा कि राजद और कांग्रेस केवल वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं और उन्हें न तो संविधान की चिंता है, न ही राष्ट्र की एकता की। उन्होंने दावा किया कि बिहार की जनता अब जाग चुकी है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प ले चुकी है। प्रेस वार्ता में भाजपा युवा मोर्चा बिहार प्रदेश सह संयोजक दीपक यादव, अधिवक्ता राजीव भगत, अधिवक्ता धनंजय सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि भाजपा विधि प्रकोष्ठ समाज में कानूनी जागरूकता और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को मजबूत करने का कार्य जारी रखेगा। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा विधि प्रकोष्ठ बक्सर जिले में जाकर वक्फ कानून की सच्चाई और विपक्ष की झूठी राजनीति का पर्दाफाश करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र, संविधान और हिंदू समाज की अस्मिता पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी और भाजपा का हर कार्यकर्ता इस सत्य के लिए संघर्षरत रहेगा।

# सड़क दुर्घटना में डीटीओ सहित तीन अधिकारी घायल

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिंघौल थाना क्षेत्र के एनएच-31 पर मंगलवार की अहले सुबह सड़क दुर्घटना में जिले के तीन प्रशासनिक अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार, सदर अंचलाधिकारी राहुल कुमार और डीएम ओएसडी रंजीत कुमार शामिल हैं। जानकारी के अनुसार तीनों अधिकारी एक ही गाड़ी से सिमरिया घाट निरीक्षण कर लौट रहे थे। तभी वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सीओ राहुल कुमार के दोनों हाथों में फ्रैक्चर, डीटीओ राजीव कुमार के पैर और रीढ़ की हड्डी में चोट आई है जबकि ओएसडी रंजीत कुमार को मामूली चोटें आईं। घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएम तुषार सिंगला और एसपी मनीष ने अस्पताल पहुंचकर उनके स्वस्थ का हालचाल लिया और इन अधिकारियों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। डक्टरों ने बताया तीनों अधिकारी खतरे से बाहर हैं। उनका बेहतर इलाज किया जा रहा है।

# नीतीश ही रहेंगे मुख्यमंत्री : उपेंद्र कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** राजपुर विधानसभा क्षेत्र मंगलवार को राजनीतिक जोश और उत्साह से गूंज उठा, जब गांधी स्मारक उच्च विद्यालय, धनसोई के खेल मैदान में एनडीए प्रत्याशी संतोष कुमार निराला (202-राजपुर विधानसभा क्षेत्र, सुरक्षित) के समर्थन में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मुख्य वक्ता के रूप में सभा को संबोधित किया। सभा में उमड़े जनसैलाब को देखकर उत्साहित उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि तीर छाप पर वोट देकर क्षेत्र के विकास और



स्थिर सरकार को मजबूत करें। उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि राजद जनता को भ्रमित करने की राजनीति कर रही है, जबकि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। श्री कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट हों और संतोष कुमार निराला को ऐतिहासिक जीत दिलाएँ। सभा के समापन पर उपेंद्र कुशवाहा ने उपस्थित जनसमूह से राय लेकर संतोष निराला को प्रतीकात्मक रूप से विजय की अग्रिम माला पहनाई और कहा, संतोष निराला की जीत से ही हम रहेंगे मजबूत, इस बार भी नीतीश कुमार ही रहेंगे मुख्यमंत्री। इस अवसर पर मंच पर धनंजय त्रिगुण, धनंजय राय, राजवंश सिंह, फुटूचंद कुशवाहा, जयप्रकाश पटेल, श्रीभगवान कुशवाहा, काशी सिंह कुशवाहा, कामेश्वर चौबे, जयप्रकाश राय, दयाशंकर सिंह कुशवाहा, लखन मल्होत्रा, सत्येंद्र कुशवाहा, मनोज सिंह कुशवाहा, अरबिंद सिंह कुशवाहा, बबलू ओझा, ध्रुव पासवान, रजनीकांत गुप्ता, विजय कुशवाहा, सीताराम सिंह कुशवाहा, इंदु देवी, सुधा देवी, अरुण कुशवाहा, बबन कुशवाहा, बिहारी पासवान, विधानसभा प्रभारी संजय पटेल समेत एनडीए के मंडल और प्रखंड अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कट्टा एवं कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मटिहानी थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चकबकली दियरा से हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, 11 जिंदा कारतूस, 9 सूती साड़ियां और 10,200 नगद राशि बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार मटिहानी थाना पुलिस को 27 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि चकबकली दियरा में कुछ लोग



हथियार के बल पर स्थानीय लोगों में डर और दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं। सूचना मिलते ही मटिहानी थानाध्यक्ष पु.नि. नितिन कुमार के नेतृत्व में एफएसटी टीम और सशस्त्र बल के साथ एक संयुक्त छापेमारी दल बनाया गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बताए गए ठिकाने पर छापेमारी की। जहां से एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मटिहानी थाना अंतर्गत चकबकली दियरा वार्ड-5 के रहने वाले रामाकांत सिंह के बेटा झुंडू सिंह के रूप में हुई है। बरामद्गी के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया है। जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के साथ-साथ कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेगूसराय ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री और अपराध की किसी भी साजिश को समय रहते नाकाम किया जा सके।


# आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 536/2011 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **शिव प्रकाश गरीब दास** ग्राम- **उसीचक पो० संजात भगवानपुर जिला-बेगूसराय**



राजनीतिक दल का नाम: **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस**(निर्दलीय उम्मीदवार यहां स्वतंत्र लिखें)

चुनाव का नाम: **बिहार विधान सभा**

'निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **142 बछवाड़ा विधान सभा ( अ.जा )**

मैं **शिव प्रकाश गरीब दास**(उम्मीदवार का नाम), उपर्युक्त चुनाव के लिए एक उम्मीदवार, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:

**सारणी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. | संबध्द पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं– | भगवानपुर<br>भगवानपुर<br>बछवाडा<br>मंसुरचक<br>बुद्धा कॉलोनी पटना<br>बुद्धा कॉलोनी पटना | बेगूसराय<br>बेगूसराय<br>बेगूसराय<br>बेगूसराय<br>पटना | 237/2020<br>209/2020<br>210/2020<br>94/2020<br>236/2020<br>341/24 |
| ख. | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं० | ऐ.सी.जे एम.<br>राकेश कुमार एवं ऐ.सी.जी.एम<br>ऐ.सी.जे एम.<br>सी.जी.एम<br>ऐ.डी.जे 34 | तेघड़ा<br><br>तेघड़ा<br>तेघड़ा<br>पटना | 237/24<br>209/20<br>210/20<br>256/20<br>241/24 |
| ग. | अंतर्वलित संबध्द अधिनियमों/संहिताओं कीधाराएं( धारा की सं.दें अर्थात भारतीय दंड संहिता,आदि कीधारा.. | 171(H)188,269,27D,271IPC<br>188,269,271,IPC<br>171(H)188,341,323,353,269,270/34SPL<br>171(H)188,341,323,353,269,270/34SPL<br>191(2) 190D 115 (2) 123A , 152, 121<br>(i323 B.N.S | बेगुसराय | |
| घ. | अपराध का संक्षिप्त विवरण | आचार संहिता का उलंघन | सरकारी कार्य में बाधा | साधारण उलंघन एवं अन्य |
| ड. | क्या आरोप विरचित किए गए हैं(हां या नहीं का उल्लेख करे। | नहीं | नहीं | नहीं |
| च. | दि उपर्युक्त मद(ड)के सामने उत्तर हां है,तो यह तारीख दे,जिसको आरोप विरचित किए गए थे। | शुन्य | शुन्य | शुन्य |
| छ. | क्या कार्यवाहियों के विरुध्द कोई अपील/पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाईल किया गया है(हांया नहीं का उल्लेख करें) | शुन्य | शुन्य | शुन्य |

सारणी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. | मामला संख्यांक | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| ख. | न्यायालय का नाम | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| ग. | अंनर्वतिल अधिनियमों/संहिताओं की धाराएं( धारा की सं.दे) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के लिए चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के लिए चुनाव के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेव करें।


CMYK

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.no. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | 78-Kusheshwar Asthan(SC) | Shatrudhan Paswan | 1. S.D.J.M., Biraul Kusheswarsthan P.S. Case No. 53/25 Pending<br>2. S.D.J.M., Biraul Kusheswarsthan P.S. Case No. 376/24 Pending<br>3. A.C.J.M.-I, Biraul, Kusheswarsthan P.S. Case No.-221/20 Pending<br>4 Spl. Court SC/ST (POA), Darbhanga Kusheswarsthan P.S. Case No.-160/15 Pending | 1. Sec.- 191(2), 190, 132, 126(2), 127(2), 115(2), 308(3), 324, 32(b) BNS<br>2. Sec.- 223, 329(3), 352, 3(5) BNS<br>3. Sec.-341, 323, 353, 504, 34 IPC<br>4. Sec.- 147, 148, 149, 448, 341, 323, 324, 325, 354, 380, 436, 429, 504, 314 IPC & 3(1)(X) SC/ST Act. | NA | NA | NA |

# उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व छठ सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** प्रखंड के दनियावां बाजार समेत सभी छह पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही लोकआस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया। पूरे प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाकों में इस पर्व को लेकर माहौल भक्तिमय बना रहा। दनियावां सूर्य मंदिर परिसर,मछरियावां और तोप गांव के हाल ही नवनिर्मित सौन्दर्यीकृत तालाब में व्रतियों ने अर्घ्य अर्पित किया। इसके अलावा सरथुआ, जीवनचक, एरई, काजीबीघा समेत कई गांवों में ऐतिहासिक फल्गु नदी की शाखा लोकाईन और महतमाईंन नदी के किनारे भी सूर्योराधना कर अर्घ्य दिया गया। इसके लिए हर जगह घाटों पर साज-सज्जा और प्रकाश की सुंदर व्यवस्था की गयी थी। दौलतपुर, प्रसन्नबीघा,नियामतपुर समेत कई गांवों में पम्पिंग सेट से जलराशि जमा कर वैकल्पिक छठ घाट भी बनाये गए थे, जहां श्रद्धालुओं ने सोमवार को डूबते सूर्य जबकि मंगलवार को उगते भगवान भास्कर की उपासना की। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के पटना जिलाध्यक्ष पंडित रामाकांत शास्त्री ने बताया कि भारत में सूर्य पूजा की पौराणिक युग से ही परंपरा रही है। महापर्व छठ का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व है।बिहार में देव, बड़गांव, औंगारी धाम (नालंदा), पंडारक, हिलसा समेत कई सूर्य मंदिर अपनी सूर्योराधना के लिए काफी प्रसिद्ध और विख्यात रहे हैं।



**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.no. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | 84-Hayaghat | Pratibha Singh | Additional Chief Judicial Magistrate, Andheri, Mumbai. Andheri P.S. Case No. 1958/2016 Pending | Sec.- 141, 143, 145, 147, 149, 452,427 IPC (unlawful assembly, Punishment for being a member of an unlawful assembly, Punishment for rioting, wrongful restraint, Mischief causing damage to property of ₹50 or more) | NA | NA | NA |

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | | 4. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 88- Gaighat | Ashok Kumar Singh | 1.Court No. 311, Karkarduma New Delhi, Case No. 237/25 & Charge not framed<br>2.J.M. -1 Muzaffarpur, Case No. 177/25 & Charge framed | 1.Section-69 BNS<br>2.Section-419, 420, 466, 468, 471 IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

*(For political party lo publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : Jan Suraaj Party

* Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : Bihar

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.no. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | 81-Alinagar | BIPLAW KUMAR CHOUDHARY | 1. A.D.J 1ST , PS Case no 192/2004, Bahera &Pending<br>2. S.D.J.M , Benipur , Ps Case no 25/2016, Alinagar & Pending | 1. Sec147,148, 149,323,324, 307,379,312, 504,506,189 IPC<br>2. 447,141,323 ,504/34 IPC | NA | NA | NA |

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 28-10-2025 21:53 Page 1



# आम से लेकर खास लोगों ने की भगवान भास्कर की पूजा





**नवबिहार टाइम्स टीम**

**पटना/शिवाजीनगर/दनियावां/नवादा।** लोक आस्था का महापर्व छठ मंगलवार को संपन्न हो गया। चार दिवसीय महापर्व के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास समाप्त हुआ। पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, पूर्णिया, बेगूसराय, समस्तीपुर, शिवहर, किशनगंज खगड़िया समेत सभी 38 जिलों के छठ घाटों पर अहले सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खराब मौसम के कारण कई जिलों में भगवान सूर्य कुछ देर से दिखें। पटना समेत कई जगह पर बादल छाए हुए थे। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ संपन्न हो गया। पटना में सीएम नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, नेता प्रतिपक्ष चिराग पासवान, बिहार सरकार के कई मंत्री, नेताओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इधर, जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों की ओर से पटना की सड़कों को धो दिया गया था। हर गली-सड़कों पर बिहार कोकिला स्व. शारदा सिन्हा के छठ गीत बज रहे थे। इधर, पटना समेत पूरे बिहार में छठ घाट पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। छठी मैय्या के जयकारे से छठ घाट गूंजते रहे। कई लोगों ने घरों की छत और तालाबों में छठ पूजा मनाई। छठ घाट पर जिला प्रशासन की ओर से सारी तैयारी पहले ही पूरी कर ली गई है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य समेत बिहार की सैकड़ों लोगों ने विदेशों में छठ पूजा की। रोहिणी ने कहा कि आप सबों को महापर्व छठ पूजा के चौथे ०पूणार्हुति अनुष्ठान अग्रगामी सूर्य देव को उषा अर्घ्य की हार्दिक शुभकामनाएं। उदयीमान भगवान भास्कर की लालिमा ०छठी मईया के आशीर्वाद से आप सबों को सुख-शांति - समृद्धि - निरोग काया की प्राप्ति हो और आपकी हर मनोकामना पूरी हो।

**शिवाजीनगर से संवाददाता के अनुसार** प्रखंड क्षेत्र में चार दिवसीय लोक आस्था का महान पर्व छठ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। रविवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रतियों ने अपना 36 घंटे का निर्जला व्रत पूरा किया। घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, वहीं पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा छठ पर्व को लेकर प्रशासनिक स्तर पर विशेष चौकसी बरती गई। हथौड़ी थाना अध्यक्ष मौसम एवं शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में दोनों थाना क्षेत्रों के घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि कोई अप्रिय घटना न हो थाना अध्यक्षों ने बताया कि छठ व्रत बिहार की लोक आस्था का प्रतीक पर्व है, इसे शांति और सद्भाव के साथ मनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सभी घाटों पर सुरक्षा घेरा बनाया गया था, वहीं महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी इस दौरान शिवाजीनगर प्रखंड के बाघोपुर बंधार परसुराम डुमरा मोहन, परबाना, करियन, रामभद्रपुर, बथनाहा, रमौल, घिबाही सहित अन्य पंचायतों के घाटों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई। अर्घ्य देने पहुंचे व्रतियों और श्रद्धालुओं के बीच भक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण गूंज उठा स्थानीय लोगों ने बताया कि इस वर्ष छठ पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रशासन की सक्रियता और चौकसी के कारण श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

**दनियावां(पटना) से संवाददाता के अनुसार** प्रखंड के दनियावां बाजार समेत सभी 6 पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही लोकआस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया।पूरे प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाकों में इस पर्व को लेकर माहौल भक्तिमय बना रहा।दनियावां सूर्य मंदिर परिसर, मछरियावां और तोप गांव के हाल ही नवनिर्मित सौन्दयीकृत तालाब में व्रतियों ने अर्घ्य अर्पित किया।इसके अलावा सरथुआ, जीवनचक, एरई, काजीबीघा समेत कई गांवों में ऐतिहासिक फल्गु नदी की शाखा लोकाईन और महतमाईन नदी के किनारे भी सूर्योराधना कर अर्घ्य दिया गया।इसके लिए हर जगह घाटों पर साज-सज्जा और प्रकाश की सुंदर व्यवस्था की गयी थी। दौलतपुर, प्रसन्नबीघा,नियामतपुर समेत कई गांवों में पम्पिंग सेट से जलराशि जमा कर वैकल्पिक छठ घाट भी बनाये गए थे,जहां श्रद्धालुओं ने सोमवार को डूबते सूर्य जबकि मंगलवार को उगते भगवान भास्कर की उपासना की।अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के पटना जिलाध्यक्ष पंडित रामाकांत शास्त्री ने बताया कि भारत में सूर्य पूजा की पौराणिक युग से ही परंपरा रही है।महापर्व छठ का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व है।बिहार में देव,बड़गाँव,औंगारी धाम (नालंदा),पंडारक,हिलसा समेत कई सूर्य मंदिर अपनी सूयोर्राधना के लिए काफी प्रसिद्ध और विख्यात रहे हैं।

**नवादा से संवाददाता के अनुसार** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा चार दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम के बाद मंगलवार को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया । नवादा जिला के विभिन्न छठ घाटों पर छठ व्रतियों द्वारा सोमवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को एवं मंगलवार की सुबह उदयाचलगामी सूर्य को अरग प्रदान किया गया । 36 घंटे तक निर्जला रहने के उपरांत वर्तियों द्वारा भगवान भास्कर को अर्ध प्रदान किया गया । इस मौके पर जिला प्रशासन की ओर से जगह-जगह पर सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी । जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान खुद नवादा के मिजार्पुर स्थित सूर्य मंदिर घाट पर शाम और सुबह कैंप कर रहे थे । सुरक्षा बल की कड़ी व्यवस्था देखी गई । जगह-जगह पर लाइट और सजावट डेकोरेशन से काफी अच्छा महसूस होने लगा था । हर ओर बस छठ गीत की धूम देखने को मिली। इन चार दिनों में बस चुनावी माहौल गुम हो गया और लोग आस्था के इस महापर्व में डुबकी लगाते देखे गए । हिसुआ से विधायक नीतू सिंह भी आस्था के इस महापर्व को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा की।

वहीं वारसलीगंज की विधायक अरुणा देवी भी छठ पूजा हर साल की तरह इस साल भी करते हुए समस्त जगत के कल्याण की कामना की ।वहीं गोविंदपुर से लोजपा प्रत्याशी विनीता मेहता , रजौली से प्रत्याशी पिंकी भारती सहित अनेक प्रत्याशियों द्वारा छठ व्रत किया गया । इन चार दिनों में बिल्कुल छठ पर्व का अलग ही महत्व देखने को मिला । हर जगह पर साफ सफाई और लाइटिंग की व्यवस्था देखने को मिली । आस्था के इस महाकुंभ को देखकर हर कोई दंग रह जाता है । भगवान भास्कर और छठ माता की पूजा में सारे लोग तल्लीन हो जाते हैं वहीं नवादा के मिजार्पुर स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट पर रोटरी क्लब ऑफ नवादा , दयालू कान्हा जी , कुशवाहा सेवा समिति सहित अनेक संस्थाओं के द्वारा सेवा शिविर लगाया गया। रोटरी क्लब ऑफ नवादा के द्वारा लगाए गए सेवा समिति में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद , वजीर प्रसाद , मनोज कुमार, पंकज कुमार सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, आरपी साहू, पंकज झुनझुनवाला ,, सुमित अग्रवाल, उमेश प्रसाद , आदित्य कुमार सचिव सहित कई लोगों ने अपना योगदान दिया और सुबह में छठवर्तियों सहित सभी लोगों के लिए चाय, बिस्किट ,पानी की निशुल्क व्यवस्था रखी जिसमें हजारों लोगों ने इसका फायदा उठाया । सोमवार की रात्रि शहर के विभिन्न इलाकों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था । दर्जनों स्थल पर भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके साथ-साथ स्टेशन रोड में छठ पूजा जागरण का भी आयोजन किया गया ।

# छठ घाट पर मारपीट में महिला सहित 11 घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली** । थाना क्षेत्र के कुम्हरुआ गांव में सोमवार की शाम छठ घाट पर आरजेडी गाना को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।इस मारपीट में एक ही पक्ष के 11 लोग घायल हो गयें,जिसमें 6 महिलाओं में 3 छठ व्रती और 5 पुरुष शामिल हैं।घायलों को पुलिस एवं परिजनों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. गुलाम अनीश ने बताया कि घायलों में कुम्हरुआ गांव के विनय कुमार पिता मनोज पासवान,मनीष कुमार पिता लालू पासवान,कौशमी देवी पति सदानंद पासवान,दामाद सिंटू पासवान पिता नगेंद्र पासवान, मुन्ना देवी पति माणिकचंद पासवान,सुगंति देवी पति मनोज पासवान,मधु कुमारी पति लक्ष्मण पासवान, जयमंती देवी पति मुसाफिर पासवान,सुधा देवी पति लालू पासवान,चंचल देवी पति सिंटू पासवान एवं शिवानी कुमारी पति इंदल पासवान शामिल है।चिकित्सक ने कहा कि घायल कौशमी देवी और मनीष कुमार को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है।वहीं अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

घायलों ने बताया कि छठ घाट पर आरजेडी का गाना बज रहा था,जिसका विरोध करने पर गांव के ही पंकज कुमार पिता सरजू यादव,तरुण कुमार पिता बुलाकी यादव,अखिलेश कुमार,सचिन कुमार व आशीष कुमार पिता लीलाधारी यादव,अभिषेक कुमार,रवि कुमार व अरविंद कुमार पिता दुलार यादव,प्रदीप यादव पिता रामेश्वर यादव,अनुज यादव व अनूप कुमार पिता कुलेश्वर यादव,रंजीत कुमार व संदीप कुमार पिता रामशरण यादव,सागर कुमार पिता उमेश यादव एवं उमेश यादव पिता लट्टू यादव के अलावे अज्ञात 25-30 लोग हमलोगों पर टूट पड़े और लाठी डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर रजौली विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी विमल राजवंशी अस्पताल पहुंचे एवं पीड़ित परिजनों से हाल-चाल जाना।प्रत्याशी ने कहा कि छठ में छठ व्रतियों समेत अन्य लोगों के साथ मारपीट निंदनीय है।उन्होंने पुलिस से अपील किया कि वे पीड़ित के साथ न्याय करें।वहीं एलजेपी (आर) के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान ने कहा कि आरजेडी वाले 90 के दशक को वापस लाना चाहता है।इसलिए वे छठ जैसे महापर्व में छठ व्रतियों के साथ अन्य लोगों के साथ बेहरमी से मारपीट किया है।उन्होंने घटना को काफी निंदनीय बताया है।इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कुम्हरुआ गांव में एक विशेष गाने के विवाद को लेकर दो पक्ष के लोगों के बीच झगड़ा हुआ है। एक पक्ष से 11,तो दूसरे पक्ष से भी एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली है।पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# दुकानदार और ग्राहक के बीच मारपीट

## दुकानदार का सिर फटा, चार ग्राहक गर्म तेल से झुलसे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली** । थाना क्षेत्र के बीच बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी के सामने एक लिट्टी के दुकान में मंगलवार की सुबह दुकानदार और ग्राहक में सब्जी को लेकर जमकर मारपीट हो गया।इस दौरान दुकानदार और चार ग्राहक गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों से अस्पताल में लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई।घायलों को परिजनों की मदद से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. गजेन्द्र कुमार ने बताया कि घायल दुकानदार की पहचान महसई मोहल्ला निवासी छोटेलाल साव के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है।दुकानदार के सिर में 9 टांके पड़े हैं और शरीर भी गर्म तेल से झुलसा हुआ है।वहीं उपरटंडा निवासी स्व. श्रवण कुमार के पुत्र राहुल कुमार,राजेश साव के पुत्र मोहित कुमार,नरेश प्रसाद के पुत्र छोटू कुमार एवं मौजी साव के पुत्र धर्मेन्द्र कुमार भी गर्म तेल के कारण झुलस गया है।

सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है।वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद घायल दुकानदार ने कहा कि वे अपनी दुकान में सुबह लिट्टी और दोपहर में समोसा बेचा करते हैं।मंगलवार की सुबह उपरटंडा के राहुल कुमार अपने दोस्त के साथ लिट्टी लेने आए।दुकान से 24 लिट्टी और सब्जी पैक करके देने के बाद और सब्जी मांगे,जिसे दिया गया।इसी दौरान और सब्जी मांगने पर दुकानदार ने मना कर दिया।इससे दुकानदार और ग्राहक के बीच नोंकझोंक होने लगा।ग्राहक ने अपने दोस्तों को कॉल करके बुलाया और दुकानदार के साथ मारपीट शुरू कर दी।दुकानदार ने कहा कि वह दुकान में अकेले था और उसके दुकान के आगे 25 से 30 लड़के झगड़ा कर रहे थे।इसी बीच मारपीट में दुकानदार का सिर फट गया और दुकान में रखे गर्म तेल की कढ़ाई से दुकानदार समेत चार लोग झुलस गए।वहीं घायलों से घटना के बारे में पूछताछ करने पर कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।मारपीट की सूचना पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार एसआई अरविंद पासवान और एएसआई अमित कुमार वर्मा के साथ अस्पताल पहुंचे।घायल दुकानदार और ग्राहकों से बातचीत किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुकानदार और ग्राहक के द्वारा अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। दोनों पक्षों से घायल लोगों को इलाज हेतु नवादा भेजा गया है।आवेदन मिलने पर पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई करेगी।

# महोत्सव में दिखी मतदाता जागरूकता अभियान की झांकी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर आज मिर्जापुर सूर्य मंदिर छठ घाट पर भास्कर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में पंचायत सीरीज के चर्चित कलाकार माधव यानी बुल्लू कुमार ने अपने संवाद शैली में उपस्थित श्रद्धालुओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बिहार से जो लोग बाहर रहते हैं और छठ पर्व पर अपने गांव आए हैं, वे तुरन्त वापस न जाएं, कुछ दिन रुकें और 11 नवम्बर को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। लोकतंत्र के इस पर्व में हर वोट की अहम भूमिका है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, युवा एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मतदान के इस प्रेरक संदेश की सराहना की और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# राहुल गांधी की अनुपस्थिति बन रहा मुद्दा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव अपने चरम पर है। चाय की दुकानों, गुमटियों हर जगह चुनाव को लेकर चर्चा चल रही है। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान सक्रिय रहने वाले राहुल गांधी की अनुपस्थिति बिहार चुनाव का एक अलग मुद्दा बन गया है।

राहुल गांधी पिछली बार 1 सितंबर को बिहार आए थे, जब उन्होंने पटना में अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' की समापन रैली को संबोधित किया था। उस दिन उन्होंने जोरदार भाषण देकर इस यात्रा को समाप्त किया था।

अब प्रश्न यह उठ रहा है कि बिहार चुनाव को लेकर लगातार पीएम मोदी पर तंज कसने वाले कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहा हैं?

बिहार चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राजद के तेजस्वी यादव और जनसुराज के प्रशांत किशोर तथा जदयू से सीएम नीतीश कुमार लगातार राज्य भर में जनसभाएं कर रहे हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** घाटशिला उपचुनाव को लेकर भाजपा ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घाटशिला के दामपाड़ा हाट मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर जोरदार हमला बोला। मरांडी ने कहा कि राज्य में पिछले छह वर्षों से इंडी ठगबंधन सत्ता पर काबिज है, जिसने झारखंड को लूट, भ्रष्टाचार और दलाली का गढ़ बना दिया है।

उन्होंने कहा कि यह निर्लज्ज ठगबंधन अब भी जनता से वोट मांगने की हिम्मत कर रहा है, जबकि राज्य में विकास नाम की चीज नहीं बची। अस्पतालों में दवाइयां नहीं, डॉक्टर नहीं, स्कूलों में शिक्षक नहीं, गरीबों की पेंशन तक बंद है। ह्लमइया सम्मान योजनाह्व की राशि भी रोहिंग्या और बांग्लादेशी लूट रहे हैं। गरीबों को घर बनाने के लिए बालू तक नहीं मिल रहा, जबकि दलालों और बिचौलियों के ट्रक पुलिस की सरपरस्ती में खुलेआम चल रहे हैं।

मरांडी ने कहा कि नौकरियां बिक रही हैं, परीक्षाएं रद्द हो रही हैं, युवाओं का भविष्य अंधेरे में है। आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है, बहन-बेटियां असुरक्षित हैं, और हेमंत सरकार अबुआ सरकारह्व का ढोंग कर रही है। भाजपा नेता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि घाटशिला और आसपास के इलाकों में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को हेमंत सरकार के संरक्षण में बसाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की जनसांख्यिकी बदल रही है।

मरांडी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जिसने आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों और पिछड़ों की सच्ची चिंता की है। अटल जी ने राज्य बनाकर झारखंड को पहचान दी और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार राज्य के विकास के लिए काम कर रही है।

# प्रेम विवाह करने पर समाज के लोगों ने सुनाया तालिबानी फरमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगन्नाथपुर।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिला में जगन्नाथपुर प्रखंड के गुमरिया पंचायत क्षेत्र के लखीपाई गांव में एक बार फिर समाज को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है।

यहां एक ही किली (गोत्र) के युवक-युवती ने ऑनलाइन जान-पहचान के बाद प्रेम प्रसंग में पड़कर विवाह कर लिया। दोनों ही लागुरी किली (गोत्र) के हैं। युवक का परिवार लखीपाई गांव का निवासी है, जबकि युवती का परिवार टोंटो प्रखंड के पदमपुर गांव से है। युवक मैट्रिक और युवती इंटर पास बताई गई है।

मामले को शुरू में दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन रविवार को यह घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मुंडा-मानकी, डाकुवा, दिऊरी तथा आदिवासी हो समाज युवा महासभा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में लखीपाई गांव में विशेष बैठक बुलाई गई। बैठक में इस विवाह को समाजिक रूप से अमान्य घोषित करते हुए इसे 'पाप की श्रेणी' में रखा गया।

बैठक में बताया गया कि युवक-युवती अब गांव और समाज के सदस्य नहीं माने जाएंगे। दोनों को सामाजिक बहिष्कार का दंड दिया गया। हालांकि विवाह के बाद से लड़का-लड़की गांव नहीं आए हैं। इसके अलावा आदिवासी हो समाज की परंपरा और रीति-रिवाज के अनुसार गांव का शुद्धिकरण करने का भी निर्णय लिया गया। इसके तहत मुर्गा-बकरी की बलि, पूजन सामग्री की अर्पण, तथा सिंहबोंगा और पूर्वजों से सामूहिक क्षमायाचना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दोनों परिवारों के अभिभावकों का मुंडन संस्कार भी समाजिक दंड के रूप में कराया गया। इस बैठक में उपस्थित आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बर सिंह हेम्ब्रम ने कहा कि बीते वर्षों में इसी तरह के चार-पांच मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि पहले समाज में ऐसी घटनाओं पर कठोर दंड, जैसे गांव से निष्कासन या जिंदा जलाने की ऐतिहासिक प्रथा दी जाती थी, लेकिन अब कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं आदिवासी समाज को कलंकित करती हैं, इसलिए हर परिवार को अपनी परंपरा और गोत्र नियमों का सम्मान करना चाहिए।

बैठक में मुण्डा जामदार लागुरी, इलाका मानकी रामचंद्र लागुरी, तुरली मानकी दीपक लागुरी, पदमपुर मुण्डा गुलिया लागुरी,आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा के जिला सचिव ओयबन हेम्ब्रम, अनुमंडल उपाध्यक्ष पुतकर लागुरी, पूर्व अनुमंडल सचिव सिकंदर तिरिया, जोटेया किशोर पिंगुवा, हरिश दोराईबुरू, घनश्याम गुईया,मोरा लागुरी, भगवान सिंह कुंटिया,सोहन सिंकू, साधुचरण लागुरी, राजकिशोर लागुरी,राजु लागुरी, कांडे गुईया, टुपरा सिंकू,मनोज गागराई,अंतु गुईया,संतोष दास,पंकज दास,मुन्ना गुईया,सोनाराम लागुरी,प्रदीप कुंटिया,हेबेन चातर,बकवा कुंटिया आदि काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जमीन की खातिर बेटे ने काटा पिता का सिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** जिले के कनरिया थाना क्षेत्र में 12 अक्तूबर को 65 वर्षीय किसान नारायण यादव की सिर काटकर हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है।

पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में इस्तेमाल किए गए चाकू, कचिया और कपड़े भी बरामद किए हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपी बेटे ने महज दो कट्ठा जमीन के लिए अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी।

सिमरी बख्तियारपुर के एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने सोमवार शाम प्रेस वार्ता कर बताया कि मृतक नारायण यादव की हत्या उसके बेटे पिंटू कुमार उर्फ मुकेश यादव ने की थी। आरोपी ने जमीन विवाद को लेकर अपने पिता की हत्या करने की बात स्वीकार की है।

पुलिस पूछताछ में पिंटू ने बताया कि वह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर है। उसका बड़ा भाई रंजीत कुमार की वर्ष 2012 में दिल्ली में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। रंजीत की मौत के बाद दिल्ली सरकार और अन्य स्त्रोतों से परिवार को 13 लाख रुपये मुआवजा राशि मिली थी। उस पैसे से पिता नारायण यादव ने 10 कट्ठा जमीन खरीद ली, लेकिन यह बात परिवार के बाकी सदस्यों से छिपाई गई।

रंजीत की मौत के बाद उसकी पत्नी की शादी पिंटू से कर दी गई थी। उसी दौरान पिता ने पिंटू से कहा था कि चिता को मुखाग्नि देने के बदले उसे दो कट्ठा अतिरिक्त जमीन दी जाएगी। हालांकि बाद में पिता ने बराबर हिस्से की बात कही, जिससे विवाद बढ़ गया।

इस जमीन विवाद को लेकर पिता और बेटे में अक्सर झगड़े होते रहते थे। 12 अक्तूबर की सुबह नारायण यादव घास काटने के लिए नदी किनारे गए थे। इसी दौरान पिंटू भी उनके पीछे-पीछे पहुंच गया। उसने पहले पिता को घास का बोझ उठाने में मदद की, फिर अचानक चाकू से गर्दन पर हमला कर दिया। जब पिता गिर पड़े, तो उसने उनका सिर काटकर अलग कर दिया और सिर को दूसरे स्थान पर छिपा दिया।

# मुस्लिम वोटरों पर सियासतदारों की नजर

## 50 से 70 सीटों पर कर सकता है खेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पहले चरण का चुनाव करीब आते ही मुस्लिम वोटरों को लेकर राजद और जदयू की दावेदारी अपने-अपने एंगल से है। इस क्रम में स्पष्टीकरण का मोड़ भी दिखता है। तेजस्वी यादव ने वक्फ कानून पर मुस्लिम समाज के वोटरों पर अपने को केंद्रित किया। कई जगहों पर उन्होंने यह कहा कि उनकी सरकार आई तो वह वक्फ कानून के जो संशोधन आए हैं उसे डस्टबिन में फेंक देंगे।

दूसरी ओर, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि जब वक्फ कानून बिल के रूप में आया था तब जदयू ने इस मसले पर संयुक्त संसदीय कमेटी के गठन का सुझाव दिया था। जदयू की सलाह पर संयुक्त संसदीय कमेटी का गठन भी किया गया। जब यह बिल पास हुआ तो जदयू के संशोधन को केंद्र में रख गया। कानून तो कानून है उसे कोई उसे डस्टबीन में कैसे फेंक सकता है। मुस्लिम समाज के वोटरों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी परामर्श दे रहे कि उनकी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के मुस्लिम समाज के लोगों को उनका पूरा हक दिया है। हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा। राजद का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने मुस्लिम समुदाय का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिए किया और उन्हें कोई हिस्सेदारी नहीं दी।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नीतीश कुमार इस बात को भी आगे कर रहे कि विधानसभा चुनाव के समय कुछ लोग फिर से अपने आप को मुस्लिम समुदाय का हितैषी बताने में जुट गए हैं। सिर्फ मुस्लिम वर्ग के लोगों का वोट हासिल करने के लिए तरह-तरह की लालच और हथकंडे अपनाए जा रहे।

नीतीश कुमार एडवाइजरी के अंदाज में मुस्लिम समाज को यह भी कह रहे कि उनकी सरकार ने उनके समाज के लिए काम किया है उसे याद रखिए और उसके आधार पर तय कीजिए कि वोट किसे देना है।

बता दें कि बिहार में मुस्लिमों की आबादी लगभग 17.7 प्रतिशत है। यह आबादी बिहार के 50 से 70 विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव में निर्णायक भूमिका है। सीमांचल के जिले मसलन किशनगंज, कटिहार, अररिया व पूर्णिया जिले में मुस्लिम वोटरों की संख्या 40 प्रतिशत तक है। किशनगंज में 68 प्रतिशत, कटिहार में 44, अररिया में 43 और पूर्णिया में 39 प्रचिशत मुस्लिम आबादी है। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में 19 मुस्लिम विधायक चुने गए जो कुल विधायकों का आठ प्रतिशत है।

## पीके का दो राज्यों के मतदाता सूची में नाम दर्ज

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर का नाम बिहार और पश्चिम बंगाल, दोनों राज्यों की मतदाता सूची में दर्ज पाया गया है। यह जानकारी एक चुनाव अधिकारी ने मंगलवार को दी। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में मैदान में है।

आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, किशोर का नाम पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के 121, कालीघाट रोड पते पर दर्ज है, जो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) मुख्यालय का पता है। यह वही सीट है, जहां से मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी चुनाव लड़ती हैं।

चुनाव अधिकारी ने बताया, उनका मतदान केंद्र बी रानीशंकारी लेन स्थित सेंट हेलेन स्कूल में दर्ज है। गौरतलब है कि 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान प्रशांत किशोर टीएमसी के लिए राजनीतिक सलाहकार के रूप में काम कर चुके हैं।अधिकारी ने आगे बताया कि बिहार में किशोर का नाम रोहतास जिले के सासाराम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत करगहर विधानसभा क्षेत्र में दर्ज है, जहां उनका मतदान केंद्र मध्य विद्यालय, कोनार है।

# आदिवासी कांग्रेस ने बनाया शिल्पी नेहा को बिहार चुनाव का ऑब्जर्वर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस ने झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को बिहार चुनाव का ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की जानकारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने पत्र जारी करके दी।

ऑब्जर्वर बनाए जाने के बाद शिल्पी नेहा तिर्की ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और डॉ. विक्रांत भूरिया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा दी गई यह जिम्मेदारी उनके लिए सौभाग्य की बात है। नेहा तिर्की ने यह भी कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में आदिवासी समाज का हर एक वोट महागठबंधन के पक्ष में जाए, इसके लिए वह चुनावी समर में अपनी पूरी ताकत झोंकेंगी।

उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस आलाकमान द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। मंत्री ने कहा कि इस बार बिहार में बदलाव की बयार बह रही है और कांग्रेस के सहयोग से गठबंधन सरकार बनने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव में जनता के संघर्ष और उनके सवालों का जवाब मौजूदा सरकार से मांगा जाएगा।

CMYK

# मणिचक धाम पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## श्रद्धा व उत्साह का रहा माहौल, चार दिवसीय छठ पर्व संपन्न

### सुरक्षा की थी पुख्ता व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ का उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर समापन हुआ. ऐसे में मसौढ़ी के सुप्रसिद्ध मणीचक धाम पर आस्था का जनसैलाब नजर आया। हजारों की संख्या में छठ व्रतियों ने मणिचक धाम पर छठ पूजा की। वहीं पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में 76 छठ घाट बनाए गए थे, जिसमें 28 छठ घाट को अति संवेदनशील घोषित किया गया था, जहां पर पुलिस प्रशासन की विशेष चौकसी देखी गई।घाटों पर हर जगह पर सीसीटीवी, वॉच टावर इसके अलावा तमाम चौक चौराहे पर पुलिस का पहरा दिखा। मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन तीनों प्रखंड में तकरीबन 76 घाटों पर छठ महापर्व संपन्न हुआ। मसौढ़ी मणिचक धाम पर अनुमंडल पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, महिला पुलिस बल और श्री विष्णु सूर्य मंदिर कमेटी के वालंटियर सुरक्षा के लिए तैनात रहे। तालाब के घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था भी की गई थी। एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि छठ पर्व शांति से संपन्न होने पर सभी मसौढ़ी वासियों को बधाई। मसौढ़ी का मणिचक सूर्य मंदिर छठ धाम कई मायनो में पौराणिक और ऐतिहासिक है। इस घाट को लेकर कहा जाता है कि संतान सुख की प्राप्ति और कुष्ठ निवारण को लेकर दूर-दूर से लोग इस धाम पर आते हैं और छठ व्रत करते हैं। श्री विष्णु सूर्य मंदिर तालाब घाट के सचिव नवल भारती, अध्यक्ष सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद, थानाध्यक्ष अनिल कुमार, रामाधार प्रसाद, के साथ कई पुलिस पदाधिकारी रहे। इसके अलावा श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में भी छठ पूजा को लेकर पर भी श्रद्धालुओं के भीड़ रही, वही नदवां घाट पर धनरूआ अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने भी छठ पर्व कर अमन चैंन शांति की कामना की मौके पर बीडीओ सीमा कुमारी, मुखिया शंकर कुमार सिंह शामिल रहे। वही छठ पर्व के दौरान मणीचक धाम पर महागठबंधन प्रत्याशी रेखा देवी, एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी, जनसुरज के प्रत्याशी राजेश्वर मांझी भी पहुंचकर छठ पर्व में शामिल हुए।



# आस्था और हर्षोल्लास के साथ चार दिवसीय छठ पूजा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही जहानाबाद में मंगलवार को सुबह छठ महापर्व का शांतिपूर्ण और भक्तिमय समापन हुआ। जिले के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया। पूरा माहौल भक्ति, आस्था और सामूहिकता से सराबोर रहा।छठ पर्व के अवसर पर नवनिर्माण संस्था के कार्यकर्ताओं ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्था के सदस्यों ने श्याम घाट सहित जिले के कई अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं के बीच चाय, नींबू शरबत और दवाओं का निःशुल्क वितरण किया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे वर्ष 2012 से लगातार इस सेवा कार्य को कर रहे हैं। उनका उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करना और समाज में सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना है। नवनिर्माण संस्था के सदस्य शाम के अर्घ्य के दौरान प्रसाद वितरण करते हैं, वहीं सुबह के अर्घ्य पर चाय और शरबत का वितरण करते हैं। संस्था के प्रतिनिधियों ने कहा कि हमारे लिए यह केवल सेवा नहीं, बल्कि आनंद और श्रद्धा का अवसर है। समाज की सेवा ही हमारे संगठन का मूल उद्देश्य है, और हम हर धार्मिक एवं सामाजिक अवसर पर यही प्रयास करते हैं कि जरूरतमंदों तक सहयोग पहुंच सके।इस दौरान श्रद्धालु भी संस्था की इस सेवा भावना से प्रभावित नजर आए। घाटों पर व्यवस्था और सहयोग को लेकर लोगों ने नवनिर्माण संस्था के प्रति आभार जताया।



# धनरूआ अंचलधिकारी ने की छठ पर्व कर अमन-चैन की कामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** लोक आस्था का महापर्व के चार दिवसीय अनुष्ठान में चौथे दिन उदयिमान भगवान सूर्य को अर्ध देकर चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हो गया। ऐसे में मसौढी अनुमंडल में कुल 76 छठ घाट पर शांति और उत्साह के साथ छठ पर्व का आयोजन संपन्न हुआ। ऐसे में धनरूआ प्रखंड की अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने भी धनरूआ स्थित नदवां घाट पर छठ पर्व किया और छठ पर्व के दौरान पूरे बिहार में अमन चैन सुख शांति की कामना की। अंचलधिकारी श्वेता कुमारी ने कहा कि 6 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है जिसके तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में छठ पर्व करते हुए अपने परिवार के अलावा मसौढ़ी विधानसभा में होने वाले चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न होने की भी कामना की है। इस मौके पर धनरूआ प्रखंड की बीडीओ सीमा कुमारी और नदवां पंचायत के मुखिया शंकर कुमार सिंह भी शामिल रहे। अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि इस बार हमारे पूरे परिवार धनरूआ ही आए हुए हैं और चुनाव ड्यूटी के दौरान घर जाने को मौका नहीं मिला यहीं पर छठ पर्व कर पूरे धनरूआ वासी और मसौढ़ी के लिए सुख शांति की अपील की हैं।

# बिहार में विकास की चौगुनी होगी रफ्तार, फिर से बनेंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार : एमएलसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जदयू एमएलसी संजय सिंह ने एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी के पक्ष में मंगलवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि बिहार में एक बार फिर से भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को जदयू एमएलसी संजय सिंह ने सरवां गांव से जनसंपर्क अभियान शुरू करते हुए धनरूआ के बौरही, गोविंदपुर कोसूत, रेपुरा समेत कई गांव में जनसंपर्क किया। इस दौरान कई गांव में आहूत सभा में कहां की हम लोगों ने संकल्प लिया है 2025 में 225 फिर से नीतीश, मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार एक बार फिर से बिहार में मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। वहीं पिछले 20 सालों में किए गए कई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया और कहा आज कोई भी गांव में चले जाइए जहां बिजली पानी सड़क की व्यवस्था मुकम्मल कर दी गई है। महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सम्मान रोजगार योजना की शुरुआत की गई है, जिससे महिलाएं रोजगार कर रही है। अब हर गांव में बेटियों की शादी करने के लिए विवाह भवन बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार चूकियेगा नहीं, नहीं तो 2005 के पहले वाला बिहार की दशा को याद किजिए, ऐसा ना हो कि जंगल राज पार्ट टू आ जाए एक बार फिर से रंगदारी फिरौती कट्टा पर बिहार चलने लगेगा। वही मौके पर एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी ने लोगों को कहा कि हमने 2010 में भी आप सबों के बिच सेवा किया था, एक बार फिर से हमें मौका दीजिए हम बेटा और भाई बनाकर आपको सेवा करेंगे मौके पर कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पंकज कुमार सिंह ने किया, एवं कार्यक्रम में सतीश कुमार, राजू कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

# सामाजिक न्याय के नाम पर लालू-नीतीश ने जनता को लूटने का किया काम : राजेश्वर मांझी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जनसुरज पार्टी के मसौढी विधानसभा के प्रत्याशी राजेश्वर मांझी लगातार धुआंधार प्रचार अभियान में जुटे हैं और खासकर महादलित टोलों में जाकर महादलित वोटरों से बदलाव को लेकर वोट की अपील कर रहे हैं उन्होंने कहा कि लालू और नीतीश की सरकारों ने 35 सालों तक बिहार में राज किया और बिहार को बर्बाद कर दिया है। सामाजिक न्याय के नाम पर बिहार की जनता को लूटने का काम किया है। समतामूलक समाज के सपने को साकार करने की बात करते हुए कहा कि उनके अनुआयिओं के राज में बिहार के 60 प्रतिशत परिवार भूमि हीन हैं। भूमिहीनों को जमीन, सबको समान शिक्षा और रोजगार के लिए पूंजी की उपलब्धता से ही समतामूलक समाज का निर्माण हो सकता है। अभी सिर्फ 8 जातियों के पास दो तिहाई जमीन है। बिहार में 100 में



से 60 भूमिहीन हैं। अभी जिनके पास जमीन है, उन्हें भी इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है, क्योंकि एग, उक्त सर्वे के नाम पर उन्हें लूट रहे हैं। सभी सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार फैला हुआ है बिना पैसा लिए हुए किसी भी कार्यालय में कोई काम नहीं हो रहा है बाहर हल छठ पर्व को लेकर राजेश्वर मांझी ने मसौढी के मणिचक धाम, धनरूआ के बरनी छठ धाम नदवां घाट पर जाकर छठ पर्व में शामिल हुए।

# मसौढ़ी में घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने में जुटे बीएलओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पहले चरण में 6 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान को लेकर निर्वाचन से संबंधित मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इसी क्रम में मसौढी और धनरूआ प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के बूथों पर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य जोर-शोर से शुरू हो गया है। बीएलओ लगातार अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं को पर्ची उपलब्ध करा रहे हैं। ताकि प्रत्येक मतदाता को मतदान केंद्र, क्रम संख्या और मतदान तिथि की सटीक जानकारी मिल सके। प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथों पर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य तेजी से चल रहा है। बीएलओ को संबंधित पर्यवेक्षकों की देखरेख में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिन मतदाताओं को अभी तक पर्ची नहीं मिली है, उन्हें शीघ्र ही उपलब्ध करा दी जाएगी। मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार, एवं धनरूआ बीडीओ सीमा कुमारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। प्रत्येक बूथ स्तर पर निगरानी टीम तैनात है। वही मसौढ़ी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार यह अभियान 20 अक्टूबर से शुरू हो चुका है, जिसे मतदान की तिथि से पांच दिन पहले तक पूरा कर लिया जाएगा. जिले में कुल 443 बीएलओ तैनात किए गए हैं, जिन्हें 3,26,604 मतदाताओं तक यह पर्ची पहुंचानी है. इस हिसाब से प्रत्येक बीएलओ को मतदाता पर्चियां 15 दिनों के अंदर वितरित करनी होंगी. बीएलओ के रूप में शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका तथा अन्य सरकारी कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, फिलहाल 50% मतदाता पर्ची का वितरण हो चुका है।

**तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन : मखदुमपुर (जहानाबाद)। (नवबिहार टाइम्स संवादाता)।** जहानाबाद जिले के नगर पंचायत के प्लेया गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप ग्रामीणों के द्वारा तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपना तैराकी का जलवा दिखाया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गोसाई मठ निवासी प्रिंस कुमार, द्वितीय तुलसीपुर निवासी राजा कुमार एवं तृतीय तुलसीपुर गांव निवासी रवि कुमार को चुना गया।

# मखदुमपुर में स्व सुशांत यादव दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मंगलवार की शाम जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार स्थित काली मंदिर के समीप स्वर्गीय सुशांत सिंह यादव के स्मृति में भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में पुष्पांजलि कुमारी प्रथम वही काजल कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं जिन्हें क्रमशः विजेता और उपविजेता घोषित किए गए। वहीं पुरुष वर्ग में छक्कन बिगहा निवासी प्रेम पहलवान को प्रथम पुरस्कार दिल्ली से आए अनुज पहलवान द्वितीय एवं सरेंन निवासी पवन पहलवान तृतीय स्थान पर रहे। वही दंगल देखने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे थे। पूरा काली मंदिर का इलाका लोगों की भीड़ से भरा हुआ था। कार्यक्रम के आयोजक सुमन यादव ने बताया कि अपने बड़े भाई एवं काली मंदिर के संस्थापक सदस्य रहे सुशांत सिंह यादव के स्मृति में हर वर्ष दंगल आयोजित कराते आए हैं। कार्यक्रम में विजय साव, अनिल पासवान, जय नंदन प्रसाद, मुखिया अजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि ललन यादव, कमल नयन आदि थे।


**Format C-1**

-
Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : RAJESHWAR MANJHI, Jat Dumrai, Dumri, Patna, 804453
Name of political party : JAN SURAAJ PARTY
*(Independent candidates should write "Independent" here)*
Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar -2025
Name of Constituency : 189-MASURHI (SC)
I Rajeshwar Manjhi, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | A.C.J.M (I) – MP,MLA Court Patna | Case No. 133/2020 | Pending | Section- 147, 148, 149, 188, 186, 341, 342, 323, 504, 506 of IPC (Rioting, rioting with weapon, unlawful assembly, disobedience to public order, obstructing public servant, wrongful restraint, wrongful confinement, hurt, insult, and criminal intimidation) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | NIL | NIL | NIL |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: Md. Ishaque Alam, Tabarak Nagar Ward No 05, Loharpatti Road Post+Thana+District-Kishanganj (Bihar) Pin-855108
Name of political party : JAN SURAAJ PARTY
*(Independent candidates should write "Independent" here)*
Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025
Name of Constituency : 54-KISHANGANJ
I **Md. Ishaque Alam** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | CJM,Kishangganj | PS Case no 257/2010, Kishanganj | Pending | Sec 188 IPC (Disobedience to an order duly promulgated by a public servant.) |
| 2. | JM 1st Class,Kishanganj | PS Case no 13/2019, Paukhali | Pending | Sec-171(C) IPC and 3 public Defacement of Property act (Undue influence or interference in elections, and defacement or damage to public property.) |
| 3. | JM 1st Class,Kishanganj | Ps Case no 12/19, Paukhali | Pending | Sec-171(C) IPC and 3 public Defacement of Property act (Undue influence or interference in elections, and defacement or damage to public property.) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | N.A | N.A | N.A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पण के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** उत्तर वाहिनी गंगातट पर उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ अर्पण को लेकर उमडा श्रद्धालुओं का सैलाब।नगर प्रशासन द्वारा गंगातट सुरक्षा संरक्षा व व्रतियों की सुविधा को ले हर संभव कदम उठाये गये।

भगवान भास्कर को दण्डप्रणाम करते जाने वाले व्रतियों के लिए सडक पर नगर प्रशासन की ओर से बिछाया गया कालीन राहत पहुंचाने वाला साबित हुआ। कठोर,नियम संयम,अनुशासन के चार दिनों तक किया जाने वाला षष्ठी व्रत मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ अर्पण के साथ सम्पन्न हो गया. नगर प्रशासन की ओर से श्री गंगा जी के तट पर व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुविधा सेवा को लेकर हर संभव कदम उठाये गये। गंगातट को नियनाभिराम रूप से सजाया गया था। पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी। इस पुण्यफलदायी मौके पर पूर्णियां प्रक्षेत्र के डीआईजी सपत्नीक भगवान भास्कर को अर्घ अर्पण को मौजूद थे। नगर आयुक्त कटिहार संतोष कुमार सपरिवार, नगर आयुक्त पूर्णियां सहित अन्य पदाधिकारी भी छठ व्रत को लेकर मनिहारी पावन गंगातट पर मौजूद रहे। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद लाखो यादव अपने अन्य सहयोगी पार्षदों के साथ विभिन्न छठघाटों पर श्रद्धालुओं की सेवा व तैयारी का जायजा लेते देखे गये।



छठव्रतियों ने भगवान भास्कर की आराधना कर मांगी मंगलकामना

**बरारी /कटिहार।** सामाजिक सौहार्द, सद्भाव, शांति, समृद्धि और सादगी का प्रतीक लोक आस्था का महापर्व छठ बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। प्रखंड क्षेत्र के काढ़ागोला गंगा घाट, बरंडी नदी घाट सहित विभिन्न कृत्रिम छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। बच्चे, युवा, वृद्ध और महिलाएं सभी भगवान भास्कर के दर्शन को लेकर उत्साह और ऊर्जा से ओतप्रोत दिखे।घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। फूलों की मनमोहक सजावट और दीपों की झिलमिल रोशनी से पूरा वातावरण आध्यात्मिक आभा से आलोकित हो उठा। सूर्य की किरणें जब जल की सतह पर पड़ीं तो प्रतिबिंब का दृश्य मन को प्रफुल्लित कर गया।

इस दौरान महिलाएं छठव्रतियों को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त कर रही थीं तथा पारंपरिक श्रद्धा के साथ सिंदूर से मांग भरकर मंगल की कामना कर रही थीं। हर ओर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## मतदाता जागरुकता को लेकर भास्कर महोत्सव 2025 का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** लोक आस्था के महा पर्व छठ के मौके पर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ अर्पण को लेकर मनिहारी गंगातट पर श्रद्धालुओं भक्तों का जन सैलाब उमडा ।

बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग के तत्वावधान में लोक तंत्र के महा पर्व मतदान को लेक मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भास्कर महोत्सव 2025का आयोजन किया गया।भास्कर महोत्सव का उद्घाटन जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने संवोधन में श्री मीना ने भास्कर महोत्सव 2025 आयोजन के उद्देश्य बताये. कहा कि भास्कर महोत्सव का उद्देश्य लोक संस्कृति को बढावा देना है। मतदाता जागरुकता को लेकर एक मंच है। इस महोत्सव के माध्यम से लोगों को लोक आस्था के महापर्व छठ की तरह ही लोकतंत्र के महापर्व मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है. उन्होने आमजन से अपील की की जिस तरह कठोर नियम, संयम, आपसी सहयोग, समन्वय के साथ पर्व मनाते हैं उसी तरह लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की।

## छठव्रतियों ने भगवान भास्कर की आराधना कर मांगी मंगलकामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** सामाजिक सौहार्द, सद्भाव, शांति, समृद्धि और सादगी का प्रतीक लोक आस्था का महापर्व छठ बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। प्रखंड क्षेत्र के काढ़ागोला गंगा घाट, बरंडी नदी घाट सहित विभिन्न कृत्रिम छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। बच्चे, युवा, वृद्ध और महिलाएं सभी भगवान भास्कर के दर्शन को लेकर उत्साह और ऊर्जा से ओतप्रोत दिखे।घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। फूलों की मनमोहक सजावट और दीपों की झिलमिल रोशनी से पूरा वातावरण आध्यात्मिक आभा से आलोकित हो उठा। सूर्य की किरणें जब जल की सतह पर पड़ीं तो प्रतिबिंब का दृश्य मन को प्रफुल्लित कर गया। इस दौरान महिलाएं छठव्रतियों को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त कर रही थीं तथा पारंपरिक श्रद्धा के साथ सिंदूर से मांग भरकर मंगल की कामना कर रही थीं। हर ओर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## भगवान भास्कर को अर्घ्य देते प्रसिद्ध समाजसेवी सुनील कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** छठ महापर्व के पावन अवसर पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देते प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगर टोली सिथित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे, उनकी पत्नी समाजसेवी उषा दूबे एवं पुत्र डॉ. साजन दूबे। इस अवसर पर पूजा दूबे, अमर प्रकाश तिवारी, शालू, सुनील दूबे, अलायना तिवारी, सागर दूबे, राजा दूबे, साहिल दूबे, रिंकी दूबे, काजू सिंह, अंजन, रोहित, लाल बाबू पासवान, संजीव कुमार समेत परिवार के अन्य सदस्य एवं यीष्ठ मित्र मौजूद थे।



## आरबीवीपी 2025 में यश गौतम का हुआ चयन

### जिले में हर्ष का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी की ओर से आयोजित 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी आरसीबीपी - 2025 में जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवनीत नगर निवासी यश गौतम का चयन हुआ है । इसके चयन से परिवार सहित सगे संबंधियों में हर्ष का माहौल है।

संपूर्ण बिहार से मात्र 4 बच्चो का ही चयन इसमें हुआ है। जिसमे से एक इनका भी नाम शामिल है। वह इस तरह के प्रदर्शनी मे शामिल होने वाले जिले के पहले छात्र है । यह प्रतिष्ठित प्रदर्शनी छात्रों को वैज्ञानिक नवाचारों और मॉडलों को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। यश के पिता संजय झा ने बताया कि शुरू से ही यश को नई चीजों की खोज तथा किसी भी चीज को बारीकी से जानने की चाह रहती थी और यही गुण के कारण आज वह इतनी बड़ी प्रदर्शनी में चयनित हुआ है । उनके चयन होने से लगातार फोन, मैसेज व मिलकर बधाई देने का सिलसिला जारी है । परिवार में भी खुशी चरम पर है।?एनसीईआरटी के द्वारा इस वर्ष यह प्रदर्शनी 18-23 नवम्बर 2025 तक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान आरआईई, श्यामलारे हिलसा, भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित की जाएगी।



## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर चारदिवसीय छठ पर्व का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को उषाकाल में उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हीं चारदिवसीय लोक आस्था के महती पर्व छठ का समापन हो गया।इस दौरान जहां व्रतियों का कठिन तप सफल हुआ,वहीं श्रद्धालु भी सहयोग कर पुण्य के भागी रहे।चार दिनों से क्षेत्र के कोने-कोने में बज रहा छठ गीत बजना बंद हो गया है। तो व्रती के घर प्रसाद खाने वालों का जमावड़ा है।

नहाय खाय से शुरू होकर प्रातःकालीन अर्घ्य देने तक व्रती एवं उनके परिवारजन सात्विक भाव से सभी काम करते हैं।पर्व को लेकर घाटों को केला गाछ,रंगीन कागज तथा बिजली के बल्बों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिक भीड़-भाड़ वाले घाटों पर प्रशासन की ओर से तैराक, पुलिस बलों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।वहीं रविवार से हीं क्षेत्र में सेना के जवान घूमते रहे। पर्व को लेकर सौरिया पोखर,कमल नदी, बौरनी,काली कुंडली, तिलास, भेलाई, द्वाशय, कंदरपेली, चतरा, इटावा घाट, दरगाह पोखर,रेलवे पोखर, रतनपुरा, बहेलिया, गोरफर,कसमाधार, नवादा, सिंघिया, मखना,खाना पोखर, भंगिया, पहाड़पुर, दर्शन घाट, पड़रिया आदि घाटों पर सुबह और शाम छठ पर्व को लेकर मेला का नजारा बना रहा।सबसे अधिक भीड़ पहाड़पुर घाट और दरगाह पोखर पर देखा गया।व्रती अपने मन्नत के अनुसार ढोल-ढाक, बाजा, कीर्तन के साथ सूप में बांस या पीतल के सूप में नारियल, केला, नारंगी, सेव, पकवान, सुथनी, अदरक, सिंघारा,धूप-दीप आदि लेकर घाट पर गये और घंटो पानी में खड़ा रहकर डूबते और उगते सूर्य को दूध,गंगाजल से अर्घ्य देकर अपने परिवारजनों तथा सगे संबंधियों के उत्तम स्वास्थ्य, धन-धान्य, सुख की कामना की।इस पर्व की खासियत हीं कहा जाय कि लौकिक तरीके के पूजन में अधिकतर प्राकृतिक वस्तुओं को हीं शामिल किया गया।वहीं घाटों पर पुराणों के श्लोकों का उच्चारण भी करते देखने को मिला। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने घाटों की व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई।पहाड़पुर घाट पर रविवार की रात को आयोजित जागरण से व्रतियों एवं श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन हुआ।



**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 112-Maharajganj | Sunil Ray | 1.A.C.J.M Siwan, Case no.71/08 & Pending 2.A.D.J, Siwan, Case no. 265/2020 & Pending | 1.Section 341,323,379, 384/34 IPC 2.Section 302,120(B),34 IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 97-Paroo | Ranjana Kumari | JMFC, Muzaffarpur , Cr.no 3393/2024, & Pending | Sec316(2), 318(2), BNS | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 106-Ziradei | Munna Pandey | A.C.J.M VIII,Siwan , Tr.no.1699/2024, Siwan & Pending | Sec 420 IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 105-Siwan | Intekhab Ahmed | CJM, Siwan, PS Case no 287/17, Siwan & Pending | Sec 302 IPC | NA | NA | NA |

# छठ घाटों पर लगाए गए जागरूकता से संबंधित बैनर- पोस्टर

**औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता।** मतदाता जागरूकता अभियान को सशक्त बनाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों के छठ घाटों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर एवं पोस्टर लगाए गए। इस पहल का उद्देश्य छठ पूजा जैसे जन-संपर्क के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराना और आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है। बैनर-पोस्टरों के माध्यम से संदेश दिया गया "लोकतंत्र की असली ताकत – मतदाता के वोट में निहित है। "पहले मतदान, फिर जल अर्पण। "सक्रिय मतदाता, सशक्त लोकतंत्र।" जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में छठ पर्व के अवसर पर यह अभियान लोगों तक लोकतांत्रिक जागरूकता का संदेश पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि यह पहल मतदाता सहभागिता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि की उम्मीद है।

**फार्मेट सी-1**

**(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **अनंत कुमार सिंह**

राजनैतिक दल का नाम : **जनता दल यूनाइटेड**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **178, मोकामा विधानसभा**

मैं **अनंत कुमार सिंह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूंः

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं)एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सब जज सह एसीजेएम 1 पटना सह स्पेशल जज एमपी/एमएलए सचिवालय पटना | सचिवालय थाना कांड संख्या- 205/19 | बिचाराधीन | 212 आईपीसी आपराधियों को संरक्षण देना । |
| 2. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम, स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट पटना | पंडारक थाना कांड संख्या- 75/19 | बिचाराधीन | 341, 323, 504, 212, 216, 115, 506, 120बी आईपीसी एवं सेक्शन 25(1-बी)ए, 26, 35, आर्म्स एक्स। आपराधिक षडयंत्र करना, गाली-गलौज, धमकी देना, अपराधियों को संरक्षण देना एवं अवैध हथियारों की रिकवरी। |
| 3. | जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धरहरा, मुंगेर | धरहरा थाना कांड संख्या- 84/19 | बिचाराधीन | 188, 171 आईपीसी सरकारी अधिकारी के आदेश की अवहेलना |
| 4. | स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए सिविल कोर्ट पटना | पीरबहोर थाना कांड संख्या- 258/16 | बिचाराधीन | 384, 504, 506 आईपीसी, उत्पीड़न, गाली-गलौज एवं जान मारने की धमकी देना। |
| 5. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम (स्पेशल) जज सिविल कोर्ट, पटना | बिहटा थाना कांड संख्या- 859/14 | बिचाराधीन | 364, 379/34 आईपीसी अपहरण एवं चोरी। |
| 6. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए सिविल कोर्ट, पटना | श्रीकृष्णापुरी थाना कांड संख्या- 301/14 | बिचाराधीन | 448, 386, 506, 34 आईपीसी घर पर अतिक्रमण एवं जान से मारने की धमकी। |
| 7. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट द्वितीय, लखीसराय | हलसी थाना कांड संख्या- 52/14 | बिचाराधीन | 188, 171 (एफ) आईपीसी मॉडल कोड ऑफ कन्डक्ट का उलंघन |
| 8. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए सिविल कोर्ट, पटना | श्रीकृष्णापुरी थाना कांड संख्या- 404/13 | बिचाराधीन | 386, 387, 504, 120 (बी), 506, 34 आईपीसी आपराधिक षडयंत्र के तहत जान मारने की धमकी। |
| 9. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए सिविल कोर्ट, पटना | श्रीकृष्णापुरी थाना कांड संख्या- 260/13 | बिचाराधीन | 147, 427, 447, 504, 506 आईपीसी जान मारने की धमकी देना एवं अवैध जमावड़े के बाद घर को नुकसान पहुंचाना। |
| 10. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम स्पेशल कोर्ट | सचिवालय थाना कांड संख्या- 101/07 | बिचाराधीन | 147, 149, 342, 307, 427, 323 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट की धारा 27 गैर कानूनी जमावड़ा करने के पश्चात गाली-गलौज एवं मारपीट के साथ जान मारने का प्रयास एवं हथियारों का अनुचित उपयोग। |
| 11. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 226/92 | बिचाराधीन | 452, 364, 34 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट की धारा 27 जान मारने के आशय से मकान में प्रवेश एवं अपहरण तथा हथियारों का अनुचित उपयोग। |
| 12. | श्री पंकज कुमार, जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बाढ़ | सकसोहरा थाना कांड संख्या- 05/92 | बिचाराधीन | 147, 149,342,452,307,302 आईपीसी एवं की धारा 27 । घर में घूसकर हरबे हथियार द्वारा जान मारना। |
| 13. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 370/89 | बिचाराधीन | 399, 402, 307, 353, आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट की धारा 27 । डकैती करने के आशय से अवैध जमाबड़ा करना एवं सरकारी कार्य के निष्पादन में बाधा डालना एवं जान मारने के आशय से हथियारों का अनुचित उपयोग करना। |
| 14. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 343/89 | बिचाराधीन | 216 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25ए, 26, 29, 30, 35 । अपराधियों को संरक्षण एवं अवैध हथियारों के साथ पकड़ा जाना। |
| 15. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 151/86 | बिचाराधीन | 399, 402 आईपीसी डकैती करने के लिए जमा होना। |
| 16. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 33/79 | बिचाराधीन | 379, 34 आईपीसी सामान्य आशय से चोरी। |
| 17. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- /1979 | बिचाराधीन | 302, 34 आईपीसी सामान्य आशय के साथ हत्या। |
| 18. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम पटना सह स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट | कोतवाली थाना कांड संख्या- 23/16 | बिचाराधीन | यू/एस 147, 427, 452, 380, 387, 120 बी आपराधिक अतिक्रमण, चोरी एवं षडयंत्र। |
| 19. | अतिरिक्त मुख्य जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम पटना सह स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट | बेउर थाना कांड संख्या- 475/23 | बिचाराधीन | यू/एस 307,323, 341, आईपीसी जान मारने का प्रयास, हमला इत्यादि। |
| 20. | ए डी जे तृतीय पटना सह स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट | पचमहला थाना कांड संख्या- 4/23 | बिचाराधीन | यू/एस 191 (2), 191 (3), 190, 223 (जी), 132, 109 (ओ), 352, 351 (2), बीएनएसएस 2023 हमला, दंगा, उकसाना, अपमानित करना आपराधीक धमकी देना। |
| 21. | ए डी जे तृतीय पटना सह स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट | पचमहला थाना कांड संख्या- 5/25 | बिचाराधीन | यू/एस 109 (1), 352, 315 बीएनएसएस, आम्स एक्स धारा 27 । उकसाना, अपमानित करना, शांति भंग करना जान मारने का प्रयास करना एवं हथियारों का उपयोग। |
| 22. | ए डी जे तृतीय पटना सह स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट | साईबर थाना कांड संख्या- 1794/25 | बिचाराधीन | 61(2), बीएनएसएस 2023 का 352 एवं आईटी एक्ट का 66 । आपराधिक षडयंत्र एवं शांति भंग करने के लिए उकसाना। |
| 23. | ए सी जे एम 1 बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 33/79 | बिचाराधीन | धारा 379/34 आईपीसी चोरी। |
| 24. | ए सी जे एम 1 बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 150/79 | बिचाराधीन | धारा 302/34 आईपीसी मर्डर। |
| 25. | ए सी जे एम 1 बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 151/86 | बिचाराधीन | यू/एस 399/402 आईपीसी डकैती की तैयारी इत्यादि। |
| 26. | ए सी जे एम 1 बाढ़ | सकसोहरा थाना कांड संख्या- 60/95 | बिचाराधीन | यू/एस 307, 302 आईपीसी मर्डर इत्यादि। |
| 27. | ए सी जे एम 1 बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 151/86 | बिचाराधीन | यू/एस 399, 402 डकैती की तैयारी। |
| 28. | ए सी जे एम 1 बाढ़ | बाढ़ थाना कांड संख्या- 370/89 | बिचाराधीन | यू/एस 363, 399, 402, 307 आईपीसी एवं आर्म्स एक्स की धारा 27 । जान मारने का प्रयास एवं अपहरण इत्यादि। |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sl No.** | **Name of Constituency** | **Name of Candidate** | **(A) Pending Criminal Cases** | | **(B) Details about cases of conviction for criminal offences** | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1. | 27 बाजपट्टी | **मुकेश कुमार यादव** | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम सह - (MP, MLA), सीतामढ़ी, रूनीसैदपुर थाना काण्ड सं. 483/2020 | धारा-188, 229, 270, 271/34 भा.द.वि., बिना अनुमति प्रचार नारेवाजी/कोविड 19 के विपरित आचार संहिता का उलंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 27 बाजपट्टी | **मुकेश कुमार यादव** | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पुपरी (सीतामढ़ी), नानपुर थाना काण्ड सं. 217/2024 | धारा - 341, 504, 506, 171 (C) I.P.C, गलत तरीके से रोककर शांति भंग करना, धमकि अनुचित प्रयास। | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **अशोक कुमार सिंह (ग्राम- गोड़सरा, डाक+थाना- रामगढ़, जिला- कैमूर )**

राजनैतिक दल का नाम : **भारतीय जनता पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **203, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र**

मैं **अशोक कुमार सिंह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूंः

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
